✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 278 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 8 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना के बख्तियारपुर में गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में विभिन्न निर्माणाधीन विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

# निर्माणाधीन योजनाओं को तेजी से करें पूरा : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कालेज के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निर्माणाधीन 2 लेन आरओबी का निर्माण कार्य इस महीने पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनएच-30 एवं एसएच-106 को जोड़ने वाले इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। इस योजना के पूर्ण होने से पटना-बख्तियारपुर पुराना पथ (एसएच-106) तथा पटना-बख्तियारपुर नया फोर लेन (एनएच-30) आपस में जुड़ जायेंगे, जिससे दोनों तरफ के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और समय की बचत होगी। बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कालेज की कनेक्टिविटी



बेहतर होगी तथा यातायात सुगम होगा। उन्होंने कहा कि बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को पुराने एवं नये दोनों पथों से सीधी सम्पर्कता हो जायेगी जिससे छात्रों एवं शिक्षकों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बख्तियारपुर के नये भवन के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। यह भवन पांच मंजिला बनाया गया है, जिसमें 45 वर्ग कक्ष हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि छात्रों के पठन-पाठन में सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पुराने भवन का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम बचपन में इसी स्कूल में पढ़ते थे। हमारी पुरानी यादें इससे जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने इसी स्कूल परिसर के पास स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. डुमर सिंह की प्रतिमा स्थल के पास बनाये जा रहे पार्क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर निर्माणाधीन बख्तियारपुर (करजान)-ताजपुर (समस्तीपुर) फोर लेन पुल एवं पहुंच पथ का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अथमलगोला प्रखण्ड के करजान (बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन बाईपास) से कल्याणपुर होते हुए गंगा नदी के तट तक जाकर निर्माणाधीन बख्तियापुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द पूर्ण करें। यह पुल उत्तर और दक्षिण बिहार की कनेक्टिविटी को सुगम बनाने एवं आमजन के आवागमन को सहज करने में अहम साबित होगा। इस पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु एवं राजेंद्र सेतु पर यातायात का दवाब भी कम होगा तथा लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इसके माध्यम से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक तथा प्रमुख चिकित्सा संस्थानों तक जाने में समय की बचत होगी। यह पुल समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय की ओर से आवागमन करनेवाले वाहनों का एक वैकल्पिक मार्ग होगा।

# बिहार के पांच जिलों में बनेगा नया थाना, 46.34 करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बेगूसराय में पुलिस अधीक्षक के नये कार्यालय और बिहार के पांच जिलों में नये थाना भवन का निर्माण होगा। इसके लिए 46.34 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। पूर्वी चंपारण, अररिया, सारण और किशनगंज में जी+3 थाना भवन का निर्माण किया जाएगा जिसमें फर्नीचर, पुलिस बैरक, आवास और अन्य आधारभूत सुविधाएं रहेगी। बिहार के गृह मंत्री व डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इस बात की जानकारी दी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पूर्वी चंपारण, अररिया, सारण, बेगूसराय और किशनगंज में थाना भवन और आधारभूत संरचना निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना पर छियालीस करोड़ चौत्तीस लाख सात हजार सात सौ रुपये खर्च किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा इन जिलों के थानों में नए भवन और आवश्यक सुविधाओं के निर्माण के लिए प्रस्ताव दिया गया था। इन प्रस्तावों के आधार पर पांच नई योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इन योजनाओं के तहत आधुनिक थाना भवन, पुलिस कर्मियों के लिए आवास, आउट हाउस, फर्नीचर और अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा ताकि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिल सके और जनता को त्वरित पुलिस सेवा उपलब्ध हो सके। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए सरकार लगातार आधारभूत संरचना के विकास पर काम कर रही है। इसी क्रम में बिहार के पांच विभिन्न जिलों में थाना भवन, आउट हाउस, एलएनएफ आवास, कार्यालय भवन और अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से जुड़ी योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पुलिस व्यवस्था को बेहतर संसाधन मिलेंगे और आम लोगों को भी बेहतर सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वतखोरी मामले में दारोगा बर्खास्त

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** तिरहुत प्रक्षेत्र के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने मुजफ्फरपुर पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। डीआईजी ने भ्रष्टाचार के आरोपी पुलिस अवर निरीक्षक सुमनजी झा को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई विभाग की छवि सुधारने और अनुशासनहीनता को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से की गई है।

### कार-बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत


**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथ 327ई पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खैखाट के पास तेज रफ्तार होंडा कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे मो. शादाब, मो. नजीर और शाह आलम की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई और उन्होंने बहादुरगंज थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

### बीडीओ के कई ठिकानों पर निगरानी विभाग का छापा

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** निगरानी विभाग की टीम ने आय से अधिक संपत्ति मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सुरसंड प्रखंड के बीडीओ कृष्णा राम के दफ्तर, पैतृक गांव, किराए के मकान समेत पांच ठिकानों पर रेड की। निगरानी विभाग की टीम बीडीओ के पैतृक गांव पहुंची तो ताला बंद था। फिर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में ताला तोड़कर घर में घुसी। वहीं, शहर के राजा बाजार स्थित किराए के मकान में एक टीम पहुंची जहां पत्नी की मौजदूगी में तलाशी की।

# राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिले सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को अचानक राजभवन पहुंच गए। उन्होंने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। उनसे बातचीत की। 13 मिनट बाद सीएम नीतीश कुमार राजभवन से निकल गए। बताया जा रहा है कि राजभवन से राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान विदाई लेने जा रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार विदाई प्रोटोकॉल के तरह उनसे मिलने गए थे। राज्यपाल ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा से नई पारी की शुरुआत करने पर बधाई दी। सीएम नीतीश कुमार भी उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी। इधर राजभवन से लौटते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और राज्यसभा उम्मीवार उपेंद्र कुशवाहा सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने सीएम को शुभकामना दी। दोनों नेताओं के बीत बातचीत हुई। इसी बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी सीएम हाउस पहुंचे। उन्होंने निशांत कुमार से विधायकों की मीटिंग की बातचीत की जानकारी सीएम को दी।

### पेड़ से लटकता मिला किशोर-किशोरी का शव

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिकटा में एक बेहद मार्मिक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सिकटा थाना क्षेत्र में एक बगीचे में पेड़ से 15 साल के लड़के और 14 साल की लड़की का शव लटकता मिला। शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरे गांव में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही सिकटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार देर रात्रि दोनों अपने-अपने घरों में खाना खाकर सो गए थे लेकिन शनिवार सुबह जब परिवार के लोग सेहरी के लिए जागे तो दोनों अपने घरों में नहीं थे। इस हृदय विदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है। गांव के लोग भी स्तब्ध हैं और तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बगीचे से एक किशोर और एक किशोरी का शव बरामद किया गया है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों को हर माह की पहली तारीख को वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के साथ-साथ संस्कृत विद्यालयों और मदरसों के शिक्षकों को अब हर माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित करना अनिवार्य कर दिया गया है। प्रारंभिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत सभी श्रेणी के करीब 5.97 लाख शिक्षकों को समय पर वेतन देने के लिए शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. बी. राजेन्द्र ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (स्थापना) को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब होने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों के वेतन भुगतान के लिए निर्धारित मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) का हर हाल में पालन सुनिश्चित किया जाए। यह एसओपी 8 दिसंबर 2025 को प्राथमिक शिक्षा निदेशक के हस्ताक्षर से जारी की गई थी। इसकी प्रति सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक माह की पहली तारीख को सभी शिक्षकों के वेतन का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। यही व्यवस्था अल्पसंख्यक विद्यालयों, मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन भुगतान पर भी लागू होगी। शिक्षकों के लिए यह अच्छी खबर है। उन्हें वेतन के लिए टकटकी लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### समय सीमा के अंदर विधायकों के सवालों का जवाब देंगे विभाग : डॉ. प्रेम कुमार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विधायकों की ओर से पूछे गए सवालों का जवाब समय सीमा के अंदर संबंधित विभाग देंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इस संबंध में प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति से विभाग से उत्तर प्राप्त करने के लिए समय सीमा निर्धारित करने को कहा है। वे शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में 18वीं बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना, शून्यकाल, निवेदन, गैर सरकारी संकल्प, याचिका आदि के संबंध में संबंधित समिति के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायकों से प्राप्त निवेदन पर विभाग से उत्तर प्राप्त करने के लिए 15 दिन का समय निर्धारित है। यदि ससमय उत्तर नहीं प्राप्त होता है तो स्मार पत्र भेजें। हर हालत में समय का अनुपालन होना चाहिए।




### घरेलू गैस सिलिंडर 60 रुपये महंगा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत 951 रुपये से बढ़कर अब 1011 रुपये हो गई है। नई कीमत लागू होने के बाद गैस एजेंसियों ने डिलिवरी के समय उपभोक्ताओं से बढ़ी हुई दर के अनुसार ही भुगतान लेना शुरू कर दिया है। इससे शहर के उपभोक्ताओं की रसोई का बजट प्रभावित होने लगा है। शहर के विभिन्न इलाकों में गैस सिलिंडर की डिलिवरी के दौरान उपभोक्ताओं से नई दर के अनुसार ही भुगतान लिया जा रहा है। पटेल नगर निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ऑनलाइन 951 रुपये में गैस सिलिंडर बुक कराया था, लेकिन शनिवार को डिलिवरी के समय उनसे 60 रुपये अतिरिक्त भुगतान करने को कहा गया। हालांकि पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों के अनुसार गैस सिलिंडर की कीमत बुकिंग की तारीख पर नहीं, बल्कि डिलिवरी के दिन लागू दर के आधार पर तय होती है।

# देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुये कहा कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री बालिका पोषाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, जीविका, सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ, पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सहित कई अन्य योजनायें चलायी जा रही हैं, जिससे आज महिलायें आत्मविश्वास के साथ प्रदेश की तरक्की में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम सभी को संकल्प लेना चाहिये कि सम्पूर्ण नारी जाति के उत्तरोत्तर विकास के प्रति सदैव प्रयत्नशील रहें ताकि उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ एक सुरक्षित और बेहतर माहौल मिल सके।






# निशांत ने युवा जदयू विधायकों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजनीति में आज एक बड़ा अहम मोड़ आया है, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार पहली बार सक्रिय राजनीतिक भूमिका में नजर आ रहे हैं। शनिवार की सुबह निशांत कुमार जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा के आवास पर पहुंचे थे। यहां निशांत कुमार ने जदयू में एंट्री करने से पहले पार्टी के युवा विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ एक महत्वपूर्ण अनौपचारिक बैठक की। राजनीति की लाइमलाइट से दूर रहने वाले निशांत कुमार अब पूरे फॉर्म में नजर आ रहे हैं। शनिवार सुबह संजय झा के आवास पर महत्वपूर्ण बैठक में जदयू के कई दिग्गज नेता और बड़ी संख्या में युवा विधायक मौजूद थे। इस बैठक में जदयू के




कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, एमएलसी संजय गांधी, ललन सर्राफ, वरिष्ठ नेता व मंत्री श्रवण कुमार मौजूद रहे। वहीं युवा चेहरों में चेतन आनंद समेत कई विधायक बैठक में शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार निशांत कुमार आज 8 मार्च को औपचारिक रूप से जदयू की सदस्यता ले सकते हैं। माना जा रहा है कि पटना में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें प्राथमिक सदस्यता दिलायी जा सकती है। इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं और नेताओं के आने की उम्मीद की जा रही है। पार्टी और पूरे बिहार के लिए इसे एक अहम राजनीतिक घटना के रूप में देखा जा रहा है। निशांत कुमार की पार्टी में एंट्री ऐसे समय में होने वाली है जब उनके पिता और सीएम नीतीश कुमार ने हाल ही में राज्यसभा के लिए नामांकन किया है। नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राज्यसभा जाने की इच्छा जतायी थी। उसके बाद 5 मार्च को अमित शाह की मौजूदगी में नीतीश ने राज्यसभा के लिए नामांकन किया था। इसके बाद से जदयू के अंदर नेतृत्व को लेकर चर्चाओं का बाजार तेजी से गरम हो रहा है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि जदयू अब आने वाली पीढ़ी के हाथों में बागडोर देने वाली है और युवा नेतृत्व के साथ आगे बढ़ेगी।

CMYK

# गंगा पर बन रहा मेगा पुल, उत्तर-दक्षिण बिहार की दूरी होगी कम

## 3 किमी का यह पुल बदलेगा बिहार की तस्वीर, नेपाल से भी होगा सीधा जुड़ाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** खगड़िया और भागलपुर के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे 3 किमी 160 मीटर लंबा फोर लेन ब्रिज (चार लेन पुल) का निर्माण कार्य नवंबर 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस ब्रिज के बन जाने से उत्तर-दक्षिण बिहार के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल से सीधा जुड़ाव आसान होगा और राज्य में व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई उड़ान मिलेगी।

**बदल जाएगी बिहार की कनेक्टिविटी**

बिहार पुल निर्माण निगम की ओर से निर्माणाधीन पुल की लागत 1 हजार 710 करोड़ रुपये निर्धारित है। गंगा नदी पर भागलपुर के सुल्तानगंज और खगड़िया के अगवानी घाट को जोड़ने वाले पुल के साथ 20 किलोमीटर लंबा पहुंच पथ का निर्माण भी किया जा रहा है। पहुंच पथ का चार किमी का हिस्सा सुल्तानगंज और 16 किमी अगवानी घाट की ओर होगा।

पुल निर्माण निगम के अधिकारियों का कहना है कि सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच चार लेन पुल के बनने से क्षेत्रीय, अंतरराज्यीय बिहार के साथ झारखंड, बंगाल के बीच की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और नेपाल के बीच का सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा। इससे कृषि उत्पादों के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

**कांवड़ियों की बढ़ेगी सहूलियत**

सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे चार लेन पुल से बैजनाथ धाम दर्शन-पूजन के लिए आने वाले लाखों, करोड़ों श्रद्धालुओं की सहूलियत बढ़ेगी। दरअसल, श्रावण मास और दूसरे अवसरों पर श्रद्धालु सुल्तानगंज में गंगा का पवित्र जल उठाव करते हैं। फोर लेन पुल के बन जाने से जल का उठाव कर बैजनाथ धाम जाने वाले इन कांवड़ियों की सहूलियत बढ़ जाएगी और समय की भी बचत होगी।

**झारखंड-बंगाल और नेपाल के साथ मिलेगा व्यापार को बढ़ावा**

भागलपुर और खगड़िया के साथ ही दूसरे जिलों के किसान व्यापक स्तर पर गन्ना, आलू, मक्का, केला, आम, धान-गेहूं, दलहनी आदि फसलों की खेती करते हैं। सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच फोर लेन ब्रिज के बनने के बाद इन किसानों की फसलों के आयात-निर्यात के लिए एक नया रास्ता बनेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। यह किसान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल के साथ भी अपनी व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेंगे।

**एनएच-31 पर पसराहा के पास आरओबी का निर्माण**

सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के एप्रोच रोड को सुगम बनाने की दिशा में एनएच-31 पर पसराहा के पास एक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित और सुचारू यातायात के लिए पसराहा में ही ट्रैफिक रोटरी और ग्रेड सेपरेटर का भी निर्माण होगा। इससे खगड़िया, भागलपुर, पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों को तेज़ आवाजाही और बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिलेगा।

## गंगा पर दौड़ेगी वाटर मेट्रो, पटना में चार्जिंग प्वाइंट बनाने का काम शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना वालों को जल्द ही वाटर मेट्रो की सौगात मिल सकती है। इसके लिए कई जगहों पर चार्जिंग पॉइंट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ताकि इनकी मदद से वाटर मेट्रो के इंजन को परिचालन के दौरान चार्ज किया जा सके। पटना के गांधी घाट पर इस चार्जिंग पॉइंट का फिलहाल निर्माण शुरू हो किया गया है। इसके बाद कंगन घाट और दीघा घाट पर भी यह चार्जिंग प्वाइंट का निर्माण शुरू किया जाएगा। वाटर मेट्रो का यह सफर 10.5 किमी लंबा होगा। प्रथम चरण में गांधी घाट और गायघाट पर मुख्य पड़ाव होंगे। इसके बाद दूसरे चरण में हाजीपुर, सोनपुर में भी वाटर मेट्रो चलने की योजना है।

**10.5 किलोमीटर लंबा होगा पटना वाटर मेट्रो का रूट**

पटना वाटर मेट्रो का पहला रूट दीघा घाट और कंगन घाट के बीच 10.5 किलोमीटर लंबा होगा। वाटर मेट्रो का यह सफर कंगन घाट से शुरू होकर गायघाट होते हुए गांधी घाट, दीघा घाट, फरक्का महतो घाट, नारियल घाट, पानापुर, कोंहरा घाट, कलि घाट (सोनपुर) और छेछर घाटों तक पहुंचेगा। पर्यटन विकास निगम लिमिटेड से मिली जानकारी के अनुसार, भविष्य में योजनाओं को 10 टर्मिनल के साथ 4 रूट तक विस्तार किया जायेगा। इससे पटना और उसके आस-पास के जिलों (वैशाली, छपरा) के प्रमुख हिस्सों से संपर्क स्थापित होगा। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा) को मजबूत करेगा और पटना वासियों को सस्ती और वैकल्पिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**12 करोड़ रुपये से अधिक है बोट की कीमत**

पटना वाटर मेट्रो के लिए जिस बोट का इस्तेमाल किया जायेगा उसका नाम ल्लएमवी-गोमधर कुंवरङ्क है। इस बोट की कीमत 12 करोड़ रुपए से अधिक है। पूरे पटना वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट की लागत लगभग 908 करोड़ रुपए से है। यह प्रोजेक्ट इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडबल्यूएआई) और बिहार सरकार का एक संयुक्त प्रयास है। इसमें कोचीन जहाज निर्माण स्थल के इंजीनियरों से तकनीकी मदद ली जा रही है। पर्यटकों के लिए दो पर्यावरण अनुकूल वाटर मेट्रो हाइब्रिड मोड में चलाई जाएंगी। यह इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड मोड में काम करेंगे। आपातकालीन स्थिति के लिए 3-4 रेस्क्यू बोट रहेंगी। इन जहाजों में नई तकनीक की बैट्री का इस्तेमाल किया जायेगा। बैकअप के लिए बोट में जेनरेटर की व्यवस्था होगी। गर्मी के दिनों में यात्रा का आनंद लेने में परेशानी ना हो इसके लिए हर बोट को एसी युक्त बनाया जा रहा है। वाटर मेट्रो में कांच की बड़ी खिड़कियां हैं। बोट को ऑटोमेटिक बोट लोकेशन सिस्टम से लैस किया गया है, जिससे इसकी निगरानी होगी। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए बोट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बोट को इस तरीके से तैयार किया जा रहा है जिससे हाई स्पीड में भी कम लहरें पैदा होंगी। इससे छोटी नाव में सवारी कर रहे लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी।

## आइसीएल फिनकॉर्प ने पटना में क्षेत्रीय कार्यालय और तीन नई शाखाओं का किया शुभारंभ




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी आईसीएल फिनकॉर्प लिमिटेड ने बिहार की राजधानी पटना में अपने वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ तीन नई शाखाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर एक विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन ताज सिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, गुडविल एंबेसडर, आईसीएल फिनकॉर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार, पूर्णकालिक निदेशक, उपाध्यक्ष और सीईओ, आईसीएल फिनकॉर्प उमा अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक डॉ. राजश्री अजीत, एजीएम, संचालन और विकास सतीशन के पी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आईसीएल फिनकॉर्प की टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि बिहार में नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ नई शाखाओं के खुलने से लोगों को सीधा इसका लाभ मिलेगा। वहीं आईसीएल फिनकॉर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार ने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय ओल्ड बाईपास रोड, राजेंद्र नगर टर्मिनल के सामने, कंकड़बाग, चित्रगुप्त नगर, पटना में स्थित है जबकि नई शाखाएं राजेंद्र नगर, मैनपुरा और दानापुर में खोली गई हैं। यह विस्तार आईसीएल फिनकॉर्प की वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और ग्राहक-सहभागिता समाधान उपलब्ध कराने की पहुंच को खोलता है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय बिहार के लिए मुख्य संचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा और पटना की बढ़ती आर्थिक महत्वता को बताएगा। तीन नई शाखाएं क्षेत्र में आईसीएल फिनकॉर्प की उपस्थिति को और मजबूत बनाएगी, जिससे ग्राहकों को तेजी से और व्यक्तिगत सेवाएं मिल पाएंगी।

## बजट सत्र में 388 ध्यानाकर्षण और 1109 शून्यकाल की सूचनाएं मिली : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना, शून्यकाल, निवेदन, गैर सरकारी संकल्प और याचिका से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक संबंधित समिति के पदाधिकारियों के साथ की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बजट सत्र में कुल 388 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 36 सूचनाएं सरकारी वक्तव्य के लिए स्वीकृत की गईं, 334 सूचनाएं लिखित उत्तर के लिए स्वीकृत हुईं और 18 सूचनाएं अमान्य कर दी गईं। शून्यकाल के अंतर्गत 619 सूचनाएं ऑफलाइन और 490 सूचनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुईं। इस प्रकार बजट सत्र के दौरान कुल 1109 शून्यकाल की सूचनाएं प्राप्त हुईं। निवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि बजट सत्र में कुल 779 निवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 14 अस्वीकृत किए गए और 765 निवेदन प्रक्रियाधीन हैं। बजट सत्र के दौरान गैर सरकारी संकल्प के लिए 25 फरवरी 2026 और 27 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित थी। 25 फरवरी को कुल 141 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत हुए, जिनमें 59 सदन द्वारा वापस लिए गए और तीन सदन द्वारा स्वीकृत किए गए, जबकि शेष संकल्पों को पढ़ा माना गया। इसी प्रकार 27 फरवरी को भी 141 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत हुए, जिनमें 60 सदन द्वारा वापस लिए गए और तीन सदन द्वारा स्वीकृत किए गए तथा शेष संकल्पों को पढ़ा माना गया।

समीक्षा में यह भी बताया गया कि बजट सत्र के दौरान कुल 569 याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 532 स्वीकृत की गईं और 37 अस्वीकृत कर दी गईं। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने प्रश्न और ध्यानाकर्षण समिति को निर्देश दिया कि विभागों से उत्तर प्राप्त करने के लिए समय सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यों से प्राप्त निवेदन पर विभाग से उत्तर प्राप्त करने के लिए 15 दिन की समय सीमा निर्धारित है। यदि समय पर उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो स्मार पत्र भेजा जाए और हर स्थिति में समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद शून्यकाल की सूचनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागों को भेजे जाने के बाद उनका उत्तर समय पर प्राप्त हो। उन्होंने यह भी बताया कि याचिकाओं की संख्या भी पहले के सत्र की तुलना में बढ़ी है। इस संबंध में 12 मार्च 2026 को याचिका समिति की विभागीय बैठक संसदीय कार्य विभाग के साथ आयोजित होगी, जिसमें समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। अध्यक्ष ने समितियों के सुचारू संचालन के लिए कहा कि सभी समिति सभापतियों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इस बात पर विचार किया जाएगा कि प्रत्येक समिति महीने में कम से कम एक बार विभागीय बैठक करे। उन्होंने यह भी कहा कि इन बैठकों में विभागों के वरीयतम पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि लगभग 24 हजार से अधिक आश्वासन लंबित हैं। इस संबंध में समिति के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अंत में अध्यक्ष ने सभी समितियों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सक्रियता, सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## भारतीय स्टेट बैंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय पटना में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक की महिला स्टाफ सदस्यों, बैंक के उच्चाधिकरीओं तथा मुख्य अतिथि हरप्रीत कौर, उप महानिरीक्षक, पटना की उपस्थिति में केक काटकर किया गया। समारोह में श्रीमती कौर ने महिला आत्मरक्षा कौशल पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और बताया कि कैसे किसी समस्या में पड़ने पर महिलाएं आसानी से पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इसी क्रम में बैंक की मनोवैज्ञानिक चिकित्सक श्रीमती निधि के द्वारा मानसिक चिकित्सा पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने मानसिक तनाव को कम करने के बहुत सरे उपाय बताये। दोनों अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की पहल की भूरी- भूरी प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक श्री जोशी ने समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय स्टेट बैंक 'महिला सशक्तिकरण' की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। इस मौके पर महाप्रबंधक (नेटवर्क-दक्षिण बिहार), रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (नेटवर्क- उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क-झारखंड) विवेक चन्द्र जायसवाल भी मौजूद रहे म्समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

### प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव निरस्त

**दानापुर।** प्रखंड कार्यालय में सात पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रखंड प्रमुख वंदना राय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लिखित आवेदन दिया गया था। जिसको लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में उप प्रमुख की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख वंदना राय के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यो के द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों की संख्या पर्याप्त नहीं रहने के कारण प्रमुख के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। बैठक का संचालन कर रहे कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि बैठक में मजिस्ट्रेट के रूप में सुनील कुमार सिंह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दानापुर एवं तेज प्रताप सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी दानापुर दोनों उपस्थिति और उन्हीं के देखरेख में नियम अनुसार बैठक की कार्यवाही की गई।

## 'महिला सुरक्षा' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अभियोजन निदेशालय, बिहार पटना के सभा कक्ष में अभियोजन पदाधिकारियों का 'महिला सुरक्षा' विषय पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अभियोजन निदेशालय के स्तर से किया गया। उक्त कार्यक्रम में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार भूपेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी, ब्रजेश पाण्डेय, विधि पदाधिकारी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरों, पटना उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 रविकान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार द्वारा किया गया। उनके द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागीयों का स्वागत किया गया। श्री देव द्वारा इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को अपनी कार्यशैली को सुदृढ़ बनाते हुए महिला के परिपेक्ष में कार्य करने का अनुरोध किया गया ताकि महिलाओं को वर्तमान विधियों के अन्तर्गत त्वरित न्याय प्रदान कराया जा सके।

रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार ने प्रतिभागियो को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का मिशन है, साथ ही 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर विशिष्ट प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, अभियोजन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अन्दर ज्ञान, कौशल एवं मनोदृष्टि को आत्मसात करें एवं पीड़ित पक्षकार (महिला) को त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। यह प्रशिक्षण सिर्फ किताबी विधिक ज्ञान हेतु नहीं बल्कि आपको इस प्रकार से संवेदनशील बनाने के लिए है ताकि आप सभी अपने कार्यस्थल पर जा कर धारदार तरीके से पीडिता को न्याय दिला सके। अपने संबोधन में उन्होंने निदेशालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस अवसर पर आमंत्रित किये जाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। अभियोजन निदेशालय के प्रभारी निदेश धर्मेंद्र कुमार सिंह के स्तर से मंचासीन अतिथियों प्रतिभागियों एवं निदेशालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नारी नेतृत्व का असर, पंचायतों में बढ़ रही महिला साक्षरता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिला साक्षरता का सफर पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2001 में जहां महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 33.12 प्रतिशत थी, वह 2025 में बढ़कर लगभग 74 प्रतिशत पहुंच चुकी है। यह प्रगति न सिर्फ शिक्षा और जागरूकता अभियानों का नतीजा है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर महिला मुखियाओं के मजबूत नेतृत्व का भी इसमें उल्लेखनीय परिणाम रहा है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ने स्थानीय स्तर पर साक्षरता और आत्मनिर्भरता को गति दी है।

**अफसाना बेगम- पूर्णिया जिले की प्रेरणादायक मुखिया**

पूर्णिया जिले के धमदाहा ब्लॉक के अंतर्गत कुकरौन पश्चिम पंचायत की मुखिया अफसाना बेगम बचपन से ही महिलाओं की बेरोजगारी, असाक्षरता और आत्मविश्वास की कमी को करीब से देखती थीं। सरकारी स्कूल से 8वीं तक पढ़ाई करने के बाद उन्होंने मदरसे से इंटर किया। गांव में बदलाव लाने की इच्छा थी तो पंचायत चुनाव में खड़ी हुईं और जीत हासिल की। मुखिया बनने के बाद अफसाना ने पंचायत को महिला-केंद्रित बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बाल विवाह पर रोक लगाने और लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। नतीजा यह रहा कि बीते चार वर्षों में आधा दर्जन लड़कियां सरकारी शिक्षक बन गईं, जबकि कई अन्य इंटर के बाद ग्रेजुएशन कर रही हैं। महिलाओं को अंगूठे के निशान की बजाय हस्ताक्षर करना सिखाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी, परिणामस्वरूप पंचायत की करीब 80 प्रतिशत महिलाएं स्वयं कागजातों पर हस्ताक्षर करती हैं।

यहां एक अन्य बड़ी समस्या बाजार की दूरी थी। महिलाओं को ताजे फल-सब्जियां खरीदने के लिए रोजाना 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। अफसाना ने पंचायत में ही हाट बसाया, जहां महिलाएं भी अपनी दुकानें चला रही हैं। इसके अलावा अन्य जरुरी सामानों के लिए 10 दर्जन से अधिक दुकानें खुलीं। इससे न केवल स्थानीय रोजगार में वृद्धि हुई, बल्कि अन्य पंचायतों से आने-जाने का समय और खर्च भी बचा। आज कुकरौन पश्चिम पंचायत की लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में रोजगार से जुड़ी हुई हैं।

**आरती कुमारी- मिश्रौलिया पंचायत की पहली महिला मुखिया**

सीतामढ़ी जिले के डुमरा ब्लॉक अंतर्गत मिश्रौलिया पंचायत की मुखिया आरती कुमारी गांव की पहली महिला मुखिया बनीं। इससे पहले गांव वालों की सोच थी कि महिलाएं घर तक सीमित रहती हैं, लेकिन आरती ने इसे पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने साबित किया कि एक साक्षर और जागरूक महिला किसी पुरुष से कम नहीं होती। आरती घर संभालने के साथ-साथ पंचायत के विकास के लिए सक्रिय रूप से काम करती हैं। उन्होंने स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए। महिला सभाओं में लड़कियों की शिक्षा की महत्वपूर्णता बताई और उन्हें आत्मविश्वास के साथ करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। आरती बताती हैं कि पहले मैं कम बोलती थी, घर में रहती थी। मुखिया बनने का ख्याल भी नहीं आया था। लेकिन लॉकडाउन के दौरान ससुराल लौटने पर गांववालों ने साक्षर उम्मीदवार के रूप में मेरा समर्थन किया। कुछ लोगों ने विरोध भी किया कि अच्छे घर की बहू घर में ही शोभा देती है, लेकिन मैंने सजावटी पद नहीं, बल्कि वास्तविक काम चुना। आज वे दो बच्चों की मां होने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के जमालुद्दीनचक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अपनी शादी का कार्ड बांटने जा रहे हैं बाइक सवार युवक को कुचल डाला। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान जमसौत के रहने वाले राजवंशी मांझी के 20 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर फिल्म 'हक' का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड (कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार) की ओर से शनिवार को फिल्म 'हक' का विशेष प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की महाप्रबंधक श्रीमती रूबी ने कहा कि महिलाओं को अपने सम्मान और अधिकारों के लिए केवल पुरुषों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं भी एक-दूसरे को सम्मान देना चाहिए तथा एक-दूसरे को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं परस्पर सहयोग और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी, तभी वास्तविक रूप से महिला सशक्तिकरण संभव हो सकेगा। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में संग्रहालय निदेशालय के निदेशक कृष्ण कुमार ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पुरुषों पर भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि उनकी दो बेटियां हैं और हमें ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जहां बेटियां सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत फिल्म 'हक' का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म का निर्देशन शूर्ण वर्मा ने किया है, जबकि इसके निर्माता विनीत जैन, विशाल गुरनानी, जूही पारेख मेहता, हरमन बावेजा एवं विक्की जैन हैं। फिल्म महिलाओं के अधिकार, संघर्ष और सामाजिक परिस्थितियों के बीच उनके आत्मसम्मान और न्याय की लड़ाई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर विभाग के अन्य पदाधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## चार दिवसीय स्वास्थ्य सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के तत्वावधान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, कंकड़बाग, पटना में 'मर्म दाब चिकित्सा' एवं 'आधुनिक एक्यूप्रेशर' विषय पर चार दिवसीय स्वास्थ्य सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 93 प्रतिभागियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यशाला में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के रिवर्सल, पेन मैनेजमेंट तथा स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित चिकित्सा तकनीकों का विस्तार से प्रदर्शन किया गया। यह प्रशिक्षण रोटेरियन डॉ. सैकत सेन गुप्ता, निदेशक, स्वास्थ्य रक्षक (बिहार सरकार पंजीकृत स्टार्टअप) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आधुनिक एक्यूप्रेशर और मर्म बिंदुओं के माध्यम से प्राकृतिक तरीके से स्वास्थ्य सुधार की जानकारी दी गई। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र रोटरी क्लब ऑफ पटना की अध्यक्षा रोटेरियन रश्मि मंडल, रोटेरियन विनोद भांति, रोटेरियन रवि कुमार सिन्हा, रोटेरियन अंशुल, रोटेरियन मिथलेश मंडल, रोटेरियन संजय पांडे, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर अशोक जी तथा ब्रह्माकुमारी संस्था एवं रोटरी क्लब के अन्य गणमान्य व्यक्तियों बी.के. संगीता जी, बी.के. स्नेहा जी और सीनियर थेरेपिस्ट अनूप सिंह चौहान द्वारा वितरित किए गए। यह मॉडर्न एक्यूप्रेशर हेल्थ सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला क्रमशः 8 फरवरी 2026, 15 फरवरी 2026, 22 फरवरी 2026 और 1 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए अगले महीने पुनः ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा भी व्यक्त की, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

# डिहरी ऑन-सोन को नया रेलवे डिवीजन बनाने की मांग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन सोन**। डीडीयू मंडल के अंतर्गत आने वाले डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन के विकास कार्यों में लगातार हो रही देरी को लेकर स्थानीय सामाजिक संगठन टीम डेहरीयंस ने कड़ा आक्रोश जताया है। संगठन के संस्थापक चंदन कुमार सिंह ने कहा कि यदि डीडीयू मंडल के अधिकारियों से डेहरी ऑन सोन स्टेशन का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है, तो इसे अलग कर नया रेलवे डिवीजन (मंडल) बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित डिहरी ऑन सोन रेलवे मंडल के अधीन डिहरी ऑन सोन–गया रेलखंड, डिहरी ऑन सोन–बरवाडीह रेलखंड तथा डिहरी ऑन सोन–सासाराम–आरा रेलखंड के कई स्टेशन शामिल किए जा सकते हैं। इससे क्षेत्र में रेलवे प्रशासन की कार्यक्षमता बढ़ेगी और विकास कार्यों में भी तेजी आएगी। चंदन कुमार सिंह ने कहा कि डीडीयू–गया रेलखंड के बीच डिहरी ऑन सोन स्टेशन सबसे अधिक राजस्व और यात्री फुटफॉल वाला स्टेशन है। इसके बावजूद यहां विकास कार्यों की स्थिति संतोषजनक नहीं है। कई परियोजनाएं वर्षों से अधूरी पड़ी हैं और प्लेटफार्मों पर स्थित शौचालयों की नियमित सफाई तक नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं की मांग को लेकर टीम डेहरीयंस द्वारा दो बार धरना-प्रदर्शन भी किया जा चुका है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। संगठन ने स्टेशन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जल्द पूरा करने की मांग की है। इनमें चार वर्षों से निर्माणाधीन 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज (एफओबी) को शीघ्र पूरा करना, प्लेटफार्म संख्या 2/3 और 4/5 पर लिफ्ट लगाना तथा डालमियानगर की ओर एक अतिरिक्त लिफ्ट स्थापित करना शामिल है। इसके अलावा स्टेशन के उत्तर और दक्षिण दिशा में एस्केलेटर लगाने, प्रस्तावित तीन मंजिला भवन का निर्माण कर सभी कार्यालयों को उसमें स्थानांतरित करने तथा जीआरपी कार्यालय को उत्तर दिशा और आरपीएफ कार्यालय को दक्षिण दिशा में शिफ्ट करने की मांग भी की गई है। संगठन ने स्टेशन की साफ-सफाई के लिए कम से कम आठ लाख रुपये प्रतिमाह का टेंडर जारी करने, वाशिंग पिट का निर्माण कराने, प्लेटफार्म संख्या 1/6 के विस्तार तथा प्लेटफार्म संख्या 7/8 के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग भी उठाई है। इसके साथ ही डालमियानगर की ओर टिकट काउंटर, शौचालय, पार्किंग और वेटिंग हॉल के निर्माण की मांग भी दोहराई गई है, जो पिछले दस वर्षों से लंबित है। चंदन कुमार सिंह ने कहा कि स्टेशन परिसर में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगाया जाए तथा क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों—झारखंडी महादेव मंदिर, तुतला भवानी धाम, रोहतासगढ़ किला, इंद्रपुरी डैम, जैन मंदिर, महादेव खोह, नौलखा मंदिर और चौरासन मंदिर—की तस्वीरें लगाकर यात्रियों को स्थानीय पर्यटन से भी जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि कई परियोजनाएं 10 से 15 वर्षों से लंबित हैं, इसलिए रेलवे प्रशासन को सभी विकास कार्यों के लिए स्पष्ट समयसीमा तय करनी चाहिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# छूटा सामान आरपीएफ ने बरामद कर यात्री को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन**। गाड़ी संख्या 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में छूटे कीमती सामान को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर संबंधित यात्री को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ की इस कार्रवाई की यात्रियों ने सराहना की है।

आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक रामविलास राम ने बताया कि 6 मार्च 2026 को गया रेलवे स्टेशन से सूचना प्राप्त हुई कि टाटानगर से आनंद विहार के लिए यात्रा कर रही महिला यात्री ममता प्रभा (54 वर्ष), पति स्व. जीवन कुमार, निवासी 62 हिल व्यू कॉलोनी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर (झारखंड) का सामान ट्रेन के कोच संख्या एच-1 के केबिन ई में छूट गया है।



बताया गया कि महिला यात्री अपनी पुत्री स्तुति प्रभा तथा पालतू कुत्ते को गया स्टेशन के प्लेटफार्म पर घुमाने के दौरान ट्रेन में समय पर सवार नहीं हो सकीं, जिसके कारण उनका सारा सामान ट्रेन में ही रह गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट डेहरी ऑन सोन के उपनिरीक्षक मनोज कुमार अपने स्टाफ के साथ सक्रिय हो गए। जैसे ही ट्रेन डेहरी ऑन सोन स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर पहुंची, आरपीएफ टीम ने कोच अटेंडेंट की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करते हुए सामान को सुरक्षित उतार लिया। बरामद सामान में एक ट्रॉली बैग, तीन पिट्ठू बैग, दो लैपटॉप, एक फनी बैग तथा एक सफेद थैला शामिल था, जिसमें खाने-पीने का सामान रखा हुआ था। बाद में महिला यात्री के डेहरी ऑन सोन स्टेशन पहुंचने पर उचित पहचान एवं सत्यापन के उपरांत 'ऑपरेशन अमानत' के तहत सुपुर्दगी नामा तैयार कर फोटोग्राफी के साथ पूरा सामान उन्हें सौंप दिया गया। महिला यात्री ने बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये बताई और आरपीएफ की त्वरित कार्रवाई तथा इमानदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

# पैक्स चुनाव के नामांकन के साथ बनने लगा चुनावी मौसम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रमगंज प्रखंड में पैक्स समिति के चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हुई और प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र कृषि साख सहयोग समिति शिवपुर में होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने कमर कसना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को जहां पूर्व मुखिया अमित सिंह के तरफ से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया, तो वहीं शनिवार को निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार सिंह की ओर से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया। लोगों की माने तो अभी कुछ और लोगों के द्वारा भी नामांकन किए जाने की संभावना है। लेकिन इतना तो तय है कि इस बार शिवपुर पैक्स समिति के लिए मुकाबला काफी गंभीर दिख रहा है। खेती के लिए प्रसिद्ध बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में किसानों के बीच कृषि साख सहयोग समिति के माध्यम से धान की खरीद काफी मात्रा में की जाती है, जहां सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद करने की व्यवस्था इन पैक्सों के माध्यम से होती है। हालांकि अभी चुनाव की प्रक्रिया की शुरुआती दौड़ में लोगों को एकत्रित और संगठित करने हैं के विभिन्न प्रयासों के जुगाड़ में प्रत्याशियों की मुहिम चलाई जा रही है, परंतु कौन सफल हो पाएगा यह केवल नामांकन से तय नहीं किया जा सकता,बल्कि मतदान के बाद गिनती होने पर ही यह पता चल पाएगा कि किसके ऊपर पैक्स अध्यक्ष और समिति की जिम्मेवारी मिलने वाली है?

# ग्राम कचहरी को सशक्त बनाने में पुलिस निभाए अहम भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन**। ग्राम कचहरी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है। पुलिस अधिकारियों को कानून का पालन करते हुए ग्राम कचहरी व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय सहयोग करना चाहिए। साथ ही पॉक्सो एक्ट और बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। यह बातें शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआइजी डॉ. सत्यप्रकाश ने शनिवार को डिहरी ऑन सोन स्थित पुलिस लाइन में आयोजित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम पंचायती राजपीठ, चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में शाहाबाद प्रक्षेत्र के रोहतास, भोजपुर, बक्सर और कैमूर जिलों के लगभग 60 पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। डीआइजी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता के तहत 40 प्रकार के वादों के निष्पादन की जिम्मेदारी ग्राम कचहरी को दी गई है। ऐसे में पुलिस अधिकारियों का दायित्व है कि वे ग्राम कचहरी को सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और ग्रामीण स्तर पर विवादों के त्वरित समाधान में सहयोग करें। उन्होंने सभी थानों में बाल पुलिस अधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने तथा उनके नाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया, ताकि बच्चों से जुड़े मामलों में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

उन्मुखीकरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार, बाल संरक्षण विशेषज्ञ सुनील कुमार झा तथा सेवानिवृत्त एडीजे ओम प्रकाश सिंह ने ग्राम कचहरी के कार्यकलाप, बाल संरक्षण तथा पॉक्सो एक्ट के तहत पुलिस अधिकारियों की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को ग्राम कचहरी प्रणाली और बाल संरक्षण कानूनों के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाना था।

## शपथ पत्र

मैं साधना ठाकुर, पति श्री मदन मोहन ठाकुर, मो. शिव सागर, न्यू बलभद्रपुर, पो. लहेरिया सराय, जिला - दरभंगा, बिहार, पिन - 846001, शपथ पत्र सं 2469 दि. 29.07.2025 द्वारा यह सूचित करती हूँ कि मेरी पुत्री आर्या कुमारी के दशवी के अंक प्रमाण-पत्र में मेरा नाम साधना देवी अंकित हो गया है। यह कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम साधना ठाकुर अंकित है। मैं भविष्य में सभी कार्य हेतु साधना ठाकुर के नाम से जानी एवम पहचानी जाऊंगी।

# विधायक ने संघ लोक सेवा आयोग में सफलता पर तृप्ति को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। जिले के दावथ प्रखंड के योगिनी गांव की रहने वाली तृप्ति कुमारी ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में 710वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार , प्रखंड ही नही बल्कि पुरे जिले का नाम रोशन किया है। बताते चलें कि तृप्ति के पिता रमेश दुबे एक किसान हैं और उन्होंने अपनी बेटी की शिक्षा को हमेशा प्राथमिकता दी। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने के लिए खेती के माध्यम से मेहनत की। तृप्ति की इस सफलता पर उनके परिवार और गांव के लोगों में खुशी की लहर है। स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने इसकी सूचना मिलते ही योगिनी गांव



पहुंचे और तृप्ति कुमारी को अंग वस्त्र से सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनके पारिवारिक सदस्यों के अलावे दावथ सीओ सौरभ कुमार भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे। वहीं पूर्व विधायक राजेश्वर राज, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बलिराम मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा डा मनीष रंजन, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद वैश्य और अन्य लोगों ने तृप्ति कुमारी को इस सफलता के लिए बधाई दी है। तृप्ति की कहानी उन सभी लोगों के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने दिखाया है कि अगर मन में कुछ करने की चाह हो तो परिस्थिति कैसी भी हो, करने वाले कर ही लेते हैं। तृप्ति वर्तमान में बीपीआरओ के पद पर प्रखंड भभुआ में कार्यरत हैं और उनकी इस सफलता से उनके परिवार,गांव के साथ ही पुरे जिले का नाम रौशन हुआ है। विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के अलावे उनके चाहने वाले लोगों का बधाइयां देने के लिए तांता लगा हुआ है।

# उमेश कुशवाहा के तीसरी बार जदयू प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)**। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रदेश अध्यक्ष पद पर उमेश कुशवाहा के लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। उनके पुनः प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा ने उमेश कुशवाहा को बधाई देते हुए कहा कि उनके तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि उमेश कुशवाहा का पिछला कार्यकाल सराहनीय रहा है और उनके नेतृत्व



में संगठन ने मजबूती के साथ काम किया है। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उमेश कुशवाहा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को आगे बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। कार्यकर्ताओं को भी उनसे काफी उम्मीदें हैं।प्रदेश अध्यक्ष को बधाई देने वालों में मुन्ना कुशवाहा, महाराणा प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू पटेल, जिला पार्षद अजय कुशवाहा, प्रमोद महतो, दीपक शर्मा, अरुण शर्मा सहित कई अन्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आशा जताई कि उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में जदयू संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# शराब धंधेबाजों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)**। रोहतास पुलिस कप्तान रौशन कुमार के निर्देश पर शराब धंधेबाजों एवं इसके सेवन करने वाले के खिलाफ चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत संझौली थाने की पुलिस ने छापेमारी की और दो लोगों पर दर्ज कराई प्राथमिकी। मिली जानकारी के अनुसार अनुमंडल क्षेत्र के संझौली पुलिस ने चैता बहोरी टोला से 90 लीटर अवैध देसी महुआ शराब जब्त की है और दो धंधेबाजों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार रात को सूचना मिलने पर कार्रवाई की और झाड़ी वाले मैदान में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही दो व्यक्ति भागने लगे, लेकिन उनकी पहचान चैता बहोरी टोला निवासी राकेश कुमार उर्फ साधू और चवरिया टोला निवासी सीताराम पासी के रूप में हुई है। पुलिस ने पांच-पांच लीटर के 18 पॉलिथीन में कुल 90 लीटर अवैध देसी महुआ शराब बरामद की है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस (रोहतास)**। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत शनिवार को कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय और सक्षम बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने की, जबकि संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती में कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे अहम होती है। समर्पित, प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं तथा पार्टी की नीतियों की जानकारी देने का आह्वान किया। जिला प्रभारी हिमांशु चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों और सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के अनुशासन, समर्पण और निरंतर सक्रियता से ही संभव है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मंत्री सतेंद्र दुबे, जिला उपाध्यक्ष अरुण पांडेय, बंटी राय, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शीला जी, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह, छठू गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, नरेंद्र जोशी, बैरिस्टर चौबे, अनिल चौबे, दिवाकर दुबे, कृष्णाकांत दुबे, नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। अंत में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party : Rastriya Lok Morcha

*Name of the Election : Biennial Elections to the Council of States to fill the seat of members retiring in April 2026

Name of State/UT : Bihar

(1) Name of Constituency : For Biennial Election to the Rajya Sabha from Bihar for 2026

Name of the candidate : Upendra Kushwaha

Criminal Antecedents

| क्रम | संबद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट संख्या [5(ii)(क)] | न्यायालय के नाम के साथ मामला संख्या [5(ii)(ख)] | अंतर्वलित संबद्ध अधिनियम/संहिताओं की धाराएं [5(ii)(ग)] | अपराध का संक्षिप्त विवरण [5(ii)(घ)] |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोतवाली पटना कांड संख्या 83/20 | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,341,342,323, 353,504,506 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 2 | गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 3 | करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन |
| 4 | कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341,342, 323, 332, 353, 506, 427 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 5 | कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188,341, 342,504,505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित |
| 6 | बिहटा, पटना कांड संख्या 1059/19 | ए सी जे एम, दानापुर | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन |
| 7 | मीनापुर(मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | ए सी जे एम-1, मुजफ्फरपुर | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126 | सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन |
| 8 | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | NO | NO | NO |
| 9 | Date of conviction, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 10 | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 11 | Any other information required to be given | Nothing | Nothing | Nothing |
| 12 | The reasons for the selection of the candidate.Selection shall be iwth reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere winnability at the polls (not more than 100 words) | He is National President of the party and also a well-known social worker and a prominent poitical leader of our country, having very good reputation in the society and in our nation, sitting, MP from Rajya Sabha and has been tirelessly working for betterment of the people of Bihar as well as whole of the country | | |
| 13 | Reasons as to why other individuals iwthout criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature. In view of his selfless work for the society, the party has preferred him as its candidate. | | |

राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा प्रकाशित

# चापाकल मरम्मति दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह दल जिले के सभी 14 प्रखंडों में सार्वजनिक चापाकलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि कहीं भी पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो। जहां भी सार्वजनिक चापाकलों में किसी प्रकार की तकनीकी खराबी होगी, मरम्मति दल द्वारा उसे तत्काल ठीक किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि मरम्मति दल के सभी वाहनों पर कंट्रोल रूम का नंबर तथा संबंधित अभियंताओं का मोबाइल नंबर अंकित किया गया है। इसके अतिरिक्त जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर भी संबंधित नंबर उपलब्ध हैं। यदि कहीं भी किसी सार्वजनिक चापाकल के खराब होने की शिकायत होती है, तो संबंधित व्यक्ति कंट्रोल रूम नंबर पर इसकी सूचना दे सकते हैं। साथ ही पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के ऐप पर भी चापाकल की समस्या को जियो-टैग कर दर्ज किया जा सकता है। पेयजल की समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर 06324-210036 है,जिस पर पेयजल से संबंधित शिकायत समय पूर्वाहन 08:00 से अपराहन 06:00 तक दर्ज करायी जा सकती है।

**संपर्क हेतु प्रखंडवार पदाधिकारियों के मोबाइल नंबर निम्नलिखित हैं :** प्रखंड नवादा, नरहट, हिसुआ एवं नारदीगंज सहायक अभियंता – ओम प्रकाश कुमार (मो0- 9823612766)
प्रखंड नवादा – कनीय अभियंता विजेता कुमारी (मो0- 6200298561)
प्रखंड नरहट – कनीय अभियंता कुन्ती कुमारी (मो0- 6201207731)
प्रखंड हिसुआ – कनीय अभियंता दिनेश कुमार (मो0- 840946703)
प्रखंड नारदीगंज – कनीय अभियंता सुनील कुमार (मो0- 6200085749)
प्रखंड वारिसलीगंज, काशीचक, कौआकोल एवं पकरीबरावां सहायक अभियंता – सत्य प्रकाश (मो0- 8544428652)
वारिसलीगंज – कनीय अभियंता राजकुमार पासवान (मो0- 9905902933)
काशीचक – कनीय अभियंता कुमार अश्विनी आनंद (मो0- 9546867320)
कौआकोल – कनीय अभियंता प्रिया सोनी (मो0- 8544428711)
पकरीबरावां – कनीय अभियंता अश्विनी आनंद (मो0- 9546867320)
प्रखंड गोविंदपुर, रोह एवं अकबरपुर सहायक अभियंता – प्रिन्स कुमार (मो0- 8544428654)
गोविंदपुर – कनीय अभियंता संजीत कुमार सक्सेना (मो0- 7004058855)
रोह – कनीय अभियंता मो0 दिलसाद (मो0- 7217853507)
अकबरपुर – कनीय अभियंता संजीत कुमार सक्सेना (मो0- 7004058855)
प्रखंड मेसकौर, सिरदला एवं रजौली सहायक अभियंता – अजय कुमार सिंहा (मो0- 8544428653)
मेसकौर – कनीय अभियंता अभिषेक कुमार (मो0- 7050878891)
सिरदला – कनीय अभियंता सोनु कुमार (मो0- 6206449981)
रजौली – कनीय अभियंता सतेन्द्र कुमार (मो0- 8229071151)

इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल नवादा सुजीत कुमार, कनीय अभियंता विजेता कुमारी, कुन्ती कुमारी, दिनेश कुमार, अश्विनी आनंद, संजीत कुमार सक्सेना, मो. दिलशाद, अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# मंत्री श्रवण कुमार ने 10 लाभार्थियों के बीच किया ट्राईसाइकिल वितरण

## दिव्यांगजनों को मिला बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का सहारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजना के तहत शनिवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने 10 दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया। यह वितरण कार्यक्रम प्रखंड सह अंचल कार्यालय बिहारशरीफ में आयोजित किया गया।



इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को आसान और सम्मानजनक बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जो दिव्यांगजन लाचार, परेशान और विभिन्न कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, उनके लिए सरकार सहारा बनने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि बिहार सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा पहले राज्य में 10 हजार बैटरी चालित ट्राईसाइकिल देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन अब इस योजना में लक्ष्य की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। जो भी दिव्यांगजन बैटरी चालित ट्राईसाइकिल चलाने में सक्षम होंगे, उन्हें इस योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि कई बार परिवार से जितना सहारा नहीं मिल पाता, उससे अधिक सहारा राज्य सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देने का प्रयास कर रहे हैं। इस योजना के माध्यम से दिव्यांगजन अपने कार्यों को आसानी से कर सकेंगे, रोजगार के अवसर तलाश पाएंगे और समाज के अन्य लोगों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आत्मविश्वास प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार अंचलाधिकारी प्रभात रंजन नगर अध्यक्ष गुलरेज अंसारी जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव युगल किशोर, मुखिया विश्वास सिंह, जयन्त शर्मा, संजय राम, रंजीत सिंह, प्रमोद यादव, दिनेश साव, मुन्ना पासवान, संजय प्र कुशवाहा, प्रदीप मुखिया टुनटुन चंद्रवंशी, मंटू कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 10 मार्च को रोजगार कैम्प का होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला नियोजन पदाधिकारी सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा 10 मार्च 2026 को संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा के प्रांगण में विशेष एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एस.बी.आई., नवादा, फ्रिडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, नई दिल्ली, साहुल मोटर्स, नवादा, अपैरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेंटर, पटना, आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस लि., पटना, के.के. इंटरप्राइजेज, गुजरात, टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्रा. लि., मुजफ्फरपुर, महादेव हनुमंत विजय, उत्तर प्रदेश एवं आमधाने प्रा. लि., पटना द्वारा 234 रिक्तियां अधिसूचित की गई हैं।




जिसके लिए योग्यता आठवीं से लेकर ग्रेजुएशन, आई.टी.आई. एवं डिप्लोमा होना चाहिए। वेतन रुपये 8000 से 29000 के साथ ई.पी.एफ., आवास, खाना, ई.एस.आई.सी. एवं इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। पात्रता के लिए उम्र 18 से 60 वर्ष है। कार्य स्थल- नवादा, रजौली, राजकोट, राजस्थान, हरियाणा, अहमदाबाद एवं पैन इंडिया है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, रंगीन फोटो एवं बायोडाटा के साथ चयन हेतु कैम्प स्थल संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय, नवादा के प्रांगण में आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार कैम्प पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक आयोजित होगा। जो अभ्यर्थी एनसीएस पोर्टल पर निबंधित हैं, वही आवेदक रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। जो अभ्यर्थी निबंधित नहीं हैं, वे आवेदक एनसीएस पोर्टल पर अपना निबंधन स्वयं या जिला नियोजनालय, नवादा में कराकर भाग ले सकते हैं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, नियोजन की शर्तों के लिए वे जिम्मेदार होंगे। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका में होगा।

# सिरोडाबर पंचायत के उप सरपंच के आकस्मिक निधन पर ग्रामीणों में शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली प्रखंड के सिरोडाबर पंचायत के उप सरपंच संजय शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी मौत की खबर से ग्रामीणों में शोक की लहर है। उप सरपंच अपने पीछे पत्नी पिंकी कुमारी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह संजय शर्मा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें रजौली स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. हिमांशु कुमार ने बताया कि बलिया गांव निवासी स्व. अमीरक शर्मा के पुत्र संजय शर्मा को इलाज हेतु भर्ती कराया गया था। मरीज को सांस लेने में दिक्कत व सीने में दर्द आदि था, जिनका प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही उनकी मौत हो गई। संजय शर्मा की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। शनिवार को ही उनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया। उप सरपंच संजय शर्मा के निधन पर ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि संजय शर्मा एक अच्छे इमानदार और मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी मौत से गांव में शोक की लहर है। संजय शर्मा के परिवार में उनकी पत्नी पिंकी कुमारी, 17 वर्षीय बेटी संजना शर्मा, 15 वर्षीय बेटी संगीत शर्मा और 13 वर्षीय बेटा अभिषेक राज शर्मा हैं। उनकी मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर 14 मार्च 2026 को व्यवहार न्यायालय, नवादा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने हेतु तैयारियां अंतिम चरण में पहुँच गई हैं। इसी क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में 7 मार्च 2026 को उनके प्रकोष्ठ में नवादा न्यायमंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक वादों की न्यायालयवार समीक्षा की गई। सभी न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की स्थिति की जानकारी दी गई तथा निष्पादन के लिए चिन्हित वादों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही मापतौल, श्रम एवं वन से संबंधित वादों में चिन्हित मामलों में सुलह की संभावना वाले पक्षकारों को नोटिस निर्गत करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान यह भी निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व आयोजित होने वाली प्री-सीटिंग बैठकों के माध्यम से सुलहनीय आपराधिक वादों में पक्षकारों की काउंसिलिंग कर आपसी समझौते के आधार पर वादों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ऐसे सभी वादों, जिनमें पूर्व में सुलहनामा का आवेदन अभिलेख पर उपलब्ध है या हाल में दाखिल किया गया है, उनमें पक्षकारों को प्रभावी रूप से सूचना निर्गत कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नवादा, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-I, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-II, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-V, मुंसिफ, नवादा, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी आदित्य आनन्द, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी मो॰ कमरूजमों तथा सौम्या सिन्हा, प्रोवेशन पदाधिकारी, नवादा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाल महासंग्राम क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर में शनिवार को समारोह का आयोजन कर बाल महासंग्राम क्वीज प्रतियोगिता में सफल हुए एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आयोजनकर्ता टीम के सदस्य हरेराम कुमार और प्रसेनजीत प्रसाद ने बताया कि 20 फरवरी 2026 को प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 350 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रथम विजेता राजकीय बुनियादी विद्यालय बरौन बाजितपुर के आदर्श राज,द्वितीय विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरगपुर के पीयूष कुमार तथा तृतीय विजेता उत्क्रमित मध्य विद्यालय के खुशी कुमारी बनें। जिन्हें विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में स्थानीय सरपंच अर्जुन साव के द्वारा पुरस्कृत किया गया। जबकि प्रतियोगिता में सफल टॉप टेन विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार, प्रीतम, विवेक, प्रशान्त, सुमन आदि मौजूद रहे।

# उमेश कुशवाहा को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष पद पर विधायक उमेश कुशवाहा के फिर से निर्वाचन किये जाने के बाद प्रखण्ड जदयू नेताओं ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दिया है। जदयू सह प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार कुशवाहा ने उमेश कुशवाहा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि पार्टी और संगठन की मजबूती और तेजी से होगी। जदयू नेता शिवबालक प्रसाद,सुशील उर्फ सोनु साहू,ओमप्रकाश चौहान आदि ने भी प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा को बनने पर खुशी जताया है।

# जनता दरबार में तीन पुराने भूमि विवादों का ऑन द स्पॉट निपटारा

**हिलसा (नालंदा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। हिलसा अनुमंडल के एकंगरसराय अंचल कार्यालय में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में अंचलाधिकारी विवेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन पुराने भूमि विवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया। जनता दरबार में कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से तीन मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से समाधान कर दिया गया। अंचलाधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि जनता दरबार में आए अधिकांश मामले पूर्व से लंबित भूमि विवाद से जुड़े थे। दोनों पक्षों को आमने-सामने बुलाकर उनकी बातें सुनी गईं और आपसी सहमति के आधार पर तीन मामलों का निपटारा किया गया। प्रशासन का उद्देश्य ऐसे मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से समाधान करना है, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि शेष दो मामलों में एक पक्ष की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इन मामलों की अगली सुनवाई के लिए क्रमशः 14 मार्च और 28 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर विवादों का शीघ्र निपटारा हो सके और आम लोगों को राहत मिल सके।

# लक्ष्य के अनुरुप नहीं हुई धान की अधिप्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। नारदीगंज प्रखंड में लक्ष्य के अनुरुप धान की अधिप्राप्ति नहीं हो सकी। इस प्रखंड के 4600 सौ मैट्रिक टन धान खरीदी करने का लक्ष्य निर्धारित था। जिसमे सभी पैक्सों से 28 फरवरी 2026 तक 4500 सौ मैट्रिक टन पंजीकृत किसानों से खरीदारी हुई है। बीते 15 नवम्बर 2025 से धान खरीदारी करने का विभागीय निर्देश था। बीसीओ दीपक सक्सेना कहते हैं कि कहुआरा और इचुआकरना पंचायत में पैक्स लक्ष्य से थोड़ा पीछे रह गए हैं। बीसीओ कहते हैं कि यहां सभी पैक्सों से धान अधिप्राप्ति की गई है। 28 फरवरी 2026 निर्धारित किया था, परंतु उक्त तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च 2026 कर दिया गया है। हालांकि लक्ष्य में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की गई है। इधर,व्यापार मंडल अध्यक्ष विपिन कुमार, पैक्स अध्यक्ष सिधेश्वर यादव,पैक्स अध्यक्ष श्रवण कुमार कहते हैं कि



जब सरकार और विभाग ने पंजीकृत किसानों से धान अधिप्राप्ति के लिए तिथि बढ़ा दिया है तो लक्ष्य भी बढ़ना चाहिए था, क्योंकि अभी तक किसान धान लेकर पैक्स गोदाम में आ रहे है। वह पैक्स में बिक्री करना चाह रहे हैं। तब उन्हें जबाब मिल जा रहा है। यहां अब लक्ष्य नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में किसान मायूस होकर वापस लौट रहे हैं। इस बाबत किसानों ने भी लक्ष्य बढ़ाने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है।

# रविराज के परिजनों से मिलकर दी बधाई





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा के लाल दृष्टिबाधित रविराज जी दूसरी बार यूपीएससी की परीक्षा पास किया। पिछली बार रवि राज ने अखिल भारतीय 182 वी रैंक हासिल किया था। इस बात 2026 में दूसरी बार रवि राज ने यूपीएससी में 20 वी रैंक लाकर इतिहास रचा। नवादा के नवीन नगर जाकर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने यूपीएससी में 20वा रैंक लाने वाले रवि राज जी के माता विभा सिंहा जी और पिता रंजन कुमार सिन्हा जी मुलाकात कर उन्हें मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाया। भाजपा नेता रवि गुप्ता ने कहा रवि राज जीने नवादा का मान सम्मान पूरे देश के पटल पर बढ़ता है,रवि राज हमलोगो के लिए प्रेरणाश्रोत है साथ नवादा ही नहीं बल्कि बिहार का नाम में रौशन किया उसी दरमियान आज भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अजीत शंकर, समाजसेवी गोरे लाल जी ने भी विशेष तौर बधाई व साधुवाद दिया।

# नालंदा विश्वविद्यालय में 8 मार्च से दो-दिवसीय 'नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा विश्वविद्यालय में 8 मार्च से दो दिवसीय 'नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय पालिसी सेमिनार में वैश्विक नीति-निर्माताओं, डेवलपमेंट एक्सपर्ट्स और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वानों और विचारकों को एक साझा मंच पर लाकर सतत, समावेशी विकास और समकालीन वैश्विक चुनौतियों और अवसरों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। नालंदा विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर स्टडीज इन डेवलपमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी (सीएसडीएस) द्वारा आयोजित इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम-संस्करण को



नीति संवाद और ज्ञान-विनिमय के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है। इसमें मुख्य व्याख्यान, विषयगत सत्र और नीति विमर्श आयोजित होंगे, जिनमें सतत विकास, क्षेत्रीय सहयोग, आर्थिक परिवर्तन तथा वैश्विक साझेदारी जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। यह पहल प्राचीन नालंदा की ज्ञान-संवाद परंपरा से प्रेरित है, जहाँ विश्वभर से विद्वान विचारों के आदान-प्रदान के लिए एकत्रित होते थे। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि नालंदा डेवलपमेंट डायलॉग प्राचीन नालंदा की वैश्विक बौद्धिक संवाद परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए सतत और समावेशी विकास पर सार्थक नीति विमर्श को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भारत और विदेश से कई प्रतिष्ठित विद्वान और नीति विशेषज्ञ भाग लेंगे। प्रमुख वक्ताओं और प्रतिभागियों में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य एवं भारत सरकार में सचिव डॉ. शामिका रवि, येल विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस पोगे, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. दीपक नय्यर, नेशनल ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी स्टडीज़ (GRIPS), टोक्यो के प्रोफेसर टेट्सुशी सोनबे, जर्मन इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी के स्टेफन क्लिंगेबिल, इंटरनेशनल पॉलिसी सेंटर फॉर इन्क्लूसिव डेवलपमेंट (IPC-ID) के आंद्रे दे मेलो ई सूज़ा, तथा काठमांडू विश्वविद्यालय के कुलपति अच्युत वाग्ले सहित विभिन्न प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों, विश्वविद्यालयों और शोध संगठनों से जुड़े अनेक प्रमुख शिक्षाविद्, नीति-निर्माता और डेवलपमेंट एक्सपर्ट्स शामिल होंगे।

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन नालंदा की ज्ञान परंपरा से प्रेरणा लेते हुए वैश्विक बौद्धिक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह आयोजन अकादमिक जगत और नीति-निर्माण के बीच सार्थक संवाद को सुदृढ़ करने का प्रयास है।

# मारपीट मामले में नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। नगरनौसा थाना पुलिस ने मारपीट के एक मामले में कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव से एक नाबालिग सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि मारपीट की घटना को लेकर दर्ज मामले में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने महमदपुर गांव में छापेमारी कर आरोपी बबलू शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वहीं मामले में संलिप्त एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों के खिलाफ मारपीट के आरोप में कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है, जबकि नाबालिग के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजगीर कुंड शाखा डाकघर में डाक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर कुंड शाखा डाकघर में आज डाक विभाग द्वारा डाक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार मोजफ्फर उद्दीन अब्दाली उपस्थित रहे। उनके साथ डाक अधीक्षक, नालंदा मंडल भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे डाक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा तथा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। उपस्थित लोगों को



इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर डाक निरीक्षक दक्षिणी अनुमंडल रामाशीष कुमार भी उपस्थित रहे। डाक संवाद के दौरान मुख्य अतिथि मोजफ्फर उद्दीन अब्दाली ने राजगीर के समस्त शाखा डाकघरों के कार्यों की समीक्षा किये और सभी शाखा डाकपाल को विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किये उन्होंने डाक सेवाओं को आम जनता तक बेहतर तरीके से पहुंचाने पर बल दिया और बताया कि नालंदा डाक मंडल के समस्त डाक कर्मी बेहतर से बेहतर सेवा देकर नालदा डाक मंडल को इस वित्तीय वर्ष में भी अव्वल स्थान पर रहना है मौके पर उपस्थित सभी डाककर्मी ने भी बेहतर से बेहतर सेवा का प्रण लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने डाक सेवाओं से संबंधित सुझाव भी साझा किए। मौके पर डाक अधीक्षक नालंदा कुंदन कुमार ने कहा कि डाक विभाग निरंतर अपनी सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं आधुनिक बनाने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए जगह जगह डाक चौपाल का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। इस अवसर पर राजगीर कुंड के शाखा डाकपाल विजय कुमार उपाध्याय के साथ साथ डाक विभाग के कई अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूली बच्चियों को पाठ्य सामग्री का वितरण


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को चिराग (चेतनालय) विद्यालय में नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण को समर्पित एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इनरव्हील ऑफ राजगीर टीम की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय में आवासीय शिक्षा प्राप्त कर रही बालिकाओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 की थीम के अनुरूप सिस्टर रोज तथा विद्यालय की बालिकाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा अनीता कुमारी गहलोत, सचिव अंजना कुमारी, संपादनकर्ता कविता प्रवीण, कोषाध्यक्ष प्रेमलता कुमारी, आईएसओ दीप्ति कौशिक और स्वीटी गुप्ता सहित टीम की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर बच्चियों के बीच लेखन पुस्तिका, पेंसिल, कलम, ईरेजर के साथ-साथ पौधे और चॉकलेट का वितरण किया।

# गयाजी में चिड़ियाघर स्थापना को राज्य सरकार की सैद्धांतिक सहमति

## डा. प्रेम कुमार ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर के साथ गया जिले में चिड़ियाघर की स्थापना सहित अन्य मुद्दों पर उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा गया जिले में चिड़ियाघर की स्थापना को सैद्धांतिक सहमति मिल चुकी है। इस प्रस्ताव के लिए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। अनुमति मिलते ही विभाग द्वारा गया जिले में चिड़ियाघर की स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री के दूरदर्शी विजन के तहत संचालित जल-जीवन-हरियाली अभियान पर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने, जल संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में जल-जीवन-हरियाली अभियान की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने आनंद किशोर को बिहार के हरित आवरण को बढ़ाने और विभिन्न राजमार्गों पर हरित पट्टी विकसित करने के संबंध में सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पटना जिले के विभिन्न प्रवेश मार्गों के साथ-साथ राज्य के अन्य प्रवेश मार्गों पर भी हरित पट्टी विकसित की जानी चाहिए, ताकि राज्य में प्रवेश करने वाले लोगों को हरित बिहार की सकारात्मक झलक मिल सके। अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने कहा कि इस दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र ही कार्य शुरू कराया जाएगा।।

# खटनही पोखरा के सौंदर्यीकरण से खुलेंगे पर्यटन के नए आयाम

## 52 बीघा में फैला ऐतिहासिक जलाशय, छठ घाट व यात्री शेड से बढ़ी सुविधाएं, विकास की अपार संभावनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गयाजी)।** प्रखंड की तिनेरी पंचायत अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक खटनही पोखरा में हाल के वर्षों में हुए विकास कार्यों के बाद इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग तेज हो गई है। लगभग 52 बीघा में फैला यह विशाल जलाशय ददरेजी, रफीगंज मुख्य पथ पर स्थित है, जिससे इसकी भौगोलिक स्थिति भी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब के सौजन्य से यहां दो छठ घाटों का निर्माण कराया गया है, जिससे छठ व्रतियों को काफी सुविधा मिल रही है। साथ ही तीन यात्री शेड का निर्माण भी किया गया है, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को विश्राम की समुचित व्यवस्था मिल सके। इसके अतिरिक्त पेवर ब्लॉक बिछाने एवं छायादार चबूतरे का निर्माण भी कराया गया है, जिससे परिसर की सुंदरता और उपयोगिता बढ़ी है। ग्रामीणों के सहयोग से परिसर में एक मंदिर का निर्माण किया गया है, जबकि एक अन्य मंदिर अर्धनिर्मित अवस्था में है। मनरेगा योजना के तहत वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया है। परिसर में ग्राम कचहरी भवन, एक पुराना कुआं, दो चापाकल तथा चंद्रवंशी भवन स्थित है। संत रैदास की प्रतिमा एवं कब्रिस्तान की उपस्थिति इस स्थल को सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनाती है। हालांकि, गांव की नालियों का पानी इसी पोखरा में गिरने से जल की स्वच्छता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पोखरा का समुचित सौंदर्यीकरण, जल संरक्षण, नाला-निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था एवं नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, तो यह स्थल एक आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। बताया जाता है कि यह पोखरा ऐतिहासिक रूप से राजा बाबन सुब्बा के काल से जुड़ा हुआ है तथा काबर के 52 बीघा में स्थित काबर गढ़ से इसका संबंध माना जाता है। इसके ऐतिहासिक महत्व और विशाल क्षेत्रफल को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर विशेष पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सरपंच प्रतिनिधि मो शाहिद उर्फ साहु, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, राजद नेता मो आकिब आलम, नागेंद्र कुमार, ज्योति यादव, अरुण कुमार, मनु यादव, सियामणी देवी, सविता देवी, श्रीकांत मिस्त्री, राम नारायण सिंह एवं राम ईश्वर यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने मांग की है कि इस ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण करते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, ताकि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी सृजित हो सकें।

# जवाहर नवोदय विद्यालय बजौरा में 'बैगलेस डे' पर नशामुक्ति व फूड वेस्टेज जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**डोभी।** गयाजी जिले के डोभी प्रखंड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय, बजौरा में 'बैगलेस डे' और पेस सेटिंग एक्टिविटी के तहत विकसित भारत के लिए नशामुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों और भोजन की बर्बादी रोकने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग की संस्था हेल्पिंग इंडिया, फीडिंग इंडिया के मुख्य सलाहकार जितेंद्र कुमार भारतीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए युवाओं में बढ़ रही नशाखोरी पर चिंता जताई। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा बजौरा गांव के प्राथमिक, मध्य और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के डाइनिंग हॉल में बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई, जहां विद्यार्थियों ने भोजन ग्रहण किया और उन्हें भोजन को बर्बाद नहीं करने का संदेश दिया गया। पेस सेटिंग एक्टिविटी के तहत फूड वेस्टेज विषय पर भी विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के संस्थापक अभिजीत कुमार ने बताया कि भोजन की बर्बादी रोककर उसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को भोजन की महत्ता समझाते हुए इसे बर्बाद नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य एन.एन. मिश्रा ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य भुवनेश्वर साहा, कार्यक्रम संचालिका नेहा कुमारी चौधरी सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# आमस में अमित कुमार सिंह ने अंचलाधिकारी का पदभार संभाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** आमस अंचल में शनिवार को नए अंचलाधिकारी के रूप में अमित कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे शेरघाटी अंचल में राजस्व पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए उन्हें आमस अंचलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पदभार संभालते ही उन्होंने अंचल कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की तथा कार्यालय में लंबित मामलों और चल रहे कार्यों की जानकारी ली। पदभार ग्रहण करने के बाद अमित कुमार सिंह ने कहा कि अंचल क्षेत्र में भूमि, राजस्व और अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कार्यालय में पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और उनका समय पर निष्पादन किया जाएगा।

इसी क्रम में शनिवार को अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, लगान रसीद कटवाने और अन्य राजस्व से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। नए अंचलाधिकारी के पदभार ग्रहण करने से क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि अब प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी।

# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया गया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों व क्षमताओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में नवाचारी शिक्षक बृजेश कुमार पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का सशक्त होना बेहद जरूरी है और इसके लिए शिक्षा सबसे मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज और देश के विकास पर पड़ता है। उन्होंने छात्राओं को अपने जीवन का स्पष्ट लक्ष्य तय करने, निरंतर मेहनत करने और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों को नवाचार, शिक्षा और आत्मसम्मान के महत्व से भी अवगत कराया गया। शिक्षक ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं खेल, संगीत, तकनीक और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से नई पहचान बना रही हैं। उन्होंने छात्राओं से इन क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।

# सरकारी सहायता की बाट जोह रहे युवक को मिला व्हील चेयर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी जिले के फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत फतेहपुर के इटवां मोहल्ला निवासी अजय साव के दिव्यांग पुत्र के लिए एक छोटी लेकिन संवेदनशील पहल उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। आर्थिक और शारीरिक रूप से असहाय इस युवक को अब तक सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल सका है जिससे परिवार लंबे समय से परेशानी झेल रहा है। दिव्यांग युवक ने बताया जाता है कि वह चलने-फिरने में असमर्थ है और उसे दैनिक कार्यों के लिए भी दूसरों के सहारे की जरूरत पड़ती है। अपनी विवशता बताते हुए उसने सरकारी सहायता की उम्मीद जताई है ताकि वह अपने जीवन को थोड़ी सहजता के साथ जी सके। इसी बीच मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक परिवार ने जरूरतमंद युवक की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। समाजसेवी भावना से प्रेरित होकर परिवार की माता ने दिव्यांग युवक को स्नेहपूर्वक एक व्हील साइकिल भेंट की। वहीं उनके छोटे भाई, टीवी और फिल्म कलाकार अनूप कुमार सिंह, भी इस नेक कार्य में आगे आए और जरूरतमंद युवक के लिए व्हील चेयर घर तक पहुंचाई। वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व शिवबालक सिंह की धर्मपत्नी रेणु देवी ने कहा कि हम सभी लोगो को लाचार व असहाय जरूरतमंद जनों के प्रति हमेशा अपनत्व,ममत्व का भाव के साथ सेवारत की भावना को आत्मसात करने की जरूरत है। ताकि लाचार व असहाय जरूरतजनों को जीवन में कुछ ख़ुशी का पल हासिल कराने में सफल हो सकें। वरीय पत्रकार सह बिहार विधानसभा प्रेस सलाहकार समिति के सदस्य व केंद्रीय राजभाषा (एमएसएमई विभाग) हिंदी सलाहकार समिति सदस्य राजेश कुमार (मिक्की) के परिवार का कहना है कि वे भले ही बड़े स्तर पर सेवा करने में सक्षम न हैं, लेकिन जरूरतमंदों के प्रति अपनत्व और ममत्व की भावना हमेशा उन्हें मदद के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर अधिवक्ता रंजीत कुमार, पत्रकार सुधीर कुमार आदि मौजूद थे।

## अभियुक्त को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**डोभी/गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बहेरा थाना पुलिस ने कांड संख्या 41/25 में कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस कांड में धारा 30(थ) बीपीई एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त सदाबृक्ष मांझी, पिता राजेंद्र मांझी, निवासी ग्राम गुरियामा, थाना मोहनपुर, जिला गया को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बहेरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को उसके आवास से पकड़ा।

# महिला दिवस की पूर्व संध्या पर स्नातकोत्तर उर्दू विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग में 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कक्षा गतिविधि के अंतर्गत पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ सिम्मी इकबाल के संबोधन से हुई। उन्होंने अपने वक्तव्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके संघर्ष और उनकी उपलब्धियों को स्मरण करने का अवसर देता है। साथ ही यह महिलाओं के प्रति स्नेह, सम्मान और समानता की भावना को मजबूत करने का भी संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान विभाग के विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और स्नेह की भावनाओं को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कश्फी परवीन, शमा परवीन, रोशन कोनेन, मदहत नाज़नीन, फतहुन निसा, जेबा नाज, उजमा परवीन, नेहा परवीन, खुशबू परवीन, खुशनुमा परवीन, सादिया तसनीम और तसनीम फातिमा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में रचनात्मकता, भाषा की शुद्धता और लेखन की सुंदरता के आधार पर कश्फी परवीन को प्रथम, शमा परवीन को द्वितीय, मदहत नाज़नीन को तृतीय और रोशन कोनेन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में डॉ शकीला निगार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और कार्यक्रम का समापन किया।

# हर खेत और फसल का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड

## डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ता बिहार का कृषि क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे को व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है। यह एग्री-स्टैक परियोजना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसका उद्देश्य कृषि फसल सर्वेक्षण की पारंपरिक प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर उसे अधिक पारदर्शी, त्वरित और सुव्यवस्थित बनाना है।

उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से किसानों द्वारा अपने खेतों में बोयी गई प्रत्येक फसल से संबंधित भू-खण्ड आधारित जानकारी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से एकत्र की जाती है। इससे प्रत्येक कृषि भू-खण्ड के लिए रियल टाइम में फसल क्षेत्र का सटीक आकलन संभव हो पाता है। इस डिजिटल डाटाबेस के माध्यम से फसलों के वास्तविक आच्छादन क्षेत्र की सटीक जानकारी उपलब्ध होती है, जो फसल विपणन, भंडारण प्रबंधन, फसल बीमा योजनाओं और कृषि से जुड़े नीतिगत निर्णयों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मंत्री ने बताया कि बिहार में पिछले तीन फसली मौसमों से डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निरंतर किया जा रहा है। रबी 2023-24 में 5 पायलट जिलों से 10 जनवरी 2024 को इस पहल की शुरुआत की गई। उसी मौसम के अंत तक 15 अन्य जिलों को भी इसमें शामिल किया गया। इस प्रकार कुल 20 जिलों के 1,700 ग्रामों के 11.56 लाख प्रस्तावित प्लॉट्स में से 9.87 लाख प्लॉट्स पर डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया गया। खरीफ 2024 में यह पहल और विस्तारित हुई, जिसमें 2,200 ग्रामों के 17.35 लाख प्लॉट्स में से 16.59 लाख प्लॉट्स का सर्वे सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

रबी 2024-25 में 28 जिलों के 7,187 राजस्व ग्रामों के 49.37 लाख प्लॉट्स में से 48.54 लाख प्लॉट्स पर डिजिटल सर्वे कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने आगे बताया कि खरीफ 2025 में इस पहल का और व्यापक विस्तार करते हुए राज्य के सभी 38 जिलों के 32,707 राजस्व ग्रामों के कुल 1,54,02,156 प्लॉट्स में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया गया। इसी क्रम में रबी 2025-26 के लिए 30,416 राजस्व ग्रामों के 1,97,74,227 प्लॉट्स में डिजिटल क्रॉप सर्वे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 1 करोड़ 5 लाख से अधिक कृषि प्लॉट्स का डिजिटल सर्वे सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है। मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे से प्राप्त सटीक और रियल टाइम आंकड़ों के आधार पर सरकार फसल बीमा, प्राकृतिक आपदा राहत, बाजार प्रबंधन और कृषि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में और अधिक सक्षम हो रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार में डिजिटल कृषि व्यवस्था को मजबूत करने, किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने तथा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# आम जनता के मामलों में लापरवाही नहीं चलेगी : सीके अनिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पुराना सचिवालय स्थित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यालय कक्ष में शनिवार को पटना जिले के अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने की। इस दौरान राजस्व से संबंधित विभिन्न सेवाओं की प्रगति और लंबित मामलों की स्थिति की सख्ती से समीक्षा की गई। बैठक में परिमार्जन प्लस के लंबित आवेदनों, दाखिल-खारिज और अपील वादों, बिहार भूमि विवाद निवारण अधिनियम, 2009 के तहत लंबित मामलों, लगान की अद्यतन स्थिति, सैरात बंदोबस्ती तथा राजस्व पदाधिकारियों के क्षेत्र में लंबित प्रकरणों के निष्पादन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई।

### 26 अधिकारियों की टीम करेगी औचक निरीक्षण

प्रधान सचिव श्री अनिल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने और राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके। समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव ने अधिकारियों को इस माह राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लगान वसूली सहित अन्य राजस्व से जुड़े लक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। बैठक के उपरांत मुख्यालय स्तर से 26 अधिकारियों की टीम गठित कर अंचल एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। सभी निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को सोमवार तक अपनी निरीक्षण रिपोर्ट मुख्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में सचिव गोपाल मीणा, सचिव श्री जय सिंह, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, अपर सचिव आजीव वत्सराज, उप निदेशक मोना झा सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिहार दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

भागलपुर। जिले में बिहार दिवस के आयोजन को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता मे विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह प्रभारी पदाधिकारी (सामान्य शाखा) ने विगत वर्ष में आयोजित बिहार दिवस की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया। तत्पश्चात सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि स्थानीय सैंडिस कंपाउंड में 22 एवं 23 मार्च को बिहार दिवस 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यंजन मेला और विभिन्न विभागों की स्टाल लगाए जाएंगे। स्टॉल में संबंधित विभागों के कार्यों एवं योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा भागलपुर शहर के शिक्षण संस्थानों में निबंध प्रतियोगिता, वाक प्रतियोगिता, प्रिंटिंग प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करवाये जाएंगे। सभी विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर भागलपुर के वैसे विद्यार्थी या वैसे व्यक्ति जिन्होंने किसी क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

# अडाणी पावर प्लांट में मनाया गया सुरक्षा दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती स्थित निर्माणाधीन अदाणी पावर प्लांट में शनिवार को 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत सुरक्षा दिवस कार्यक्रम के साथ की गई। पीरपैंती अडानी पावर प्लांट के परिसर में सुरक्षा ध्वजारोहण के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मौके पर उपस्थित परियोजना प्रमुख राजीव गोयल ने सभी कर्मचारियों और श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी से हर कार्य को सुरक्षित तरीके से करने और सुरक्षा नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इसके बाद कर्मचारियों और श्रमिकों की भागीदारी के साथ सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से कार्यस्थल पर सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया गया।

सुरक्षा सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए सुरक्षा स्लोगन प्रतियोगिता, सुरक्षा क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता और सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटना मुक्त कार्यस्थल का निर्माण करना है। सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह 12 मार्च 2026 को आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी तथा ठेका कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पीकअप हादसे के पीड़ित परिवार से मिले विधायक

**कोंच (गयाजी) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक अजय दांगी शनिवार को काबर पंचायत के काजी बिगहा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने हाल ही में हुए सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढ़स बंधाया और अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान विधायक ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उनके साथ किशोर यादव, सुनील यादव, लालू यादव, मो. नेहाल सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि बुधवार को आमस थाना क्षेत्र के करमाइन मोड़ के समीप राजापुर पुल के पास जीटी रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई थी।

संपादकीय

# बेगुनाहों की मौत का दोषी कौन?

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच जबर्दस्त जंग छिड़े छह दिन हो चुके हैं और इसके जल्द थमने के आसार नहीं है। उल्टे इसका विस्तार ही होता जा रहा है। यह भीषण युद्ध जिन भी कारणों से हो रहा हो, लेकिन इसका कहर उन आम लोगों पर टूट रहा है, जिनका युद्ध से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है। दक्षिणी ईरान के शहर मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल पर हुए हमले में 160 से ज्यादा छात्राओं और स्कूल स्टाफ के जनाजे एक साथ निकले तो दुनिया के हर संवेदनशील इंसान की आंखें नम हो गईं। ईरान का आरोप है कि यह हमला इजराइल ने किया। जबकि इजराइल ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। अमेरिका ने भी हमले की जिम्मेदारी लेने के बजाए यह कहा है कि हम जांच करवा रहे हैं कि यह हमला किसने किया। अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा कि अमेरिका जानबूझकर किसी स्कूल को निशाना नहीं बनाएगा। नागरिक ढांचे को निशाना बनाने में हमारी कोई रुचि नहीं है और साफ़ तौर पर ऐसा करने का कोई कारण भी नहीं है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार कार्यालय ने ईरान में एक लड़कियों के स्कूल पर हुए हमले की जांच कराने की मांग की है। बच्चियों के अंतिम संस्कार का लाइव प्रसारण ईरान के सरकारी टेलीविज़न पर अंतिम संस्कार कार्यक्रम प्रसारित किया गया। इस्लामिक रिपब्लिक के झंडे में लिपटे ताबूतों को भीड़ के बीच से ले जाया गया। इस बीच आसपास की आवाज़ें उन माता-पिता के दुख को बयां कर रहीं थीं जिन्होंने अपनी बेटियों को खोया है। ईरानी अधिकारियों के अनुसार शनिवार सुबह स्कूल पर तीन मिसाइलें दागी गईं। उनमें से एक स्कूल पर जा गिरी। यह स्कूल आईआरजीसी के एक अड्डे से क़रीब 600 मीटर की दूरी पर था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने इसे 'बर्बर कृत्य' बताते हुए इसे 'हमलावरों की ओर से किए गए अनगिनत अपराधों के रिकॉर्ड का एक और काला पन्ना' कहा। इस दर्दनाक घटना ने बारह साल पहले पाकिस्तान में आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान (टीटीपी) द्वारा पेशावर के एक आर्मी स्कूल पर हमला कर 132 स्कूली बच्चों समेत 145 लोगों की मौत को घाट उतारने की याद ताजा करा दी। हालांकि पाक सुरक्षा बलों ने कुछ हमलावरों को मार गिराया। बताया जाता है कि टीटीपी ने यह हमला स्त्री शिक्षा की लड़ाई लड़ने वाली मलाला युसुफजई को नोबेल का शांति का पुरस्कार देने के विरोध में किया था। यह उनके मूर्खतापूर्ण कट्टरपंथी सोच का ही नतीजा थी। पेशावर की घटना तो सीधे तौर पर आंतकी हमला था, लेकिन ईरान में जो हुआ, वह आपसी युद्ध का नतीजा ज्यादा है। यह घटना इतनी ह्रदय विदारक थी कि भारत में जिसने भी यह दृश्य देखा, उसकी आंखों से आंसू निकल आए। यह बात अलग है कि पाकिस्तान और उसकी सरकार पर इसका कोई असर नहीं हुआ। वह भले ही टीटीपी को आंतकी संगठन बताती हो, लेकिन खुद कई आतंकी संगठनों को पोस रही है। जाहिर है कि किसी को आम और बेगुनाहों लोगों के मारे जाने की कोई चिंता नहीं है। देशों को, राजनेताओं को अपने स्वार्थों से मतलब है। ईरान में मरहूम अयातुल्लाह खामेनेई ठीक कर रहे थे, यह कोई नहीं कह सकता, लेकिन इजराइल या अमेरिका उसका बदला आम लोगों की हत्याएं करके ले, यह भी कहीं से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उधर ईरान भी बदले की आग में झुलस रहा है और किसी कीमत पर झुकने को तैयार नहीं है।

# युद्ध और बच्चे : क्या दोष है उनका

**युद्ध के विषय में महात्मा गांधी ने कहा था 'जब तक युद्ध के कारणों को नहीं समझा जाएगा और उनको जड़ से नष्ट नहीं किया जाएगा तब तक युद्ध को रोकने के सारे प्रयास व्यर्थ सिद्ध होंगे। क्या आधुनिक युद्धों का प्रमुख कारण दुनिया की तथाकथित दुर्बल प्रजातियों के शोषण के लिए मची अमानवीय होड़ नहीं है ?' महात्मा गांधी के युद्ध के संदर्भ में दिए गए विचार आज भी प्रासंगिक है। वर्तमान में इजरायल के द्वारा ईरान पर किए गए हमले को बानगी के तौर पर देखा जा सकता है। इस हमले में 150 बच्चियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और साथ ही अयातुल्ला खामेनेई की नातिन जेहरा मोहम्मदी की भी हत्या हो गई है जो महज 14 माह की थी।**

**चित्रा माली**

दोनों देशों के राजनीतिक पक्ष या विपक्ष से परे सिर्फ देश के भविष्य या कहें विश्व के भविष्य को केंद्र में रखकर बात कर रही हूं। दो या दो से अधिक राष्ट्रों के बीच सशस्त्र सेनाओं के संघर्ष को युद्ध कहा जाता है। लेकिन इस युद्ध से सबसे अधिक प्रभावित,बच्चे,बूढ़े और महिलाएं होती हैं और उनके द्वारा लगातार युद्ध का नकार किया जाता रहा है। युद्ध का नकार सर्वप्रथम मोहिस्ट दार्शनिक स्कूल द्वारा किया गया था। बावजूद इसके कि वे युद्धरत पॉलिटिकल समय में रहते थे और किलेबंदी के विज्ञान को विकसित कर रहे थे। 20वीं शताब्दी में युद्ध के नकार और युद्ध की विभीषिका के खतरों को खत्म करने के दुखोबोर्स (विश्व शांति के लिए कार्य करने वाला एक संप्रदाय) के द्वारा नग्न होकर सिलसिलेवार प्रदर्शन किए गए थे। नग्न प्रदर्शन का मकसद अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित करना और युद्ध की विभीषिका से रू-ब-रू करवाना था। यह नग्न प्रदर्शन एक रणनीति के तहत किए गए थे। जिनमें आधुनिक नारों का समावेश किया गया था। जिसमें 'निशस्त्रीकरण के लिए कपड़े उतारना' और 'शांति के लिए नग्नता' जैसे नारों का इस्तेमाल किया गया था। युद्धों को रोकने के लिए व शांति को कायम रखने के लिए अहिंसक प्रयास महिलाओं के द्वारा अधिक किए गए हैं क्योंकि वे ही युद्धों की अधिक विक्टिम रही हैं। इनमें वूमेंस पीस पार्टी,इंटरनेशनल कमिटी ऑफ वीमेन फ़ॉर पर्मानेंट पीस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संदर्भ में अमेरिकी कांग्रेस की पहली महिला सदस्य जीनेट रानकिन ने अमेरिका के महायुद्धों में शामिल होने के प्रस्तावों का अकेले विरोध किया था। द्वितीय विश्वयुद्ध का विरोध करने वाली वे एकमात्र महिला थीं। इसके अतिरिक्त भी महिलाओं के द्वारा युद्धों के खिलाफ अहिंसक प्रतिरोधों की एक व्यापक श्रृंखला है जो नए नए तरीकों से प्रतिकार करती आई हैं और आज भी कर रही है। बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं और अगर भावी भविष्य को उज्ज्वल देखना चाहते हैं तो बच्चों को गरिमामय,सम्मानपूर्ण और स्वतंत्रतापूर्वक विकास के अवसर प्रदान किए जाने आवश्यक है। दो विश्व युद्धों की विभीषिका के बाद मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा 10 दिसंबर 1948 में की गई थी, लेकिन इसके भी पूर्व 1924 में राष्ट्र संघ ने बाल अधिकारों की घोषणा जारी की थी जिससे देश के भविष्य को संरक्षित संवर्धित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जारी मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के अंतर्गत भी संयुक्त राष्ट्र संघ ने विशेष हिदायत दी है कि 'बचपन पर विशेष ध्यान और सहायता की आवश्यकता है। बच्चों के विकास और खुशहाली के लिए उसे आवश्यक संरक्षण और सहायता मिलनी चाहिए जिससे वह समाज में अपनी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से निभा सकें। 'बच्चों को समाज में अपने विशिष्ट व्यक्तित्व के साथ जीने के लिए तैयार किया जाना चाहिए और उनका पालन - पोषण संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा - पत्र के आदर्शों की भावना शांति,सहिष्णुता, स्वतंत्रता, समानता और परस्पर एकता की भावना के अनुरूप होना चाहिए। मानवाधिकारों के सार्वभौमिक घोषणा - पत्र के अनुच्छेद 24 में भी प्रत्येक बच्चे को 'नस्ल, रंग, लिंग, भाषा, धर्म, राष्ट्रीय या सामाजिक मूल,संपत्ति या जन्म पर आधारित किसी भी तरह के भेदभाव के बिना अपने परिवार,समाज और राज्य से संरक्षण के ऐसे साधन प्राप्त करने के अधिकार को मान्यता दी गई है जो उसकी नाबालिग हैसियत के अनुसार आवश्यक है। बच्चे के नाम,पंजीकरण और राष्ट्रीयता प्राप्त करने के अधिकार को भी इस अनुच्छेद में मान्यता दी गई है। बच्चे की देखरेख और शिक्षा संबंधी अधिकार उसके अभिभावकों को दिए गए हैं'। 1959 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी बाल अधिकारों की घोषणा की थी। नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा 1966 में (अनुच्छेद 23 व 24 में) तथा आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा 1966 के (अनुच्छेद 10) में भी बच्चों के कल्याण से जुड़ी विशिष्ट संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से संबंधित विधानों और प्रपत्रों को मान्यता प्रदान की गई है। तदुपरांत 20 नवंबर 1989 में बाल अधिकारों का अंतरराष्ट्रीय अभिसमय (कन्वेंशन) हुआ तथा उसकी सिफारिशों को 1990 में लागू कर दिया गया।

26 जनवरी 1990 में सत्र के पहले ही दिन 61 राष्ट्रों ने इस बाल-अधिकार के अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए थे। वर्तमान में इस अंतरराष्ट्रीय समझौते पर विश्व के 193 राष्ट्रों की सरकारों ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। बाल अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय अभिसमय में 54 अनुच्छेद हैं जिनमें विविध प्रकार के प्रावधानों को भी शामिल किया गया है। बाल अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय अभिसमय में बच्चों की सुरक्षा पर अधिक बल दिया गया है। 'शारीरिक तथा मानसिक रूप से अपरिपक्व होने के कारण,बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष उपायों और देखभाल की आवश्यकता है। इसमें जन्म से पूर्व तथा बाद में भी समुचित कानूनी संरक्षण प्राप्त होना चाहिए '। बाल अधिकारों के अंतरराष्ट्रीय अभिसमय में सर्वप्रथम बच्चा किसे माना जाए उसकी उम्र क्या हो इस पर काफी विचार विमर्श के बाद तथा विभिन्न देशों में आंशिक विधिक योग्यता के बावजूद मानवाधिकारों की दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को बच्चा/ बालक माना जाएगा। इसी के साथ यह भी तय हुआ कि बाल - अधिकार में प्रत्येक अधिकार की समान हैसियत होगी और किसी एक अधिकार के नाम पर दूसरे किसी अधिकार का अतिक्रमण नहीं किया जा सकेगा। अभिसमय में यह भी माना गया कि बच्चा अधिकारों का सक्रिय भोक्ता है उसे परिवार की संपत्ति की तरह नहीं माना जा सकता है प्रत्येक बच्चे को प्राकृतिक अधिकार के साथ जीवन के अधिकार, नागरिक, सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक बच्चे का एक नाम और राष्ट्रीयता हो पारिवार संबंधी जानकारी हो इसका भी ध्यान रखा गया है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ सूचना प्राप्ति का अधिकार और हानिकारक सूचनाओं से बचाव के अधिकार को भी शामिल किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात इस अभिसमय की यह है कि इसमें बच्चों की निजता - प्राइवेसी के अधिकार पर भी ध्यान दिया गया है तथा उल्लेख किया गया है कि बच्चे के आत्मसम्मान और प्रतिष्ठा को क्षति नहीं पहुंचाई जा सकती है।बच्चे के विकास के अधिकार में शिक्षा,मनोरंजन, खेलों में भाग लेने व कलात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने का और इनके साधन प्राप्त करने का तथा अपने से संबंधित न्यायिक और प्रशासनिक मामलों में भी अभिव्यक्ति का अधिकार है। इस अधिकार के अंतर्गत ही माता-पिता के तलाक संबंधी मामलों में भी बच्चे की राय ली जाती है। इन सभी अधिकारों में प्राथमिकता,बच्चे के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और संरक्षण को दी गई है और बीमार हो जाने पर स्वास्थ्य सुविधा पाने का भी अधिकार है। बच्चों की खरीद फरोख्त, अपहरण, व्यापार तथा स्वतंत्रता से वंचित न किए जाने सामाजिक सुरक्षा,सामाजिक बीमा और आर्थिक शोषण से मुक्ति के प्रावधान को भी शामिल किया गया हैं। किसी भी बच्चे को उसके माता पिता से जबरन अलग नहीं किया जा सकता है, अवैध रूप से कहीं भी नहीं भेजा जा सकता है तथा वापस आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। इस अभिसमय के अनुच्छेद 38 में उल्लेख किया गया है कि 'सशस्त्र संघर्ष (युद्ध) की स्थिति में नागरिकों को बचाने के अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत अपने दायित्वों की पूर्ति के अनुरूप ही,समस्त सदस्य देशों को युद्ध से प्रभावित बच्चों के संरक्षण और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास करेंगे'। इसके अतिरिक्त शरणार्थी, विकलांग, अल्पसंख्यक व आदिवासी बच्चों के लिए विशेष प्रावधान को स्वीकार किया गया है। किसी भी बच्चे को उसके अधिकारों से वंचित न किया जाए और उनके साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो इसकी जिम्मेदारी माता पिता,अभिभावक,राज्य के साथ साथ संपूर्ण मानव समाज व मानव जाति की भी है इसका अभिप्राय यह है कि अगर कोई भी बच्चा अपने अधिकारों से वंचित किया जाता है तो यह पूरे समाज के साथ साथ पूरे विश्व की गैरजिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है। वर्तमान में जारी इजरायल और ईरान युद्ध और इसके पूर्व इजरायल और हमास युद्ध से प्रभावित बच्चों के वीडियोज और तस्वीरों से हम उनकी स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं कि किस प्रकार से उनसे उनके जीवन जीने के अधिकार को छीना जा रहा है और उनके अन्य अधिकारों का भी लगातार हनन हो रहा है। बच्चों के अधिकारों का हनन कहीं न कहीं मानवता के क्षरण का भी प्रतीक है।

अध्यात्म

## कमजोर बनाने वाली हर एक आवाज को अनसुना करें

एक बार एक सीधे पहाड़ में चढ़ने की प्रतियोगिता हुई. बहुत लोगों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता को देखने वालों की सब जगह भीड़ जमा हो गयी. माहौल में सरगर्मी थी , हर तरफ शोर ही शोर था. प्रतियोगियों ने चढ़ना शुरू किया। लेकिन सीधे पहाड़ को देखकर भीड़ में एकत्र हुए किसी भी आदमी को ये यकीन नहीं हुआ कि कोई भी व्यक्ति ऊपर तक पहुंच पायेगा ... हर तरफ यही सुनाई देता ...' अरे ये बहुत कठिन है. ये लोग कभी भी सीधे पहाड़ पर नहीं चढ़ पायंगे, सफलता का तो कोई सवाल ही नहीं, इतने सीधे पहाड़ पर तो चढ़ा ही नहीं जा सकता और यही हो भी रहा था, जो भी आदमी कोशिश करता, वो थोडा ऊपर जाकर नीचे गिर जाता, कई लोग दो -तीन बार गिरने के बावजूद अपने प्रयास में लगे हुए थे ...पर भीड़ तो अभी भी चिल्लाये जा रही थी, ये नहीं हो सकता, असंभव और वो उत्साहित प्रतियोगी भी ये सुन-सुनकर हताश हो गए और अपना प्रयास धीरे धीरे करके छोड़ने लगे, लेकिन उन्हीं लोगों के बीच एक प्रतियोगी था, जो बार -बार गिरने पर भी उसी जोश के साथ ऊपर पहाड़ पर चढ़ने में लगा हुआ था ....वो लगातार ऊपर की ओर बढ़ता रहा और अंततः वह सीधे पहाड़ के ऊपर पहुच गया और इस प्रतियोगिता का विजेता बना. उसकी जीत पर सभी को बड़ा आश्चर्य हुआ, सभी लोग उसे घेर कर खड़े हो गए और पूछने लगे, तुमने ये असंभव काम कैसे कर दिखाया, भला तुम्हे अपना लक्ष्य प्राप्त करने की शक्ति कहाँ से मिली, ज़रा हमें भी तो बताओ कि तुमने ये विजय कैसे प्राप्त की ? तभी पीछे से एक आवाज़ आई ... अरे उससे क्या पूछते हो, वो तो बहरा है तभी उस व्यक्ति ने कहा कि हर नकारात्मक बात के लिए -' मैं बहरा था, बहरा हूँ और बहरा रहूँगा '. दोस्तों, हम सब के अंदर असीम सम्भावनाएं होती हैं और अपना लक्ष्य प्राप्त करने की क्षमताएँ भी होती हैं लेकिन हम अपने परिवेश और मौजूदा वातावरण में फैले नकारात्मकता की वजह से खुद को काम आंकते हैं और हिम्मत हार जाते हैं, और इसी वजह से अपने बड़े से बड़े और छोटे से छोटे सपनों के साथ समझौता कर लेते हैं और उन्हें बिना पूरा किये ही जिंदगी गुजर देते हैं। हमें कमजोर बनाने वाली हर एक आवाज को अनसुना करें और उसके प्रति बहरे हो जाएँ तथा हर उस दृश्य के प्रति अंधे हो जाएँ जो हमें सफलता के शिखर तक पहुँचने से रोकते हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# महिलाओं के योगदान को मिलती नई पहचान



**डॉ. रूणा आनंद**

एक जिद थी,
बस जिद करने की,
यह जिद अपने आप ही,
पूर्णता थी ढ्ढ
हर उस प्रारंभ की,
जो अपूर्ण, अभेद सा था,
बस जिद थी,
अंगारों पर,
उम्मीदों का खड़ाऊ पहन,
छाले भरे पगो से,
प्रारंभ से पूर्णता को,
भेद कर,
फिर एक नई जिद की

यह विचार हर महिला के मन में आया होगा, जो इतिहास बनाने या बदलने में विश्वास रखती थी या जो हर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक अन्याय को अपूर्ण या अभेद लगता था. चाहे यह सिर्फ बस की एक सीट की जिद से शुरू हुआ हो, जिसने नस्लीय अन्याय के खिलाफ क्रांति का रूप ले लिया हो, या एक पेड़ से लिपट कर विकास के साथ विस्थापन और प्रकृति की रक्षा को याद दिलाना हो, या नशे में डूबते परिवार को बचने के लिए शराब बंदी कानून बनवाना हो या स्थ्रश्चञ्जह्ह आन्दोलन शुरू कर ऐसे कई सम्मानित लोगों का असली चेहरा सामने लाकर सजा दिलवाना हो ढ्ढविश्व में महिलाओं का योगदान सभ्यता के सृजन, संरक्षण और संवर्धन की एक निरंतर प्रक्रिया रहा है, जो मात्र सहभागी तक सीमित नहीं रही है। इन्होंने हर क्षेत्र में अपनी एक जिद को क्रांति में बदल कर पुनर्निर्माण किया है और नारी शक्ति को पुनः परिभाषित किया है ऋग्वैदिक काल में गार्गी, मैत्रेयीलोपामुद्रा, अपालाजैसी विदुषियों ने नारी की बौद्धिक शक्ति को स्थापित किया। दूसरी तरफ नारी शक्ति ने अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए उस पति को छोड़ जिसके लिए चोदह वर्ष इंतजार किया धरती की गोद में समा जाना उचित समझा, अपने हर कर्तव्य को निभाया लेकिन स्वाभिमान के साथ समझौता नहीं किया पुरुषों का अहंकार जब कभी रावण या दुर्योधन के रूप में नारी को अपमानित करने का प्रयास किया, उसका अंत पूरे कुल के विनाश के साथ हुआ ढ्ढमध्यकाल में भक्ति आंदोलन के समय मीरा बाई की भक्ति ने उन्हें राधा जैसी देवी के समकक्ष ला दिया, जिसने धार्मिक क्षेत्र में एक मौन क्रांति ला दी, और पुरी स्त्री जाती के लिए बिना कर्मकांड के सगुण भक्ति का द्वार खोल दिया, जन्हा किसी मधस्थ की आवश्यकता नहीं थी ढ्ढभारतीय स्वतंत्रता आंदोलन ने महिलाओं के योगदान को विस्मृत करना आसन न होगा, अनगिनत महिलायों ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका दी, रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, एनीबेसेंट, सरोजिनी नायडू, अरुणाआसफ अली, रानी चेन्नम्माआदि जैसी कितनी ही स्वतंत्रता सेनानियों ने मातृभूमि के लिए, नेतृत्व क्षमता, युद्ध कौशल, और अपना सर्वस्व अर्पणकर दिया, लेकिन यह बलिदान व्यर्थ नहीं गया स्वतंत्र भारत के संविधान में महिलाओं को समान नागरिक और मताधिकार देने की आधार भी डाली। इसके बाद महिलायों ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, उद्यमितारक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और शासन व्यवस्था आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य किया, उनकी भागीदारी अब नीति-निर्माण और कार्यान्वयन तक विस्तृत हो गई पंचायती राज्यों में निरंतर इनकी भूमिका बदी है, हर नीति को समझने अपने गाँव को विकसित, आत्मनिर्भर बनाने का और 'मुखिया पति' के साये से बाहर निकलने का प्रयत्न जारी है 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (2023) के स्वीकृत होने से भारत के संसदीय वृत्तांत में एक नूतन युग शुरू हुआ है, जो महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33त्न आरक्षण देता है। भविष्यकाल में यह कानून विधायी प्रतिष्ठानों में स्त्रियों की संख्यात्मक और गुणात्मक साझेदारी को संतुलित करेगा।लेकिन महिलाओं के लिए राजनीति इतनी भी आसन नहीं थी, गूंगी गुडिया का ताना सुनने वाली एक पतली दुबली काया की जिद ने पुरे विश्व को दिखा दिया था की इन्सान की ताकत शारीर से नहीं बल्कि अपनी आत्मशक्ति से होता है, जो न कभी अपने शत्रु के सामने झुकी न कभी देश के सम्मान पर आंच आने दिया सही है एक मुख्यमंत्री घरेलू और बहुत पढ़ी-लिखी नहीं थी, लेकिन उसने भी यह सिखाया की जो घर संभल सकती हैं वो राजनीति भी करना जानती हैं इतिहास भरा है कभी किसी राजनीतिक महिला की साडीखींचने की कोशिश की गई, किसी नेत्री पर गेस्ट हाउस में हमला करने की कोशिश की गई, कई प्रकार के शारीरिक, मानसिक,आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक आदि कष्टों का सामना करना पड़ा ढ्ढ परिणाम क्या हुआ ? इन सब ने राजनीति की दिशा और दशा ही बदल दी राजनीति में इनका योगदान मिल का पत्थर साबित होगा आसन दिखता है लेकिन आसन नहीं होता जब एक महिला घर से निकलती है काम के लिए, कितने ही तरह के प्रतिकारों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जिद होती है हार नहीं मानने की अगर वो जीतती हैं तो एक महिला अकेली नहीं होती, उसके साथ कितनी अन्य महिलायों के सपने देखने और उनको पूरा करने की उम्मीद जीतती है और जब हारती है, तब भी वह अकेली नहीं होती।भारत के 'सॉफ्ट पॉवर' बनने में 'स्पेस डिप्लोमेसी' का महत्वपूर्ण योगदान है, और उसमें भी महिला वैज्ञानिकों ने अभूतपूर्व कार्य किया है जैस%चंद्रयान-3%, मंगलयान, अग्नि मिसाइल परियोजना आदि ढ्ढभारतीय वायुसेना में महिलाएँ सुखोई-30 और मिराज-2000 जैसे लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, औरमहिला अधिकारियों सोफिया कुरैशी आदिने 'ऑपरेशन सिंदूर'जैसी सैन्य कार्रवाइयों में अपनी दक्षता और सामरिक कौशल का प्रमाण दिया है। आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं की पकड़ मजबूत हुई है बैंकिंग से लेकर बड़े बड़े उद्योगों, स्टार्टअप लघु उद्योग, स्वयं सहायता समूह, जीविका दीदियाँ आदि के द्वारा अपना प्रभाव बढ रही हैं। ग्रामीण महिलाओं ने भी अपने आप को डिजिटल साक्षर बना कर विश्व बाजार से जोड़ा है।यद्यपिमहिलाओं ने सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है, परंतु अभी भी सुधार की अपार गुंजाइश है।विश्व की कोई भी क्रांति रूस, फ्रांस, भारत आदि महिलायों के भागीदारी के बिना नहीं हुई, और ये प्रयास नया गढ़ने का, पुराना ताना-बना तोड़ कर एक नए प्रारंभ की जिद हमेशा बनी रहेगी ढ्ढ नए समाज की चुनौतियां भी विकट है- साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन उत्पीड़न, लिव-इन में हिंसा, बच्चियों- महिलायों के विरुद्ध होने वाली यौन हिंसा, कार्य स्थल की प्रतारणा आदि महिलाओं को आज के डिजिटल लोकतान्त्रिकपरिपेक्षेय में अपने आप को ससक्त करने के लिए तीन पहलुओं पर कार्य करने की आवशकता है ('THREE-E'– EDUCATION, ECONOMICINDE-PENDENCE,ANDEQUITY) शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता एवं समता अंत में आज जो नारी जाती को सुगम प्रतीत होता है, उसके लिए पता नहीं कितनी महिलायों ने संघर्ष करिये, इसलिए इस स्वतंत्रता, सुविधा और अधिकारों का दुरुपयोग भी नहीं होना चाहिए, इससे आने वाली पीढ़ी के प्रति जो हमारा उतर्दयितवहै उसके साथ छल होगाढ्ढ हमें अपने हर उस विरासत की रक्षा करनी होगी जिसने महिलायों को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाई है, क्योंकि समाज के पुरुष वर्ग ने भी समय-समय पर अपने हिस्से का समर्थन हमें दिया है, एक अच्छा पिता, भाई, बेटा, दोस्त, शिक्षक, शासक, या नयध्धिश के रूप मेंढ्ढ अतः समाज के दोनों ही स्तम्भ का मजबूत और सहयोगी होना नितांत आवश्यक है क्यूंकि 'समर अभी शेष है', इस यज्ञ में जितनी भी समिधा मिले स्वागत पूर्ण स्वीकार करना चाहिए.

**( लेखिका बी डी कॉलेज , पटना में राजनीति शास्त्र विभाग में सहायक प्राध्यापक हैं )**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा और बाकी दिनों से कहीं ज्यादा सकारात्मक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने की संभावना है।

**वृषभ**
आज आपके अंदर आगे बढ़ने और खुद को साबित करने की प्रबल इच्छा रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपको मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा ।

**मिथुन**
आज आपको हर काम में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। व्यवसाय में बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा, जिससे मन संतुष्ट रहेगा। छोटे बच्चों की खुशी के लिए आप कोई उपहार ला सकते हैं।

**सिंह**
आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन खास रहने वाला है, क्योंकि उन्हें मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा।

**कन्या**
आज का दिन सफलता और संतोष लेकर आएगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला**
करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत दे रहा है। रुका हुआ या डूबा धन वापस मिलने से मानसिक राहत और खुशी दोनों मिलेंगी।

**वृश्चिक**
आज आपके आसपास का माहौल सकारात्मक और आनंदमय रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कला से लोगों का विश्वास जीतेंगे।

**धनु**
आज का दिन प्रगति और उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी पहचान और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं, साथ ही वेतन वृद्धि की संभावना भी है।

**मकर**
आज का दिन रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। आप नई योजनाओं और सृजनात्मक कार्यों में उत्साह से भाग लेंगे। जरूरतमंद की मदद करने से मन को सुकून मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने और आर्थिक संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। आसपास के लोगों को पहचानना जरूरी होगा।

**मीन**
आज का दिन उपलब्धियों और सम्मान का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर आपके सामने आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जान से मारने की धमकी, छह लोगों को किया नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली की संध्या मसौढी थाने क्षेत्र के सरवां गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में मारपीट और फायरिंग करने के मामले में दूसरे पक्ष ने भी शुक्रवार को मसौढी थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है, इस मामले में कमला देवी पति स्वर्गीय रघुवंश नारायण सिंह के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा गया है कि जब हम घर में अकेले बैठे हुए थे उस वक्त राजेश पासवान पिता स्व वासो पासवान दीपू कुमार, राजीव कुमार पिता स्व मधेश पासवान, अंकित कुमार, गजेंद्र कुमार, बबलू पासवान, दीपक कुमार के साथ 10 अज्ञात लोग आए और मारपीट करने लगे,हमें जान से मारने की कोशिश की हमारे पति राज कपूर सिंह बचाने आए उनके साथ भी मारपीट की, हमारी बहू के साथ बदसलूकी किया एवं छिनतई की, इसके साथ हवाई फायरिंग कर धमकी देकर चले गए, इस पूरे मामले में पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच में जुटी है।

### मारपीट में दूसरे पक्ष ने भी छह लोगों को किया नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बैरमचक गांव में आपसी विवाद में दो गुटों में आपसी झड़प में पहले पक्ष पूनिया देवी पति रंजीत बिंद ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी, जिसको लेकर दूसरे पक्ष के श्यामलाल बिंद पिता स्वर्गीय जवाहर बिंद ने भी छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। जिसमें दिए गए आवेदन के आलोक में लिखा है कि जब हमारी पत्नी शौच के लिए बाहर गई थी तो लौटते वक्त गांव के लिए तकरीबन 6 लोगों ने उसके साथ जबरन मारपीट की लोहे के रॉड से जख्मी कर दिया जब हम बचाने गए और हमारे दामाद बचाने गए उन्हें भी लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी कर दिया है जिस पर हाथ कट गया है इस पूरे मामले में चंदन कुमार ,आदित्य कुमार पिता रंजीत बिंद, भुवनेश्वर उर्फ झोटेला, सूरज कुमार, पुनिया देवी, सुन्ती देवी आदि पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आवेदन पर पुलिस जांच कर रही हैं।

### पुलिस की गाड़ी पर पथराव मामले पर तीन नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के सेवई गांव में बीते गुरुवार की देर शाम को एक विवाद को सुलझाने गई पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर शिशा क्षतिग्रस्त कर दिया जाने मामले पर पुलिस के बयान पर तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 5 अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है, जिसमे भीम पासवान, मुकुल कुमार एवं रमेश पासवान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए कार्रवाई में जुट गई है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि सेवई गांव में बिजली चौधरी और भीम पासवान के बीच परती जमीन में चार पहिया वाहन लगाने को लेकर विवाद हो रहा था जैसे ही सूचना मिली पुलिस वहां पर सुलझाने गई तो कुछ लोगों ने पुलिस की गाड़ी को देखकर ईट पत्थर चलाना शुरू कर दिए जिसमें डायल 112 की गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया था,हालांकि पुलिस के कहीं चोट नहीं लगी है इस मामले में दो लोग को हिरासत में भी लिया गया था,पुलिस गाड़ी क्षतिग्रस्त करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### फरार 5 वारंटी गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर धनरूआ पुलिस इन दोनों वारंटियों की धर पकड अभियान के तहत शुक्रवार की देर शाम को पांच वारंटी अभियुक्त को सांडा गांव से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया फरार वारंटियों के खिलाफ चल रहे हैं अभियान के दौरान पांच वारंटी पकड़ा गया है जिसमें गिरफ्तार



वारंटी में सामदेव बिंद पिता रामेश्वर विंद उर्फ वासुदेव बिंद, मिथलेश बिंद पिता जगदीश बिंद,छोटू बिंद पिता ललन बिंद,मुनेश्वर बिंद पिता सामदेव बिंद सभी सा0 सांडा गांव के निवासी है।वहीं वारंटी अभियुक्त कुर्की जप्ती में राजो दास पिता रामबाबू दास सा0 बरनी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ कुर्ती जप्ती का इश्तेहार साटा गया था।

### जमीन के अंदर गाडकर रखे थे महुआ शराब, ऑपरेशन देसी शराब के तहत कारवाई

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत मसौढी पुलिस देसी शराब बनाने वाले शराब माफियाओं के लिए काल बन गये हैं। दरअसल इन दोनों मसौढी पुलिस होली से पहले से ही सभी मुसहरी में ताबड़ तोड़





छापेमारी कर शराब भट्टी तोड़ने में लगी है और यह कार्रवाई निरंतर चल रही है। शनिवार के दिन भी मसौढ़ी पुलिस ने विभिन्न मुसहरी में जाकर सैकडों की संख्या में भठ्ठीयों को ध्वस्त करते हुए जमीन के अंदर गाड़े गए ड्रम को खोदकर निकालकर सैकड़ो लीटर महुआ जावा गुड घोल को नष्ट किया है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि शराब कारोबारी अब जमीन के अंदर जावा महुआ गुड घोल को छुपा कर रख रहे हैं और फिर उसके बाद शराब चुलाते हैं। लेकिन पुलिस की निगाह जमीन से लेकर आसमान तक नजरे पैनी रख रहे है और लगातार पूरे मसौढ़ी को ड्राई क्षेत्र बनाने को लेकर ताबड़तोड़ टीम गठित करते हुए निरंतर कार्रवाई की जा रही है इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मची हुई है।

### तृतीय राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तृतीय राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का आयोजन आगामी 8 से 10 मार्च तक उच्च विद्यालय सिंगरियावाँ के खेल मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार की संध्या में होगी। टूर्नामेंट में पटना,उत्तर प्रदेश, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल की महिला टीमें भाग लेंगी। 8 मार्च को पटना और उत्तर प्रदेश के बीच उद्घाटन मैच, 9 मार्च को झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच मैच खेला जाएगा।

# करजान ताजपुर पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण करने अथमलगोला पहुंचे सीएम नीतीश कुमार





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की राजनीति में चल रहे उलटफेर की खबरों के बीच अचानक मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शनिवार को करजान ताजपुर पुल निर्माण कार्य प्रगति का निरीक्षण करने अथमलगोला पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने बख्तियारपुर में निमार्णाधीन आर ओ बी का भी निरीक्षण किया। लेकिन निर्माण की गति धीमी देखकर मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। इसके बाद अथमलगोला पहुंचे सीएम नीतीश कुमार ने करजान ताजपुर पुल निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश देते निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद एनडीए कार्यकताओं ने विकास पुरुष जिंदाबाद, नीतीश कुमार जिंदाबाद, देश का नेता कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो के नारे लगाए। सभी कार्यकताओं को आश्वस्त करते हुए सीएम ने कहा कि मैने पहले भी कहा है कि सब हो जाएगा, मेरी नजर है।इस निर्माण कार्य के पूरा होने से उत्तर बिहार एवं दक्षिण बिहार के बीच एक और संपर्कता बनेगी।हमलोग राज्य में लगातार सड़क, पुल/पुलियों एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण करा रहे हैं। सभी निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है ताकि बिहार विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो और आने वाले समय में देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सके।

# 18 मार्च को पटना में होगा वामदलों का महाजुटान

## यूजीसी की रैली की तैयारी को लेकर मसौढी में बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 18 मार्च को पटना में बड़ी संख्या में वामदलों का महाजुटान होने जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड स्तर पर बैठक की जा रही है। ऐसे में मसौढ़ी स्थित भाकपा माले पार्टी कार्यालय मे शनिवार को बैठक आहूत की गई, जहाँ बैठक शुरू होने से पहले फअ के राज्य सह सचिव कॉमरेड पंचम मांझी को एक मिनट मौन रखकर तथा पार्टी के अन्य दिवगंत साथी को याद किया गया, बैठक की अध्यक्षता फअ के जिलाध्यक्ष साधु शरण ने कि। बैठक मे फअ के राज्य कार्यालय सचिव कॉमरेड विनय कुमार ने कहा की आने वाले 18 मार्च को वक्फ़ के सवाल पर समता महाजुटान पटना मे रैली की तैयारी करने के लिए बैठक बुलाई गई है,फअ के जिला सचिव कॉमरेड मिथलेश कुमार, शशि रंजन कुमार, बबलू चौधरी , हरेंद्र दास, सुरेन्द्र कुमार, विमल पासवान, अंजित



कुमार, रवि कुमार शिव कुमार, प्रदुम कुमार, मंटु दास, सोहराई , दिपक राज कुमार अन्य साथी मौजूद रहे और सभी साथियों ने कहा की आने वाले 18 मार्च को पटना मे नौजवानो की संख्या की भागीदारी अधिक से अधिक ताकी पुरजोर तरीके से सरकार के समक्ष इस सवाल पर घेर कर यूजीसी रेगुलेशन को लागू करवाने की मांग की जाएगी।

# होली के बाद वापसी को लेकर ट्रेनों में रेल यात्रियों की बढ़ी भीड़



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** होली के बाद अब दूर-दराज से आये लोग अपने काम पर लौटने लगे हैं. जिसके कारण ट्रेनों में भीड़ की स्थिति बन गयी है। शनिवार को कुछ ऐसा ही नजारा पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला. जहां ट्रेन आकर रुकी. इस ट्रेन से यात्रा करने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ उमड पडी। रेल यात्रियों ने बताया कि वे लोग समीप के प्रांत में मजदूरी करते हैं. होली मनाने के बाद वे लोग अपने कार्य स्थल पर जा रहे हैं. कुछ अन्य रेल यात्रियों ने बताया कि दूर दराज के इलाके में नौकरी और मजदूरी करने वाले लोग रविवार को अपने कार्यस्थल के लिए रवाना होंगे। और सोमवार को अपने कार्यस्थल पर पहुंच जाएंगे. बता दें कि मजदूर वर्ग के कम ही लोग आरक्षित श्रेणी में यात्रा करते हैं. जबकि अधिकतर लोग जनरल बोगी में यात्रा करते हैं. हालांकि होली से पहले ही आरक्षित श्रेणी में कई ट्रेनों में नो रूम की स्थिति बनी हुई है. ऐसे में जिन लोगों ने पहले ही आरक्षित टिकट बना रखी है उनके लिए तो परेशानी की कोई बात नहीं है, परंतु जिन लोगों ने अब तक आरक्षित टिकट नहीं ली है. उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल

## मसौढी में सर्वे और प्रशिक्षण हुआ शुरू



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को मसौढी प्रखंड परियोजना कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहाँ परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत द्वितीय किस्त के भुगतान, पात्रता मापदंड व समय-सीमा के अनुरूप कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को अधिकतम दो लाख रुपये तक की सहायता चार चरणों में दी जाएगी। पहली किस्त 20 हजार रुपये की होगी, जिसमें लाभुक महिला को 5 हजार रुपये का अंशदान भी करना होगा। इसके बाद दूसरी किस्त में 40 हजार, तीसरी में 80 हजार और अंतिम चरण में 60 हजार रुपये दिए जाएंगे। विशेष परिस्थितियों में किसी महिला को एकमुश्त दो लाख रुपये देने का प्रावधान भी है, लेकिन इसके लिए राज्य स्तर पर गठित समिति की अनुशंसा आवश्यक होगी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। सर्वे और प्रशिक्षण के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि दी गई राशि का सही उपयोग हो।वही प्रशिक्षण कार्यशाला में एरिया कोऑर्डिनेटर श्वेता कुमारी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं है। बल्कि जीविका से जुड़ी दीदियों को स्थायी एवं सफल रोजगार स्थापित करने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 38 हजार से अधिक दीदियों को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रथम किस्त की राशि प्रदान की जा चुकी है। अब अगला लक्ष्य सभी पात्र लाभार्थी दीदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप द्वितीय किस्त का भुगतान सुनिश्चित करना है। मौके पर नदौल संकुल मे एरिया कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश कुमार, ने भी प्रशिक्षण दिया, एवं नोडल पदाधिकारी युसूफ सिद्दीकी समेत सभी सीएम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

# पालीगंज में इफ्तार पार्टी का आयोजन, आपसी भाईचारे का दिया संदेश

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर शनिवार को पालीगंज स्थित पथ निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न समुदायों के लोगों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार पार्टी में रोजेदारों ने सूर्यास्त के बाद सामूहिक रूप से रोजा खोला तथा देश-प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर उपस्थित मो. इरफान वारिस ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम और मानवता की सेवा का संदेश देता है। इफ्तार पार्टी जैसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में रोजेदारों के लिए खजूर, फल, शरबत सहित अन्य



पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। इफ्तार पार्टी के संयोजक मो. इरफान वारिस, फैसल आलम, जावेद हुसैन, सदाकत हुसैन, अनवर हुसैन, साहिद मालिक, सरफराज मालिक, सगीर आलम, टीपू आलम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में शांति व भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में आपसी प्रेम और सौहार्द को और मजबूत बनाते हैं।

# पीजी रेलखंड के मसौढी कोर्ट हॉल्ट पर तकरीबन 1 साल से नहीं कट रहा है टिकट, यात्रियों में पनप रहा आक्रोश




**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के मसौढी कोर्ट हॉल्ट पर तकरीबन 1 साल से टिकट कटना बंद हो गया है ।नतीजतन ट्रेन यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रहा है, जिसकी वजह से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मजबूरन सभी रेलवे यात्री बेटिकट ट्रेन की यात्रा करने को विवश हो रहे हैं. हालांकि बिना टिकट यात्रा करने वाले कई यात्री की परेशानी इस कदर बढ़ गई है कि पटना जंक्शन या गया जंक्शन पर विदाउट टिकट चेकिंग में पकड़े जाने पर जुमार्ना का भय उन्हें सता रहा है। ऐसे में अब रेल यात्रियों के बीच आक्रोश पनप रहा है।दरअसल बताया जाता है कि पटना गया रेलखंड के मसौढी कोर्ट हॉल्ट पर टिकट नहीं मिल पा रहा है. डुमरी जंक्शन पर टिकट काटने वाले कर्मचारी ने बताया कि 5 साल के लिए रेलवे हॉल्ट पर टिकट काटने का लीज मिलता है. लीज रिनुअल करने के लिए पत्र भेजा गया है. रोजाना टिकट लेने के लिए यात्री आ रहे हैं, लेकिन हमारे पास टिकट ही नहीं है. जब तक सिटीई से मंजूरी नहीं मिल जाती है, तब तक टिकट नहीं मिलेगी. बहरहाल ट्रेन से सफर करने वाले यात्री फिलहाल परेशान है। यात्रियों में अशोक कुमार, सुनीता देवी, राजमणि देवी, रंजू कुमारी,, आदि ने कहा कि रेलवे प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए अन्यथा रेलवे हॉल्ट से ट्रेन यात्री बेटिकट जाएंगे. कहीं पकड़े जाएंगे तो उन्हें जुमार्ना देना पड़ेगा. वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से यात्री रेलवे प्रशासन के प्रति आक्रोश भी व्यक्त कर रहे हैं।मसौढ़ी कोर्ट हॉल्ट पर टिकट काउंटर महीनों से बंद होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। टिकट न कटने के कारण यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने पर मजबूर होना पड़ रहा है या फिर उन्हें नजदीकी बड़े स्टेशन जाकर टिकट लेना पड़ रहा है।

# दो कमरे के जर्जर भवन में चल रहा है मसौढी का उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज,दहशत मे होती है पढाई





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर मुख्यालय का एक ऐसा विद्यालय जो कई वर्षो से जर्जर भवन में संचालित हो रहा है। जहां न केवल छात्र-छात्रा बल्कि शिक्षक शिक्षिका भी दहशत के बीच पठन-पाठन कर रहे हैं।जिसको लेकर कई बार इसकी दयनीय हालतों के बारे मे अवगत करवाया गया है बावजूद आला अधिकारी उदासीन बने है। दरअसल उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज विद्यालय में दो कमरे हैं जहां कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई होती हैं। लेकिन दोनों कमरे काफी जर्जर हालत में हैं। छत का प्लास्टर गिर रहा है हाल ही में स्कूल परिसर में पढ़ाई के दौरान बाहरी छज्जा टूट कर गिर गया जहां बरामदे मे.पढ रहे कई बच्चे चोटील होते-होते बच गए। ऐसे में कोई अप्रिय घटना न घट जाए जिसको लेकर लगातार छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच में दहशत बना हुआ रहता है। छत से प्लास्टर गिरने की कई बार घटनाएं घट चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई है। इसके अलावा जगह नहीं के रहने के कारण आज ही बच्चे जमीन पर दरी पर बैठकर ही पठन-पाठन करते हैं,स्कूल मे शौचालय की सुविधा भी नही है। उर्दू प्राथमिक विद्यालय रहमतगंज में तकरीबन 136 नामांकित बच्चे हैं और तकरीबन 6 शिक्षक शिक्षिकाएं हैं बावजूद आज तक विभागीय उदासीनता के कारण इस विद्यालय का भवन का पनी बदहाली का आंसू बहा रहा है। नतीजन छात्र-छात्रा शिक्षकों को बीच दहशत में पठन-पाठन चल रहा है। स्कूल में पढ़ रहे छात्राओं में तमजीम आलम, अब्दुल सलाम, फैजाम, मोहम्मद आरिफ,गुलशन,रकीबा प्रवीण जोया प्रवीण एवं शिक्षकों में अफसाना,अन्नपूर्णा कुमारी आदि शिक्षकों ने बताया कि कई बार जिला मुख्यालय को स्कूल के जर्जर हालत के बाद सूचना दी गई है,एवं ई शिक्षा कोष पोर्टल पर भी डाला गया है इसके अलावा त्राहिमाम संदेश भी दिए गए हैं बावजूद आज तक इस विद्यालय के भवन निर्माण के बारे में कोई पहल नहीं हो पाई है।

# बिहार पुलिस की शहीद अलका अनुपम की स्मृति में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट

## सांडा ने झारखंड को 4-1 से हराकर जीती ट्रॉफी





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस की जवान अलका अनुपम के शहादत दिवस के अवसर पर धनरूआ प्रखंड के सांडा गांव स्थित खेल मैदान में राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन किया गया। फाइनल मैच एक्सेंट फुटबॉल क्लब झारखंड और युवा शक्ति फुटबॉल क्लब सांडा के बीच खेला गया, जिसमें मेजबान टीम सांडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड की टीम को 4-1 गोल से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।मैच का उद्घाटन पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पैक्स प्रबंधक सुरेंद्र कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में सूर्यदेव ठाकुर, मनीष कुमार, अमरजीत कुमार, नवीन कुमार सहित कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।मुकाबले की शुरूआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने तेज और रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। खेल शुरू होने के कुछ ही देर बाद युवा शक्ति फुटबॉल क्लब सांडा के खिलाड़ियों ने पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद हाफ टाइम तक मुकाबला काफी संघर्षपूर्ण रहा और दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।हाफ टाइम के बाद सांडा की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए लगातार तीन गोल दाग दिए, जिससे मैच पूरी तरह उसके पक्ष में हो गया। झारखंड की टीम ने भी अंत तक प्रयास जारी रखा और मैच समाप्ति के कुछ क्षण पहले एक गोल कर सम्मानजनक वापसी की कोशिश की, लेकिन तब तक सांडा की जीत लगभग तय हो चुकी थी। अंततः युवा शक्ति फुटबॉल क्लब सांडा ने 4-1 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ईवीएम वेयर हॉउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, मुंगेर निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा किला परिसर इंडोर स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हॉउस का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बताया कि आज ईवीएम वेयर हॉउस का रूटीन निरीक्षण किया गया है। इस दौरान बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के पश्चात वहां रखें गए सीलिंग किए ईवीएम के रख रखाव कि जांच कि गई। जांच में सभी ईवीएम सुरक्षित रूप से संरक्षित पाया गया। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश अनुसार ईवीएम वेयर हॉउस का त्रेमासिक आंतरिक रूप से निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है, उसी क्रम में आज निरीक्षण किया गया। जबकि प्रत्येक माह बाह्य रूप से निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है।

### हिन्दी अधिकार सह सम्मान मंच के गठन पर बैठक

**आरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में शनिवार को हिन्दी अधिकार सह सम्मान मंच की प्रथम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के हिन्दी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में हिन्दी के अकादमिक और रचनात्मक विकास को लेकर



विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. बजरंग प्रताप केसरी ने की। उन्होंने कहा कि हिन्दी के अकादमिक और रचनात्मक उत्थान के लिए शिक्षकों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। साथ ही हिन्दी को राजभाषा के रूप में उसकी उचित गरिमा दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। बैठक में प्रो. रणविजय कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. नवनीत कुमार राय, नीलाम्बुज सिंह, डॉ. मुकेश कुमार राम, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. चुन्नन कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. शुचि स्नेहा और डॉ. ज्योति समेत कई शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विभाग के शोधार्थी आनंद, संदीप, प्रीतम, जाह्नवी, वंदना, संजू और आकाश सहित स्नातकोत्तर के कई छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। बैठक में हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसके अधिकार व सम्मान को बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

### बाराहाट अस्पताल परिसर में वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षित करने का संदेश दिया

**पर्यावरण को संरक्षित करना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी हैः साकेत सौरभ**

**बाराहाट,बांका/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज बांका पावर ग्रिड हाउस कॉरपोरेशन के बैनर तले बाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उसके आसपास के स्थानों पर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए बांका पावर ग्रिड के प्रभारी साकेत सौरभ,विपुल मिश्रा, उमा शंकर सिंह, बाराहाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रश्मि सीमा के



द्वारा द्वारा 5 पौधा लगाया गया। वहीं पावर ग्रिड उप केंद्र बांका के प्रभारी साकेत सौरभ ने कहा - हम सभी जनमानस के लिए पर्यावरण काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा - हरियाली रहेगी तभी हम लोग स्वस्थ्य और सुंदर रहेंगे। उन्होंने इसके लिए समय समय पर जागरुकता अभियान चलाने की भी बाते कहीं। पौधारोपण कार्यक्रम के मौके पर बाराहाट स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार,डॉ नीलांबर नीलय, बाराहाट भाजपा नेता शंकर प्रसाद चौधरी सहित दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### महिला कबड्डी लीग में सीवान की नौ बेटियां दिखाएंगी दम

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिनांक 11 से 17 मार्च 2026 को पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं बिहार राज्य कबड्डी संघ के संयुक्त तत्वाधान में लगातार दूसरे वर्ष महिला कबड्डी लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य है कि आने वाले समय में कबड्डी के क्षेत्र में जमीनी स्तर से खिलाड़ी बेहतर परफॉर्मेंस करें ।राष्ट्रीय एवं अतराष्ट्रीय स्तर तक के प्रतियोगिताओं में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इस लीग में सिवान से नौ खिलाड़ी शिबू खातून, पूजा कुमारी ,स्मिता कुमारी लक्ष्मी कुमारी एवं गुड़िया कुमारी रजनी राय, रेखा यादव , अंकु कुमारीइस प्रतियोगिता में चार अलग-अलग टीमों से खेलते हुए नजर आएंगी।। यह प्रतियोगिता 11 से 17 मार्च तक आयोजित हो रही है। इस बात की सूचना देते हुए सिवान जिला कबड्डी संघ के सभापति मनोरंजन कुमार सिंह ने बताया कि अपार हर्ष का विषय है कि अब हमारे सिवान जिला से भी लड़कियां कबड्डी के क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर रही है और आने वाले समय में यह राष्ट्रीय स्तर तक नाम रोशन करेंगी। खिलाड़ियों के सफलता पर कबड्डी संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, संयुक्त सचिव रविकांत राम, हरिकांत कुमार, अंकित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान संरक्षक डॉक्टर रामेश्वर सिंह, सरोज सिंह राणा, उमेश राम, रिंकू कुमारी, अमन सिंह ने खुशी व्यक्त किया है।

### अंतिम दिन तीन अध्यक्ष प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**बसंतपुर /सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में शनिवार को प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन अध्यक्ष व सदस्य पद के लिए नामांकन दाखिल किया गया। दूसरे दिन तीन पैक्स-बसंतपुर, सारेयां श्रीकांत और कुमकुमपुर के लिए अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसंतपुर पैक्स से अध्यक्ष पद के लिए उपेंद्र राय, सारेयां श्रीकांत पैक्स से साहेब राय तथा कुमकुमपुर पैक्स से मनोज सिंह ने नामांकन किया। वहीं सदस्य पद के लिए बसंतपुर पैक्स में तीन, सारेयां श्रीकांत में आठ और कुमकुमपुर पैक्स में आठ उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।नामांकन प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ मनीष कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी कन्हैया कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी बिक्रमा मांझी, एलईओ सिद्धार्थ पाराशर, आपूर्ति पदाधिकारी अभय कुमार, शशिकांत द्विवेदी, चंदन त्रिपाठी, अमरेश कुमार, चंदन कुमार, राजकिशोर शर्मा, संतोष राय, धूमल सिंह और हरेराम कुमार राम सहित कई कर्मी मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**बसंतपुर/सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के नाथू मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज निवासी दिनेश राय के 25 वर्षीय पुत्र शुभम राय के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुभम राय बसंतपुर थाना क्षेत्र के सीसई गांव में लगे मेले में पशु व्यापार का काम करता था। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को वह स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान नाथू मोड़ के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। बेटे की मौत की खबर सुनते ही पिता दिनेश राय व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जमीन का बकाया है लगान तो जल्द कर दें भुगतान , बकाया रहने पर इस मामले में अब होगी सख्ती

**कोईलवर (भोजपुर) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग से प्राप्त नए निर्देश के आलोक में कोईलवर अंचल प्रशासन ने सभी जमाबंदी धारकों से अपनी जमीन का राजस्व लगान शीघ्र जमा करने की अपील की है। इस संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने अब तक अपनी जमीन का राजस्व लगान नहीं भरा है, वे जल्द से जल्द इसका भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अंचल क्षेत्र में कई ऐसे जमाबंदी धारक हैं जिनका वर्षों से राजस्व लगान बकाया है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के प्रसार के लिए डीएम ने किया पौधारोपण

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर समाहरणालय परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय परिसर में पौधा रोपाण किया गया। साथ ही एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी, जिसे जिलाधिकारी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीएम आपदा संजय कुमार सिन्हा, उप



विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता प्रिया, वरीय उप समाहर्ता कुमारी श्वेता, डीपीओ आईसीडीएस गुंजन मौली, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुकन्या, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित सैकड़ों की संख्या में सेविका आदि उपस्थित थे।संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कहने को तो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक दिन का आयोजन है, जिसे हर्षोल्लास मनाया जाता है। परन्तु देखा जाए तो महिला दिवस एक दिन का कार्यक्रम नहीं उनका योगदान पुरूषों के जीवन में 365 दिन रहता है। प्रत्येक पुरूष के जीवन तथा उनकी सफलता में महिला का अहम योगदान होता है। आज हम सभी यदि इस परिसर में खड़े हैं तो इसके पीछे हमारी मां हैं। उन्होंने ही हमें जन्म दिया और बिना स्त्री के सृष्टि की कल्पना बिल्कुल कोड़ी है। महिला सशक्तिकरण के इस दौर में आज जहां हिन्दुस्तान की प्रथम महिला महामहिम राष्ट्रपति भी एक महिला ही हैं। देश के विभिन्न राज्यों में आज महिलाएं पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आज की महिलाएं सिर्फ चुल्हा-चैका या किचन तक ही सीमित नहीं रहीं, वो शिक्षित होकर न सिर्फ स्वयं का बल्कि परिवार, समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। चाहे सर्वोच्च पद आईएएस, आईपीएस हो या चिकित्सक, इंजीनियर अथवा इसरो या वैज्ञानिक, या फिर राजनीति हर क्षेत्र में आज महिलाएं पुरूषों के समकक्ष खड़ी हैं। बिहार देश का ऐसा राज्य है, जहां सबसे अधिक महिलाएं पदाधिकारी अथवा कर्मी के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जो यह दशार्ता है कि महिला सशक्तिकरण का असर देश में किस कदर हुआ। माननीय मुख्यमंत्री ने बिहार की महिलाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए जो कदम उठाए उसी का परिणाम है कि महिलाएं आज बिहार में सशक्त होकर हर क्षेत्र में खड़ी हैं। कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरूषों से भी आगे हैं। जीविका की शुरूआत महिला सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित हुआ और माननीय मुख्यमंत्री की यही सोच महिलाओं को आज सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से अपील करे हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को निश्चित रूप से शिक्षित बनाएं ताकि वे भी आपकी हमारी तरह अच्छे अच्छे पदों पर आसिन हो देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी महिला अधिकारी एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सड़क हादसे में महिला की मौत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अहवर शेख वार्ड संख्या 16 की निवासी 52 वर्षीय भागवती देवी की सड़क दुर्घटना में घायल होने के तीन दिन बाद शनिवार की सुबह बेतिया जीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मिली जानकारी के अनुसार भागवती देवी अपने पति सीताराम साह से मिलने बेतिया जेल गई थीं। पति से मुलाकात कर वह अपने दामाद धनिलाल साह के साथ बाइक से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पासवान चौक के समीप सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक उछल गई, जिससे वह संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा था। हालांकि गंभीर चोटों के कारण तीन दिन बाद शनिवार की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया।

## पेड़ से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला किशोर किशोरी का शव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के सिकटा थाना क्षेत्र के सिरिसिया गांव में एक नाबालिग प्रेमी युगल ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों एक ही दुपट्टे से बंधे हुए पाए गए, जिससे प्रेम संबंध में सामूहिक आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतकों की पहचान 16 वर्षीय सहाबुन निशा पिता इजहार अंसारी और 17 वर्षीय शेख सैदुल्लाह पिता शेख बुनाद के रूप में हुई है। दोनों सिरिसिया गांव के ही निवासी थे। घटना गांव से पश्चिम सुबा यादव के बगीचे में आम के पेड़ पर हुई, जहां शनिवार सुबह दोनों के शव लटके मिले। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।घटना की सूचना मिलते ही सिकटा थानाध्यक्ष नितिश कुमार मौर्य, नरकटियागंज एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, इंस्पेक्टर राजीव कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एफएसएल टीम के सीनियर साइंटिस्ट सुमन कुमार के नेतृत्व में फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंध को लेकर पारिवारिक सामाजिक दबाव के कारण दोनों ने यह कदम उठाया हो सकता है, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि, पुलिस आत्महत्या के साथ-साथ अन्य एंगल से भी जांच कर रही है ताकि कोई अन्य संभावना से इनकार न किया जा सके।एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चंपारण की बेटी शुभ्रा राय बनीं पहली महिला आईपीएस

**यूपीएससी में 147वीं रैंक से बढ़ाया जिले का मान**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में चंपारण की बेटी शुभ्रा राय ने शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। 6 मार्च 2026 को घोषित परिणाम में उन्होंने 147वीं रैंक प्राप्त कर पश्चिमी चंपारण की पहली महिला आईपीएस बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से मझौलिया सहित पूरे जिले में खुशी और गर्व का माहौल है।शुभ्रा राय मझौलिया थाना क्षेत्र के दुधा मठिया गांव की निवासी हैं। उनका परिवार शिक्षा और प्रशासनिक सेवा की समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। उनके दादा स्वर्गीय सच्चिदानंद राय पश्चिमी चंपारण के पहले जिला जज रह चुके हैं, जबकि उनकी दादी सावित्री राय उत्तर प्रदेश में प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यरत रही हैं।

## नरकटियागंज में जेल भवन निर्माण को लेकर चिन्हित भूमि का डीएम ने किया निरीक्षण

**रोवारी मौजा में 12 एकड़ भूमि पर बनेगा जेल भवन**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित जेल भवन के निर्माण की कवायद अब तेज हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी तरंजोत सिंह ने नरकटियागंज-लौरिया मुख्य मार्ग पर स्थित रोवारी मौजा में जेल के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने भूमि की चौहद्दी, सुरक्षा मानकों और यातायात सुलभता जैसे मुख्य बिंदुओं पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।जिलाधिकारी ने कहा कि जेल का मुख्य मार्ग पर होना प्रशासनिक दृष्टिकोण से काफी फायदेमंद होगा। इससे कैदियों के आवागमन में सुरक्षा बनी रहेगी।पुलिस की त्वरित निगरानी और आपातकालीन स्थिति में पहुंच आसान होगी। यातायात व्यवस्था सुगम होने से प्रशासनिक खर्च और समय की बचत होगी। डीएम ने अंचल अधिकारी और राजस्व विभाग की टीम को निर्देश दिया कि भूमि का सीमांकन अविलंब सुनिश्चित करें। उन्होंने बेतिया राज से संबंधित तमाम कागजी औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा है, ताकि बोर्ड ऑफ रेवेन्यू से जल्द अप्रूवल प्राप्त किया जा सके। साथ ही, निर्माण स्थल के आसपास की भौगोलिक स्थिति की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने का भी आदेश दिया गया है।एसडीएम अभिजीत कुमार गोविंदा ने बताया कि जेल निर्माण के लिए रोवारी मौजा में मुख्य सड़क के किनारे 12 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। यह भूमि बेतिया राज की है, जिसका खाता संख्या 124 और खेसरा 1933 है। बेतिया राज की जमीन होने के कारण निजी भूमि की तुलना में इसके अधिग्रहण की प्रक्रिया काफी सुगम और त्वरित होने की उम्मीद है। बता दे कि नरकटियागंज अनुमंडल क्षेत्र के कैदियों को बेतिया या अन्य जेलों में ले जाने में पुलिस प्रशासन को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। स्थानीय स्तर पर जेल बनने से न केवल पुलिस को राहत मिलेगी, बल्कि बंदियों की पेशी और अन्य न्यायिक प्रक्रियाओं में भी काफी तेजी आएगी। निरीक्षण के दौरान एडीएम (राजस्व) राजीव कुमार सिंहा, अपर समाहर्ता (पीजीआरओ) सह मैनेजर बेतिया राज अनिल कुमार सिंहा, सीएस डॉ विजय कुमार चौधरी, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन, सीओ सुधांशु शेखर, थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह, आरओ अशोक कुमार, अंचल अमीन राकेश कुमार और मुन्नी कुमारी सहित कई अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाजवादी विचारधारा के सौदा करने वाले शासन का अंत समाजवादी जयचंदो की जीत : सपा

**नीतीश को पदच्युत कर भाजपा ने की लोकमत की हत्या - पप्पू**



**मुंगेर /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी विचारधारा के सौदा करने वाले नीतीश कुमार का अचानक सत्ता से बेदखल बिहार के राजनीतिक स्वरूप को बदलने की साजिश और समाजवादी जयचंदों की जीत है उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिहार के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर बिफरते हुए कहा श्री यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नाम पर वोट मांग कर बिहार के सत्ता में धमक पैदा करने वाली भाजपा अपनी राजनीतिक कौशलता से धीरे-धीरे नितीश को सत्ता से दरकिनार कर लोकमत की हत्या की साजिश कर अपने उस एजेंडों पर मोहर लगाने में सफल रहा जिसमें क्षेत्रीय पार्टियों के सफाए की साजिश है सपाध्यक्ष ने आगे कहा की सीएम अपने बेटे के सुरक्षा व राजनीतिक भविष्य के लिए राज्य के पिछड़ा अति पिछड़ा दलित अकलियत आदिवासी और शोषितों के वोट को गिरवी रख जदयू का भाजपा में विलय का स्पष्ट संकेत दे दिया है जो बिहार लगभग 35 वर्षों से देश की राजनीतिक के सामाजिक न्याय का पहरूआ बन कई कुरीतियों को समाप्त किया,उस सामाजिक न्याय का दुखद अंत बिहार के दुर्दिन और दुर्भाग्य का आगाज है जिसके विरुद्ध समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए।

## यूपीएससी : ढाका के नीरज ने 241 वीं रैंक लाकर मारी बाजी



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल सर्विस में 241 वां रैंक लाकर नीरज निश्चल ने बाजी मारी है। शुरू से ही मेधावी रहे नीरज ढाका थाना क्षेत्र के गहई के रहने वाले हैं। साथ ही शहर के भवानीपुर जिरात स्थित मकान में रहकर बचपन से मैट्रिक की पढाई की है। वर्ष 2022 में फॉरेन सर्विस की परीक्षा पास कर नीरज मध्यप्रदेश के गुणा में डीएफओ के पद पर कार्यरत है। नीरज ने बताया कि आज के समय में युवाओं को सिविल सर्विस की परीक्षा की तैयारी पूरी लग्न व मेहनत के साथ सही दिशा में करनी चाहिए। इसका जरुर रिजल्ट होगा। सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता। पिता डॉ. नागेश्वर सिंह सेवानिवृत हैं। वहीं मां प्रो. संध्या चौधरी अपने बेटे की सफलता पर काफी खुश है। चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर के नीरज ने सिविल सर्विस में बाजी मारकर बता दिया है कि सही दिशा में किया गया मेहनत रंग लाता है। कहा कि स्कूली समय में किसी कार्यक्रम में अधिकारी का जब आगमन होता था तो, उसी समय से ही यह प्रेरणा मिली की हमें भी अधिकारी बनना है। नीरज की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल है।

## विश्व में अमन चैन स्थापित करने को लेकर चर्च में जलाए गए कैंडल

**संत पॉल चर्च में मनाया गया विश्व शांति प्रार्थना दिवस**



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर जमालपुर मुख मार्ग स्थित सेंट पॉल चर्च में ईसाई समुदाय की ओर से विश्व शांति प्रार्थना दिवस मनाया गया। इस मौके पर चर्च परिसर में काफी संख्या में ईसाई धर्म से जुड़ी महिलाएं इकट्ठा होकर विश्व एवं मानव कल्याण को लेकर प्रार्थनाएं की गई। चर्च में हुए प्रार्थना विशेष कर नाइजीरिया में हुए नरसंहार एवं ईरान अमेरिका युद्ध के लिए प्रार्थना की गई। एवं अपने भारतवर्ष में प्रभु शांति प्रदान करने को लेकर कैंडल जलाई गए। प्रार्थना सभा संत पॉल महिला समिति के डॉक्टर कविता लाल के अगवानी में हुई। वही चर्च के सचिव दीपक वॉटर ने कहा ईसाई महिलाओं का एक वैश्विक सर्व धर्म वादी आंदोलन है जो न्याय और शांति के लिए सूचित प्रार्थना और प्रार्थना पूर्ण कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रत्येक वर्ष 6 मार्च के पहले शुक्रवार को आयोजित किया जाता है।इस दिन दुनिया भर के इसी विशेष कर महिलाएं शांति न्याय और समझ के लिए उपवास और प्रार्थना करते हैं यह एक दूसरे के साथ जुड़ने और सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं करने का समय होता है। मौके पर नेहा कश्यप, मनीष,लिली लाल, ललिता, मधु पंडित ने कैंडल जलाकर विशेष गीत प्रस्तुत किया।

## सीए की परीक्षा पास कर नितेश ने गांव का नाम किया रोशन

**सिवान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देश की सबसे कठिन पेशेवर परीक्षाओं में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल में इस बार ठेपहां बाजार, जिरादेई (सीवान) निवासी नितेश कुमार ने शानदार सफलता हासिल कर इतिहास रच दिया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (क्ठअक) द्वारा घोषित परिणामों में नितेश ने 600 में से 357 अंक (59.5 प्रतिशत) प्राप्त कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। परीक्षा की कठिनता को देखते हुए यह उपलब्धि अत्यंत उल्लेखनीय मानी जा रही है।

**परिणाम घोषित होते ही गांव में जश्न का माहौल**

परिणाम घोषित होते ही नितेश के घर और पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया। परिजनों, रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने मिठाइयां बांटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। यह सफलता केवल एक छात्र की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बन गई है।

**फोकस और स्मार्ट वर्क को बताया सफलता का मंत्र**

नितेश ने अपनी सफलता का श्रेय फोकस और स्मार्ट वर्क को दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने कभी भी 10 घंटे से अधिक पढ़ाई नहीं की, लेकिन जितना भी समय पढ़ाई को दिया, उसमें पूरा ध्यान केवल पढ़ाई पर ही केंद्रित रखा। उनका मानना है कि लंबे समय तक पढ़ने से ज्यादा जरूरी है सही रणनीति, एकाग्रता और स्मार्ट वर्क। तैयारी के दौरान वह हर महीने दो दिन का ब्रेक लेकर खुद को तरोताजा रखते थे, जिससे उनका मनोबल और ऊर्जा दोनों बनी रहती थी। शुरूआत में उनका आत्मविश्वास थोड़ा कम था, लेकिन नियमित रिवीजन और मॉक टेस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी तैयारी को मजबूत किया।

**स्कूली शिक्षा सीवान से हुई पूरी**

नितेश की प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, सीवान से पूरी हुई। उन्होंने कभी भी ट्यूशन नहीं ली और पढ़ाई के दौरान आने वाली शंकाओं का समाधान सीधे अपने शिक्षकों से पूछकर किया।

**परिवार ने जताया गर्व**

नितेश की इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता बेहद भावुक हो गए। उनकी मां अनीता देवी और पिता नवल किशोर प्रसाद ने कहा कि नितेश बचपन से ही मेहनती रहा है और हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा।

## विद्यालय में बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी शत प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए : बीईओ

**पीएम श्री महादेव साह उच्च विद्यालय में प्रखंड स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित**



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के सभागार में शनिवार को प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने की। जिसमें प्राथमिक, मध्य व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम के प्रखंड तकनीकी टीम के सदस्य प्रधान शिक्षक कार्तिक कुमार, शिक्षक अशोक कुमार पटेल एवं शंभू शरण गोस्वामी आदि ने भाग लिया। इस बैठक में बीईओ ने प्रधानाध्यापकों को ई- शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों का डीबीटी डाटा तत्काल अद्यतन करने का कड़ा निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि समय पर पाठ्य पुस्तक, पोशाक एवं अन्य योजनाओं की राशि लाभार्थियों के आधार-लिंक बैंक खातों में भेजने के लिए यह अति आवश्यक है। लापरवाही बरतने पर प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बीईओ ने सभी एचएम से कहा कि विद्यालय में बच्चों की ऑनलाइन हाजिरी शत प्रतिशत सुनिश्चित कराई जाए। विभाग का स्पष्ट आदेश है कि ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है। लेकिन एचएम यदि इसमें लापरवाही करते है तो पूरी प्रणाली पर सवाल खड़े हो जाते हैं। इस दौरान शिक्षक मो. कासिम ने बच्चों की ऑनलाइन हाजरी फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) से करने में होने वाली तकनीकी समस्याओं का निदान किया। बैठक के प्रारंभ में राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमरचोली के विशिष्ट शिक्षक अनिल कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनके एवं परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की गई। बैठक में बीईओ श्री सिंह ने पीबीएल एम आई पी 3.10 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामपुर, रा. उ. मध्य विद्यालय हरनरैना एवं रा. उ. मध्य विद्यालय कटकुइयां भिनक सिंह टोला शामिल है। इसके साथ ही बीईओ ने प्रत्येक विद्यालय में पीबीएल गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक दयाशंकर पंडित, डॉ अरुण कुमार, संजय कुमार निराला, मनोज कुमार दास, कुंदन कुमार, कौशल किशोर, लिपिक विनोद कुमार, लेखापाल अखिलेश्वर प्रसाद, डाटा इंट्री ऑपरेटर सुमंत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**आम सूचना**

श्रीमान रेलवे पुलिस अधीक्षक महोदय, गोरखपुर (यू पी ) के ध्यानार्थ मेरे पति राहुल कुमार, टिकट परीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, मंडल बनारस के गिरफ्तारी के संबंध में सादर सूचित करना है कि मैं पूजा कुमारी पति राहुल कुमार, थाना नौबतपुर, जिला पटना, बिहार जिनपर ऋृद्ध देवरिया में मु. अ. स. 11/2026 थानाअध्यक्ष देवरिया, रेल पुलिस के आवेदन पर पंजीकृत किया गया था के बाद उनका कोई अता-पता नहीं था। जब मैं अपने स्तर से अपने आस-पास के थाने में पता की तो मुझे पता चला कि मेरे पति पर रूपसपुर पुलिस जिला पटना, बिहार ने एक मुकदमा पंजीकृत किया है जिसका ऋृक्र संख्या 129/2026 में वे गिरफ्तार हो चुके है तथा उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस उन्हें जेल भेज चुकी है। उपरोक्त सूचना आपके कार्यालय के ध्यानार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु समर्पित है।

CMYK

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव की मीठी को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर जिले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता से प्रथम स्थान प्राप्त छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव की वर्ग नवम की छात्रा मीठी कुमारी ने निबंध प्रतियोगिता में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय, संकुल सहित पूरे प्रखंड का नाम रौशन किया है। मीठी कुमारी को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। पुरस्कार सह सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर भवन औरंगाबाद में आयोजित किया गया था। जिसमें जिला पदाधिकारी सहित जिले की सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि मीठी कुमारी एक तेज तर्रार छात्रा है। वह लगभग सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने को उत्सुक रहती है। पिछले माह मीठी ने प्रेरणा उत्सव में भी भाग लिया था। जिसमें उसका चयन जिला स्तर पर हुआ था। मीठी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता के प्रति विशेष आभार प्रकट किया है। विद्यालय के सभी शिक्षकों, अभिभावकों, छात्र छात्राओं ने मीठी कुमारी को इस सफलता पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## आग लगने से किसान का पुआल जलकर राख, मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के वाघासोती गांव में अचानक आग लगने से एक किसान का पुआल जलकर राख हो गया। घटना के बाद पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाघासोती गांव निवासी किसान कमलेश यादव के घर के समीप स्थित खलिहान में रखे पुआल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना तत्काल अग्निशमन विभाग को दी गई, जिसके बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक खलिहान में रखा सारा पुआल जलकर पूरी तरह राख हो चुका था। पीड़ित किसान कमलेश यादव ने बताया कि वे एक गरीब किसान हैं और अपने पालतू पशुओं के चारे के लिए पुआल जमा कर रखा था। आग लगने से उनका सारा पुआल जल गया, जिससे अब पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है।

# नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा नेताओं में खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर भाजपा नेताओं ने खुशी जताते हुए इसे उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा की भावना का सम्मान बताया है। नेताओं ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भी आभार व्यक्त किया। डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नंदकिशोर यादव भारतीय जनता पार्टी के ऐसे वरिष्ठ और समर्पित नेता हैं, जिन्होंने बूथ स्तर से लेकर संगठन के शीर्ष तक पार्टी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव ने वर्षों तक जनता की सेवा करते हुए बिहार की राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है। एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष तक का उनका सफर पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर यादव का नागालैंड के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होना न केवल उनके लिए बल्कि पूरे भाजपा परिवार के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उनके अनुभव, प्रशासनिक क्षमता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता से नागालैंड के विकास और प्रगति को नई दिशा मिलेगी। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की परंपरा को सदैव आगे बढ़ाती रही है और नंदकिशोर यादव की यह नियुक्ति उसी परंपरा का उदाहरण है। उन्होंने विश्वास जताया कि वे राज्यपाल के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते हुए राज्य और देश की सेवा करेंगे। इस अवसर पर नेताओं ने नंदकिशोर यादव को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता, गोपाल प्रसाद यादव और संतोष ठाकुर शामिल हैं।



# दहेज मुक्त विवाह का अनोखा उदाहरण डीहवार स्थान मंदिर में सादगी से हुई शादी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के प्रसिद्ध डीहवार स्थान मंदिर परिसर में दहेज मुक्त विवाह का एक सराहनीय उदाहरण सामने आया है। दोनों परिवारों की सहमति से बिना दहेज के सादगीपूर्ण तरीके से विवाह संपन्न कराया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने इसकी सराहना की।

जानकारी के अनुसार कजपा पंचायत के पचारिया गांव निवासी राम ध्यान यादव के 26 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार का विवाह महरी गांव निवासी चन्देशर यादव की 22 वर्षीय पुत्री आभा कुमारी के साथ कराया गया। यह विवाह पूरी तरह दहेज मुक्त रहा और मंदिर परिसर में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। विवाह समारोह में उपस्थित लोगों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए कहा कि दहेज प्रथा समाज की एक गंभीर कुरीति है, जिसे समाप्त करने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि दहेज मुक्त विवाह समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देता है और इससे सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने में मदद मिलती है। इस मौके पर पूर्व उप चेयरमैन हरेन्द्र कुमार, प्रियंका कुमारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपती के सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की।



## नाबालिग को भगाने के मामले में अभियुक्त को पांच साल सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के विशेष पोक्सो न्यायालय ने ओबरा थाना कांड संख्या 304/23 तथा पोक्सो जीआर संख्या 133/23 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक शिवलाल मेहता ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त रंजन कुमार, निवासी मायापुर, ओबरा को भादंवि की धारा 363 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा पोक्सो अधिनियम की धारा 12 के तहत दो वर्ष की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। न्यायालय ने आदेश दिया कि दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने 6 मार्च 2026 को अभियुक्त को संबंधित धाराओं में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर उसे जेल भेज दिया था। प्राथमिकी सूचक ने 17 जुलाई 2023 को ओबरा थाना में मामला दर्ज कराया था, जिसमें नाबालिग को फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया गया था। घटना के लगभग एक माह बाद पीड़िता वापस घर लौट आई थी। इस मामले में न्यायालय ने 8 नवंबर 2023 को संज्ञान लिया और 24 जनवरी 2024 को आरोप गठन किया गया। विचारण के दौरान अभियुक्त एक वर्ष एक माह से अधिक समय तक जेल में रह चुका है।

## शैक्षणिक परिभ्रमण पर निकले मध्य विद्यालय हसनपुरा के छात्र

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। मध्य विद्यालय हसनपुरा के छात्र शनिवार को ने शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए। परिभ्रमण दल को प्रधानाध्यापक नवल सिह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण छात्रों के हित में काफी उपयोगी है। इस परिभ्रमण से छात्रों को हर जगहों की जानकारी प्राप्त होगी। ऐसे भी सरकार गुणात्मक शिक्षा को ले दृढ़ संकल्पित है। सरकार द्वारा छात्रों को बेहतर शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति पोशाक के साथ मध्यान भोजन भी उपलब्ध करा रही है ताकि छात्रों को बौद्धिक एवं मानसिक विकास हो सके। कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से ३० छात्रों का दल के साथ विद्यालय के शिक्षक भी गाइड के रूप साथ गए है ताकि हर जगहों की जानकारी छात्रों को प्राप्त कराया जा सके। इस मौके पर शिक्षक निरंजन कुमार, बबन राम, शिवप्रकाश समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


## ।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा ।।

**जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की फेज–2 (माह –: मार्च 2026)**

### –: आम सूचना :–

सरकार के सचिव कृशि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रॉची राज्यादेश सं0 01 रा0 (विभाग) दिनांक 14.05.2025 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संक्रामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिवरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराएँ। विशेष पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है
(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्कतानुसार परिवर्तनीय है।)

| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| **प्रखंड :– कांडी** | | | | |
| 1 | चटनीया | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 2 | सरकोनी | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| 3 | पतीला | पंचायत भवन | 11/03/2026 एवं 12/03/2026 | |
| 4 | हरिहरपुर | पंचायत भवन | 13/03/2026 एवं 14/03/2026 | |
| 5 | मझिगाँवा | पंचायत भवन | 15/03/2026 एवं 16/03/2026 | |
| 6 | डुमरसोता | पंचायत भवन | 17/03/2026 एवं 18/03/2026 | |
| **प्रखंड :– नगरउँटारी (श्रीबंशीधर नगर)** | | | | |
| 1 | बेलासपुर | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी, भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| **प्रखंड :– गढ़वा** | | | | |
| 1 | उर्सुगी | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 रजन झा, पशु शल्य चिकित्सा पदा0,गढ़वा |
| 2 | मध्या | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| 3 | करूआ कला | पंचायत भवन | 11/03/2026 एवं 12/03/2026 | |
| 4 | परिहारा | पंचायत भवन | 13/03/2026 एवं 14/03/2026 | |
| 5 | दुबे मरहटिया | पंचायत भवन | 15/03/2026 एवं 16/03/2026 | |
| **प्रखंड :– गढ़वा** | | | | |
| 1 | नवादा | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 निरंजकान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | संग्रहे | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| 3 | अंचला | पंचायत भवन | 11/03/2026 एवं 12/03/2026 | |
| 4 | बिरबंधा | पंचायत भवन | 13/03/2026 एवं 14/03/2026 | |
| 5 | जाटा | पंचायत भवन | 15/03/2026 एवं 16/03/2026 | |
| **प्रखंड :– रमना** | | | | |
| 1 | हरदाग कला | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 चन्दन कुमार चौधरी, भ्र0प0चि0पदा0,रमना, गढ़वा |

| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| **प्रखंड :– धुरकी** | | | | |
| 1 | रक्सी | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी, गढ़वा |
| 2 | खुटिया | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| **प्रखंड :– मेराल** | | | | |
| 1 | ओखरगाड़ा(प0) | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, भ्र0प0चि0पदा0, मेराल, गढ़वा |
| 2 | पडुआ | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| 3 | तेनार | पंचायत भवन | 11/03/2026 एवं 12/03/2026 | |
| 4 | तिसरटेटुका | पंचायत भवन | 13/03/2026 एवं 14/03/2026 | |
| 5 | करकोमा | पंचायत भवन | 15/03/2026 एवं 16/03/2026 | |
| 6 | गोन्दा | पंचायत भवन | 17/03/2026 एवं 18/03/2026 | |
| 7 | लोवादाग | पंचायत भवन | 19/03/2026 एवं 20/03/2026 | |
| 8 | अरंगी | पंचायत भवन | 22/03/2026 एवं 23/03/2026 | |
| 9 | हासनदाग | पंचायत भवन | 24/03/2026 एवं 25/03/2026 | |
| 10 | चेचरिया | पंचायत भवन | 27/03/2026 एवं 28/03/2026 | |
| **प्रखंड :– मंझीआंव** | | | | |
| 1 | सोनपुरवा | पंचायत भवन | 07/03/2026 एवं 08/03/2026 | डॉ0 दिनेश कुमार भ्र0प0चि0पदा0, मझिआँव, गढ़वा |
| 2 | करमडीह | पंचायत भवन | 09/03/2026 एवं 10/03/2026 | |
| 3 | तलसबरिया | पंचायत भवन | 11/03/2026 एवं 12/03/2026 | |

नोट :–
1. शिविर स्थल के आस–पास सभी गौवशीय एवं भैसवशीय पशुओं का टैंगिंग एवं भारत पशुधन एप में निबंधन करना सुनिश्चित किया जाए।
2. शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
3. संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
4. शिविर में पशु औशधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औशधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
5. शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करेगें।
6. पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
7. शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8. संबंधित MVU Camp में आवश्यकता अनुसार कार्य करेंगें।
9. संबंधित प्रखण्ड एवं पशु चिकित्सालय कर्मी शिविर में उपस्थित होकर अपना आवश्यक सहयोग करेंगें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा।

PR 374334 Animal Husbandry(25-26)D


## बदरपुर गांव जाने वाली सड़क बदहाल, बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के रफीगंज प्रखंड के सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। करीब 12 किमी की सड़क इन दिनों काफी जर्जर रहने से ग्रामीणों की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। बता दें कि सड़क का निर्माण करीब 10 वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी। वर्षों से सड़क जर्जर अवस्था में है। इससे जहां आवागमन के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित विद्यालय में शिक्षा को ले आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं सड़क जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जर्जर सड़क का शिकार होकर चोटिल हो रहे है परंतु लोगों की समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क जर्जर होने से ग्रामीण ही नहीं गांव में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# पतेया में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के मदनपुर प्रखंड के पतेया खे्ल मैदान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। वहीं टूर्नामेंट का उद्घाटन बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह सहित ने फीता काटकर किया। इसके बाद राष्ट्रगान की प्रस्तुति के साथ मैच का शुभारंभ हुआ। मुखिया प्रतिनिधि ने बारी-बारी से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। वहीं टूर्नामेंट का पहला मैच बलियारी व खिरियावां के बीच खेला गया। जिसमें बलियारी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बलियारी की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 93 रन बनाया और खिरियावां को 94 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी खिरियावां की टीम सभी विकेट खोकर 61 रन ही बना सकी। इस तरह बलियारी की टीम ने 33 रनों से मैच को जीत लिया। वहीं मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बलियारी टीम के अंकित पांडेय को दिया गया। जिन्होंने चार विकेट झटके। इधर टूर्नामेंट का दूसरा मैच खेला गया। मैच शिवनाथ बिगहा व खिरियावां-दो टीम के बीच खेला गया। मैच में खिरियावां-दो की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाया और शिवनाथ बिगहा को 104 रनों का लक्ष्य दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी शिवनाथ बिगहा की टीम ने छह विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को हासिल कर लिया। इस तरह शिवनाथ बिगहा की टीम चार विकेट से खिरियावां-दो को हराकर विजयी हुई। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवनाथ बिगहा टीम के सुमित कुमार को दिया गया। सुमित ने 48 रनों की शानदार पारी खेली।

इधर मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि खेल में हार-जीत लगा रहता है। जो हारता है उसकी एक न एक दिन अवश्य जीत हासिल होती है। इसलिए मेहनत जारी रखे सफलता अवश्य हासिल होगी। कहा कि पतेया गांव में पहली बार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। ऐसे टूर्नामेंट से युवाओं के अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। टूर्नामेंट के सदस्य बिS सिंह, शुभम कुमार, दक्ष कुमार, विकास सिंह, मयंक सिंह, ग्रामीण रिंटू सिंह, धनंजय सिंह, पंचम सिंह, सोनू केएसपी, निखिल सिंह, अमन कुमार, पियुष सिंह चंद्रवंशी, अंकित सिंह चंद्रवंशी, राजा ठाकुर, रोहित कुमार सहित मौजूद रहे।

## आर्म्स एक्ट के आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा पुलिस ने एक आर्म्स एक्ट के पुराने मामले में आरोपित चौरी गांव निवासी बैजनाथ यादव को गिरफ्तार किया है। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि हसपुरा बाजार के पुरानी थाना रोड में भूमि विवाद को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी। जहां गोली चलने का भी मामला सामने आया था। दोनों पक्ष से मामला दर्ज की गई थी। पुलिस कारवाई करते बैजनाथ यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना हुए मध्य विद्यालय सोनवर्षा के छात्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

औरंगाबाद। प्रखंड के मध्य विद्यालय सोनबर्षा के छात्रों को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत 45 छात्रों को शैक्षणिक परिभ्रमण पर रवाना किया गया। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने झंडी दिखाकर परिभ्रमण दल को रवाना किया। प्रधानाध्यापक किरण कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना के तहत शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्रों को बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता है। सरकार द्वारा लिया गया कदम काफी सराहनीय है। शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्र रोहतास गढ़ किला ताराचंडी तुतला भवानी मंदिर व विभिन्न दार्शनिक स्थलों को जानेंगे एवं वहां की धार्मिक स्थानों से रुबरु होंगे। कहा कि सरकार शिक्षा के गुणात्मक सुधार हेतु दृढ़ संकल्पित है। जिसके लिए सरकार द्वारा चलाई गई योजना काफी लाभप्रद साबित हो रही है। समाजसेवी सुमित कुमार ने भी छात्रों को मुख्यमंत्री दर्शन योजना की सभी छात्रों को मंगलमय की कामना की।

## किसान पाठशाला में तीसी की उन्नत खेती की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। आत्मा औरंगाबाद के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम धंधवा, पंचायत मंझार में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय तीसी (अलसी) उत्पादन रखा गया, जिसमें किसानों को तीसी की उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को तीसी की उन्नत किस्मों, बुवाई की सही विधि, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण के उपायों के साथ अधिक उत्पादन प्राप्त करने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर तीसी की फसल से बेहतर उपज और आय प्राप्त की जा सकती है। कृषि कर्मियों ने किसानों को नई कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बदलते समय में आधुनिक कृषि पद्धतियों का उपयोग करना जरूरी है, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन हासिल किया जा सके। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान भी बताए गए। इस अवसर पर बीटीएम अभिषेक वत्स, एटीएम ज्योत्सना कुमारी, एटीएम अभिषेक कुमार तथा किसान सलाहकार मुकेश कुमार मौजूद रहे। किसान पाठशाला में कुल 25 किसानों सहित एक संचालक ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खेती से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं, जिनका कृषि विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। किसान पाठशाला के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने और कृषि उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया।

# प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी और बीपीएससी की तैयारी के लिए कक्षाएं शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय में संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में एसएससी और बीपीएससी की तैयारी करने वाले नव प्रवेशी ग्रीष्मकालीन छात्रों की कक्षाएं 21 फरवरी 2026 से सुचारु रूप से चल रही हैं। प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने बताया कि जो छात्र प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए बिहार सरकार के बिहार राज्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा यह प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस केंद्र में पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को बीपीएससी, एसएससी, रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराई जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान सत्र में अभी कुछ सीटें रिक्त हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं नामांकन से संबंधित जानकारी के लिए संस्थान के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

## खिरियावां पंचायत से रंजीत ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। जिले के मदनपुर प्रखंड के खिरियावां पंचायत में उप चुनाव पैक्स अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। इसी क्रम में शनिवार को रंजीत यादव ने प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने निर्वाचन सहयोग समिति सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अवतुल्य कुमार आर्य के समक्ष आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना नामांकन प्रस्तुत किया। नामांकन के बाद उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया। समर्थकों ने रंजीत यादव को फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उनके पक्ष में नारे लगाए। इस मौके पर रंजीत यादव ने कहा कि यदि उन्हें पैक्स अध्यक्ष बनने का अवसर मिलता है तो वे किसानों के हित में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## तबादले पर जिला जज निशित दयाल और न्यायिक दंडाधिकारी शुभांकर शुक्ला को विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज सप्तम निशित दयाल और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांकर शुक्ला के तबादले पर अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया और उनके कार्यकाल की सराहना की। जिला जज सप्तम निशित दयाल 13 फरवरी 2024 से व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में न्यायिक योगदान दे रहे थे। उनका तबादला अब हाजीपुर कर दिया गया है। विदाई के दौरान उन्होंने कहा कि बार और बेंच के मधुर संबंध न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगे यदि अवसर मिला तो वे पुनः व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद आना चाहेंगे। वहीं प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शुभांकर शुक्ला का तबादला छपरा हो गया है। उनके कार्यकाल के दौरान न्यायालय में लंबित कई मामलों का निष्पादन किया गया। अधिवक्ताओं ने कहा कि दोनों न्यायाधीशों ने अपने कार्यकाल में न्यायिक व्यवस्था को प्रभावी बनाने और मामलों के निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजन कार्यालय, पलामू।

Skill India

### PM Apprenticeship Mela सूचना दिनांक 09.03.2026

"Apprenticeship Act 1961" के तहत Regular and Contractual सहित 30 एवं 30 से अधिक कामगारों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा 2.5–15 प्रतिशत बैण्ड में अप्रैन्टिस रखना अनिवार्य है। एक्ट का अनुपालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के लिए दण्ड का भी प्रावधान है।

MSDE भारत सरकार एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, अन्तर्गत जिला नियोजनालय, पलामू द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में **दिनांक–09.03.2026 (दिन–सोमवार)** को **PM Apprenticeship Mela** का आयोजन 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया जा रहा है।

उपर्युक्त PMNAM में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम यथा–होटल/ रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/हॉस्पिटल/कोचिंग सेंटर/ऑथोराईज्ड सर्विस सेंटर/बैंक इत्यादि भाग लेकर अपना पंजीकरन करा सकते हैं एवं Apprentices का चयन कर सकते हैं।

उपर्युक्त मेले में एक्ट के अन्तर्गत आने वाले सभी प्रतिष्ठानों एवं तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/डिप्लोमा/इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov. in** पर पंजीयन कराया जायेगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसों का चयन किया जायेगा।

अतः एक्ट के अन्तर्गत आने वाले पलामू जिलान्तर्गत सभी प्रतिष्ठान अप्रेन्टिसशिप Vacancy के साथ मेले में भाग लेना सुनिश्चित करें, एंव छात्रों/प्रशिक्षणार्थियों से अपील किया जाता है कि मेले में भाग लेकर योजना का सम्पूर्ण लाभ उठायें।

**नोटः–** PM Apprenticeship Mela की विस्तृत जानकारी हेतु **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज** एवं जिला **नियोजन कार्यालय, पलामू** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी–सह–
सहायक शिक्षु सलाहकार (AAA), पलामू।

PR 374315 (District) 25-26 (D)

# जिले में ड्रोन के माध्यम से होगी मादक पदार्थों की निगरानी : डीएम

## जनवरी में पुलिस द्वारा 38.611 किलोग्राम गांजा, 92.23 ग्राम स्मैक, 25.1 लीटर कफ सिरप तथा 155.03 ग्राम हेरोइन की गई बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय नार्कोटिक्स कोऑर्डिनेशन की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिले को नशामुक्त बनाने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के प्रभारी डीसीबी शाखा द्वारा अवगत कराया गया कि जनवरी में जिले के विभिन्न थानों में मादक पदार्थों से संबंधित कुल 11 कांड दर्ज किए गए। छापेमारी के दौरान 38.611 किलोग्राम गांजा, 92.23 ग्राम स्मैक, 25.1 लीटर कफ सिरप तथा 155.03 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस कार्रवाई के दौरान तस्करी में संलिप्त 19 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।जिला पदाधिकारी ने मादक पदार्थों से संबंधित अनुसंधान में लंबित कांडों तथा ट्रायल में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में अवैध गांजा एवं अफीम की खेती पर निगरानी के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसी सूचना मिलने पर ड्रोन के माध्यम से त्वरित जांच एवं विनष्टीकरण की



कार्रवाई की जाए। साथ ही अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़े मामलों में तत्काल राज्य मुख्यालय एवं एसीबी को सूचित करने का भी निर्देश दिया गया।शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशे के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर निर्देश दिया गया कि स्कूलों एवं कॉलेजों के आसपास उत्पाद विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से नियमित छापेमारी अभियान चलाया जाए। काँवर झील एवं जयमंगलागढ़ क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ ड्रोन कैमरा के माध्यम से नियमित निगरानी एवं छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं ड्रग इंस्पेक्टर को स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में सूखा नशा बेचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने को कहा गया।नशा पीड़ितों के उपचार के संबंध में सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल बेगूसराय में नशामुक्ति हेतु अलग से 4 बेड वाला वार्ड संचालित किया जा रहा है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि नशा मुक्ति को लेकर जगह जगह होर्डिंग के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी अनुमंडलों के लिए एसीबी से ड्रग्स पहचान उपकरण उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भेजा जाए तथा पुलिस कर्मियों को इसके संचालन का प्रशिक्षण दिया जाए। साथ ही मादक पदार्थों के तस्करों का डेटाबेस तैयार कर उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक से पूर्व कार्रवाई की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष, सदर अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, पुलिस उपाधीक्षक बेगूसराय, वरीय उप समाहर्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** शनिवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा संयुक्त रूप से ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण से पूर्व सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी को वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा बलों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, संरचनात्मक स्थिति तथा ईवीएम मशीनों के रख-रखाव से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के संचालन, तैनात सुरक्षा बलों की व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता तथा अभिलेख संधारण की स्थिति का भी जायजा लिया।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा से संबंधित सभी प्रोटोकॉल का प्रतिदिन पालन सुनिश्चित किया जाए तथा अभिलेखों का नियमित रूप से संधारण किया जाए।साथ ही वेयरहाउस परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का भी निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कठरे की गुमटी में लगी आग

**बलिया (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के भगवानपुर पंचायत अंतर्गत मसुदनपुर गांव में देर रात उपद्रवियों ने सड़क किनारे स्थित कठरे की दुकान को आग लगा दिया। आग लगने से दुकान में रखें हजारों रुपए मूल्य की सभी समान जलकर पूरी तरह राख हो गई। दुकान संचालक मसुदनपुर वार्ड संख्या 7 निवासी शिवनंदन चौधरी के पुत्र बृजेश चौधरी ने बताया कि उनकी दुकान में मशीन के पाट्र्स पुर्जे सहित अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। रोज की तरह दुकान बंद कर साम मे अपने घर चले गए थे। देर रात करीब 3 बजे ग्रामीणों ने दुकान से आग की तेज लटके उठती देख उन्हें सूचना दी। सूचना मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे तो दुकान में रखें सभी सामान जलकर नष्ट हो चुके थे ।ग्रामीणों के अनुसार आगे इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान के अंदर रखा अधिकांश सामान जल गया। घटना को लेकर इलाके में काफी आक्रोश और चर्चा का माहौल है। आशंका जताई जा रही है को आसामाजिक तत्वों में जानबूझकर दुकान में आग लगा दी है। दुकानदार बृजेश चौधरी ने बताया कि घटना की सूचना स्थानीय स्थानीय थाना को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई की हुई रस्म

**नावकोठी (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को पारंपरिक तरीके से गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी कर उनके स्वस्थ जीवन एवं सुरक्षित मातृत्व की कामना की गई।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं ने गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य जांच तथा गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही संतुलित आहार लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।गोद भराई कार्यक्रम में महिलाओं को फल, पौष्टिक आहार तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पारंपरिक गीतों के बीच महिलाओं ने गर्भवती माताओं को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद प्रसव की कामना की। इस अवसर पर सेविकाएं प्रभा देवी, रानी कुमारी, मीना कुमारी ,रोजी खातून , शकील बेगम, बुलबुल कुमारी, अरुणा कुमारी, राधा देवी आदि, सहायिका मंजू देवी, रंजू देवी, निक्की कुमारी आदि एवं लाभुक मौजूद थे।

### सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

**बेगूसराय नगर (नबिटासं)।** जिला प्रशासन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को मटिहानी प्रखंड के बदलपुरा स्थित दुर्गा स्थान के समीप सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम तथा संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान उचित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं शामिल हुईं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उन्हें चुनरी ओढ़ाकर, टीका लगाकर तथा फल एवं पोषण किट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु के महत्व को रेखांकित करते हुए गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया।मौके पर उपस्थित पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिकाओं ने गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने ह्यतिरंगा भोजनह्न (विटामिन, प्रोटीन और काबोर्हाइड्रेट युक्त आहार) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गर्भवती महिलाओं को नियमित प्रसव पूर्व जांच ए एनसी कराने तथा आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों का सेवन सुनिश्चित करने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान पिरामल फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महिलाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, सुरक्षित मातृत्व तथा संस्थागत प्रसव के लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई। अंत में सभी उपस्थित महिलाओं ने स्वस्थ शिशु और सुरक्षित मातृत्व के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं मोनिका, शबनम, सीमा कुमारी एवं सीमा की पारंपरिक तरीके से गोद भराई की गई।कार्यक्रम में डीपीए अश्वनी कौशिक, पिरामल फाउंडेशन के दीपक मिश्रा, बीएमसी रामविनय, माया कौशल्या के रोशन कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुमन कुमारी सहित जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहायिकाएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में डेजी कुमारी, सुजाता कुमारी, राखी कुमारी, सारिका, चंद्रावती, ललिता सहित अन्य आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में संदेश दिया कि गर्भवती महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समाज का हर व्यक्ति सजग रहे।

### 18 मार्च से होगी वार्षिक परीक्षा

**भगवानपुर (नबिटासं)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च से वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत कक्षा 9 के विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी।यह परीक्षा 23 मार्च तक जारी रहेगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। 18 मार्च को प्रथम पाली में मातृभाषा व दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान,19 मार्च को पहली पाली में गणित व गृह विज्ञान व दूसरी पाली में अंग्रेजी,20 मार्च को प्रथम पाली में द्वितीय भारतीय भाषा व दूसरी पाली में विज्ञान व संगीत,23 मार्च को पहली पाली में ऐच्छिक विषय व दूसरी पाली में ऐच्छिक विषय व्यावसायिक ट्रेड की परीक्षा होगी। प्रायोगिक परीक्षा 24 मार्च को होगी।

### मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम

**भगवानपुर (नबिटासं)।** प्रखंड के विभिन्न प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मार्च के प्रथम सप्ताह में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के मेहदौली, महेशपुर,अतरुआ ,पालीडीह,दामोदरपुर हिंदी आदि में फोकल शिक्षकों ने बच्चों को अगलगी के कारण, अगलगी से बचने के उपाय से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। खाना बनाने, खेतों में कटनी के दौरान बीड़ी-सिगरेट पीकर फेंकना, पटाखा फोड़ने के दौरान फैलने वाले चिंगारी, मोमबत्ती, दीप जलाने के दौरान घर में लगने वाले आग से अवगत कराया।दमकल को सूचना देने, खाना बनाने के दौरान किचन में पानी रखने सहित अन्य समाधान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। फोकल शिक्षक ने बताया कि बिजली से भी अक्सर शॉर्ट सर्किट में आग लगने की घटना घटित हो रही है। रसोई गैस के उपयोग के दौरान पाइप लिकेज से घरों में आग लग सकती है।सतर्कता व संचालन में सावधानी पूर्वक गैस चूल्हा जलाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।प्रामाणिक कंपनी से ही बिजली के तार,स्वीच, होल्डर आदि लगाने,टोका फंसा कर बिजली का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की।मौके पर एचएम अशोक कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

# डीएम ने किया जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह सहित सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में खाद्यान्न के उठाव, वितरण की स्थिति, राशन कार्डों के निर्गमन तथा जन वितरण प्रणाली के संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि माह फरवरी के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मुख्य परिवहन अभिकर्ता द्वारा 100 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव सुनिश्चित किया गया है। वहीं डोर स्टेप डिलीवरी अभिकर्ताओं द्वारा फरवरी माह के लिए 99.95 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव पूर्ण कर लिया गया है।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि फरवरी के दौरान जिले में कुल 6,10,689 संबद्ध राशन कार्डों में से 5,60,656 कार्डधारियों द्वारा खाद्यान्न का उठाव किया गया। जो कुल वितरण का 91.81 प्रतिशत है। इस अवधि में भगवानपुर प्रखंड 96.28 प्रतिशत वितरण के साथ जिले में सर्वोच्च स्थान पर रहा।राशन कार्डों के निर्गमन एवं संशोधन की स्थिति की समीक्षा में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया गया कि 1 अप्रैल 2022 से 6 मार्च तक ऑनलाइन प्राप्त प्रपत्र-क के कुल 80,961 आवेदनों में से 76,765 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

# आगलगी और करंट से खतरे से होने वाली दुर्घटनाओं की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मार्च माह के प्रथम शनिवार को छात्र-छात्राओं को आगलगी और विद्युत घात अर्थात करंट लगने से खतरे और इसमें होने वाली दुर्घटनाएं के बारे में जानकारी दी गई। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा, मध्य विद्यालय बुनियादपुर, उ म वि चित्तोड़ा बेला, मध्य विद्यालय लक्ष्मीनियां, मध्य विद्यालय दसौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कन्या, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कॉलोनी, उ म वि घिवाही, उ म वि जन्दाहा , म वि शिवाजीनगर, उ म वि रजौर राम भद्रपुर, उ म वि शंकरपुर, प्रा वि कनखरिया



आदि में सुरक्षित शनिवार इस संदर्भ में मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया जिसमें अगर शरीर में आग लग गई तो मॉक ड्रिल रुको, लेटो और लुढको का अभ्यास करवाया गया।

बिजली के प्रतीक चिन्ह के बारे में जानकारी दी गई ।गिले हाथों से बिजली के स्विच या छुएं उपकरण न छुएं जाने की जानकारी दी गई। बिजली के खंभे या ट्रांसफार्मर के पास न खेलने की सलाह दी गई।किसी को करंट लग जाए तो उसे सीधे हाथ से न छुंने और पहले बिजली का स्विच बंद कर दें । बरसात के दिनों में पानी से लिए खंबे से दूर रहे, करंट लगने वाले व्यक्ति को न छूना चाहिए। बिजली से लगी आग को पानी से ना बुझायें , टुटी तार गिरी हुई तारों खुले बिजली के तार से दूर रहे नजदीक न जाएं। आदि अन्य आवश्यक जानकारी आप बच्चों को दी गई। मौके पर पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, देवानंद कामत, बिहारी दास, सुभाष सिंह, मो अब्दुल्ला, प्रदीप कुमार, राम नाथ पंडित, प्रदीप पासवान, प्रकाश कुमार, अरूण कुमार पासवान, मदन कुमार सहित ने सुरक्षित शनिवार को छात्र छात्राओं को जानकारी दी।

# गंगा ग्लोबल बीएड कालेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** लाखो स्थित गंगा ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर एजुकेशन रमजानपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर समारोह का आयोजन किया गया। नारी को अवसर दें, सम्मान दें, सहयोग दें-समाज को उज्जवल भविष्य मिलेगा। सहयोग से ही सफलता मिलती है। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक प्राचार्य डॉ नीरज कुमार, डॉ कामायनी कुमारी, डॉ अनीथा एस तथा प्राध्यापकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



प्राचार्य डॉ नीरज कुमार ने कहा कि महिलाओं सम्मान मिले पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज की महिलाओं को पढ़ी-लिखी होने के साथ जागरूक होने की जरूरत है ताकि वह शिक्षा और संस्कृति के प्रति अगली पीढ़ी को जागरूक कर सके। अपने संबोधन में डॉ कामायनी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं आज सशक्त हैं घर और बाहर दोनों जगहों को एक साथ संभालती हैं। महिलाओं को यहां तक का सफर तय करने में काफी संघर्ष करना पड़ा है। सहायक प्राध्यापक प्रो. विपिन कुमार ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार लाने पर बल दिया। सहायक प्राध्यापक प्रो सुधाकर पांडेय ने कहा कि महिला और पुरुष दोनों का महत्व बराबर है।

# परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर कन्वैंशन बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय में शनिवार को परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर कन्वेंशन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने की। इस दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 6 मार्च से 20 मार्च तक प्रखंड क्षेत्र में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जाएगा।

इसके तहत लोगों को छोटे परिवार के महत्व, परिवार नियोजन साधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा। बीडीओ आलोक कुमार



सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रम से जोड़ें। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्ला, जीविका बीपीएम मीनू कुमारी, यूनिसेफ से बीएमसी विक्रम कुमार चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे। अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।

# चाकू लगने से दो लोग जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर पंचायत के चक्का में हुई चाकूबाजी में दो व्यक्ति जख्मी हुए। जख्मियों में मनोज राम का पुत्र शहशांह कुमार तथा उसका भाई संजय कुमार है। जख्मियों का इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। पीड़ित शहशांह कुमार ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर डफरपुर पंचायत के भोला राम तथा तीन अज्ञात पर मारपीट करने तथा चाकू से वार कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है।

उसने बताया कि होली के दिन अपने दरवाजे पर पिता के पैर पर अबीर रख रहा था। इसी क्रम में भोला अपने तीन साथियों के साथ आँटो संख्या बीआर09 एए से आ धमका। आँटो से उतरने के बाद गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर चाकू से वार कर उसे तथा उसके भाई को जख्मी कर दिया। शोर होने पर आसपास के ग्रामीण जुटे। ग्रामीणों को आते देखकर आँटो छोड़कर भाग गए। 112 पुलिस टीम को इसकी सूचना दी गई। रात होने के कारण फोटो खीचकर पुलिस टीम लौट गई। सुबह पीएचसी में इलाज कराया। थानाध्यक्ष ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# एएनएम तथा आशा फैसिलिटेटर की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी ।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से होने वाले सघन मिशन इन्द्रधनुष फेज टू की सफलता हेतु एएनएम तथा आशा फेसिलिटर की बैठक पीएचसी नावकोठी में शनिवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। उसने बताया कि इसके लिए सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में 41 टीकाकरण सत्र स्थल को चिह्नित किया गया है।

इन टीकाकरण सत्र के इर्द गिर्द आशा कार्यकर्ताओं तथा ए एन एम के सहयोग से बनाये गए ड्यू लिस्ट संबंधित ए एन एम को उपलब्ध करा दिया गया है। टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण से वंचित गर्भवती महिलाओं तथा 0-5 वर्ष के बच्चों को ट्रैक कर टीकाकरण करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए 41 टीकाकरण सत्र स्थल पर 66 गर्भवती महिलाओं तथा 458 बच्चों को टीकाकरण करने का लक्ष्य है। इस कार्य को सम्पन्न कराने हेतु आशा कार्यकताओं की तैनाती की गई। इसके अनुश्रवण हेतु चिकित्सा पदाधिकारी के अतिरिक्त बीएमसी, बीसीएम के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की गई है।मौके पर बीएमसी गोपाल शर्मा, बीएचएम आनंद ईश्वर, बी सीएम उषा कुमारी, एएनएम मंचन, बेबी, शशिकला, शालिनी, नंदन, विभा, विश्व भारती, रीणा आदि सहित फेसिलेटर संगीता, कंचन, लक्ष्मी, अंजू आदि मौजूद रहे।

# रिवरफ्रंट के शिथिल कार्य के प्रति सांसद ने जताया असंतोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण ।** सांसद तारिक अनवर, मनिहारी विधायक विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, नगर पंचायत मनिहारी के मुख्य पार्षद लाखो यादव से मिली शिकायत पर मनिहारी गंगातट पहुंचकर चल रही रिवर फ्रंट के कार्य के प्रगति की जानकारी ली। नेताद्वय ने मनिहारी गंगातट भी पहुंचकर नवामी गंगे परियोजना के तहत चल रहे कई निर्माण कार्यो की मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी ली। मनिहारी गंगाघाट का एऐतिहासिक धार्मिक महत्व रहा है। यहां सीमांचल के जिलों सहित राज्यों से बडी संख्या में धमार्नुरागी श्रद्धालू धार्मिक व मांगलिक अनुष्ठानों के मौके पर पहुंचते हैं. गंगा स्नान सहित गंगापूजन,आरती व धार्मिक अनुष्ठानों के सूगमतापूर्वक सम्पादन की समुचित सुविधा मिल सके। इसके मद्देनजर सुसज्जित, रिवरफ्रंट बनवाये जा रहे हैं.लेकिन संवेदक की कार्य के प्रति उपेक्षापूर्ण नीति से नाराजगी जतायी। कहा कि



नवामी गंगे परियोजना के तहत गंगा किनारे तकरीबन नौ करोड की लागत से 120 मीटर लम्बे व 30 मीटर चौडे रिवरफ्रंट का निर्माण चल रहा है। इसका निर्माण सितंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना था। लेकिन संवेदक की उदासीनता व कार्य एजेंसी की शिथितला के कारण काम लम्बे समय तक उपेक्षित रहा। बाढ का पानी उतर जाने के बाद भी कार्य की प्रगति के संवेदक व संबंधित कार्य एजेंसी वुडको के अधिकारी को जनवरी माह में अपने निरीक्षण के क्रम में जिलापदाधिकारी ने इसे जल्दी पूरा कराने को सख्त निर्देश दिये थे।डीएम की सख्त हिदायत के बाद भी संवेदक की कार्य के प्रति अपेक्षित गति नहीं देखी गयी।

अपने निरीक्षण के क्रम मे सांसद श्री अनवर ने बताया कि आवश्यक्ता पडी तो इस विषय को संसद मे भी उठाया जाएगा। जानकारी के अनुसार यहां बैठकर गंगा की नयनाभिराम छवि निहारने को बेंच, इसके दोनों सिरे पर वाश रूम, चैंजिंग कक्ष सहित प्रकाश की समुचित व्यवस्था के लिए प्रकाश स्तंभ व रंग बिरंगी रोशनी की व्यवस्था की जानी है. बाढ कटाव के कारण प्रति वर्ष गंगाकिनारे नया स्वरुप ऊभर आने से धमार्नुरागी श्रद्धालुओं को स्नान, पूजन व गंगा आरती के लिए समुचित, साफसफाईवाली जगह नही मिल पाती है. लेकिन इस रिवरफ्रंट के बन जाने से यहां गंगास्नान सहित अन्य पावन मांगलिक अनुष्ठानो को लेकर आनेवाले श्रद्धालुओं को सुकून से गंगा स्नान आचमन, पूजन अर्चन व आरती का अवसर उपलब्ध हो सकेगा।

# महापौर, उपमहापौर तथा अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी समेत 21 महिलाओं का सम्मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ज्ञान और विवेक पर आधारित महिलाओं के सशक्ति-करण से समाज पुष्ट और अत्यंत कल्याणकारी बन सकता है। यह सम्यक शिक्षा से संभव है। महिला-सशक्तिकरण का अर्थ पुरुषों के विरुद्ध किसी शक्ति का खड़ा होना या करना नहीं है। महिला-सशक्ति करण का तात्पर्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जिसमें महिलाओं की नैसर्गिक शक्ति का मंगल-दायक समाज के निर्माण में सदुपयोग हो सके। प्रकृति ने नारी के हृदय को विशाल बनाया है। वह प्रेम और वात्सल्य की महान संपदा है।

जननी के रूप में वह सृष्टि की अमूल्य निधि है। यह बातें शनिवार को 'विश्व महिला दिवस' की पूर्व





संध्या पर, सांस्कृतिक-संस्था 'नयी दिशा परिवार' के तत्त्वावधान में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित 'कर्मयोगी महिला सम्मान-समारोह' की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आदिकाल में 'नारी-सत्तात्मक' समाज था। स्त्रियों का सम्मान पुरुषों से अधिक था। स्त्रियाँ शिक्षा समेत ज्ञान-विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था में अग्रणी थीं। मध्य-काल के काले काल-खण्ड में अशिक्षा के कारण समाज का पराभव हुआ और स्त्रियाँ सम्मान के स्थान पर भोग की वस्तु हो गयीं। नए समाज में महिलाएँ पुनः सशक्त हुई हैं, किंतु उन्हें वह स्थान अभी प्राप्त करना शेष है, जो पुरा-काल में था, जिस काल में स्त्रियाँ पुरुषों के साथ वेद की ऋचाओं का सृजन कर रही थीं। इस अवसर पर संस्था की ओर से पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पटना सिटी न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुपमा त्रिपाठी, डा किरण शरण, रीता रस्तोगी, वार्ड पार्षद पिंकी यादव, वार्ड पार्षद अंजलि राय, वार्ड-पार्षद करुणा राय, कवयित्री डा मीना कुमारी परिहार 'मान्या', मीरा श्रीवास्तव, अवंतिका सिन्हा, बिंदु किशोरी, वंदना कुमारी, डा संध्या, डा ज्योति प्रकाश, चंद्र पूर्णिमा, संयुक्ता कुमारी, आरती कुमारी, अर्चना कमल तथा नीलम कुमारी को 'कर्मयोगी महिला सम्मान' से अलंकृत किया गया। समारोह की विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुपमा त्रिपाठी ने कहा कि स्त्री और पुरुष मिलकर ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं।



# भारत-न्यूजीलैंड जहां साउथ अफ्रीका से हारे, वहीं वर्ल्डकप फाइनल खेलेंगे



## इकोनॉमी, रन-रेट में दोनों बराबर, पावरप्ले में कीवी, मिडिल ओवर्स में इंडिया आगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता।

दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी।

### हर स्टेज में 1-1 मैच हारा न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड ने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान को हराकर टूर्नामेंट शुरू किया। टीम ने फिर यूएई को 10 विकेट से हरा दिया। चेन्नई में दोनों मैच खेलने के बाद टीम अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से भिड़ने चली गई। जहां प्रोटियाज टीम ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड ने फिर चेन्नई में कनाडा को हराया और सुपर-8 में एंट्री कर ली। सेकेंड राउंड में न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ पहला ही मैच बारिश के कारण बेनतीजा हो गया।

भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है।

### टूर्नामेंट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

मेजबान भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ मैच से की। पावरप्ले में 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने फिर नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ आसान मुकाबले जीते। सुपर-8 स्टेज में होम टीम का पहला मैच साउथ अफ्रीका से अहमदाबाद में हुआ। पावरप्ले में विकेट गिरने के बावजूद प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। भारत 111 ही बना सका। इस हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर कमबैक किया। टीम ने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन चेज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 253 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर भी जीत के लिए काफी नहीं लग रहा था। इंग्लैंड के युवा बैटर जैकब बेथेल ने शतक लगाया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि, भारत ने 7 रन के करीबी अंतर से हाई-स्कोरिंग मैच जीता और फाइनल में एंट्री कर ली।

# टी-20 वर्ल्डकप का फाइनल आज

## ● अहमदाबाद की पिच भी सेमीफाइनल की तरह बैटिंग फ्रेंडली होगी

### स्पिन कम, पेस और बाउंस ज्यादा, फाइनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आज भारत दूसरी बार अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल खेलेगी। टीम 2023 में यहां वनडे वर्ल्ड कप फाइनल हार चुकी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल बैटिंग फ्रेंडली पिच पर होगा। ईएसपीएन के मुताबिक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्रेश पिच का ही इस्तेमाल होगा, जहां टूर्नामेंट के शुरुआत में एक मैच खेला गया था। काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर पिच बनाई गई है। यहां गेंद बहुत कम स्पिन होगी, लेकिन पेस और बाउंस जरूर मिलेगा। हालांकि, इससे बैटर्स को ही फायदा होना है। खिताबी मुकाबला 8 मार्च को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ अंपायरिंग करेंगे।

**दूसरे सेमीफाइनल में भी अहमदाबाद जैसी पिच थी-** वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता में हुआ। पिच बैटिंग फ्रेंडली जरूर थी, लेकिन पहली पारी में बॉलर्स को भी मदद मिली। साउथ अफ्रीका 169 रन ही बना सका, न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यहां की पिच दोनों ही पारियों में बैटिंग के लिए बहुत आसान रही। जहां टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 253 रन बना दिए। इंग्लैंड ने भी हार नहीं मानी और भारत के करीब पहुंचते हुए 246 रन बना दिए। 40 ओवर के मैच में 499 रन बने। अब फाइनल में भी ऐसी ही पिच मिलने वाली है।







### फाइनल की पिच पर एक ही मैच हुआ

फाइनल की पिच लगभग फ्रेश ही रहेगी, क्योंकि यहां टूर्नामेंट का इकलौता मैच करीब एक महीने पहले 9 फरवरी को हुआ था। यहां पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 4 ही विकेट खोकर 213 रन बना दिए थे। जवाब में कनाडा 156 रन ही बना सका। अहमदाबाद में कनाडा-अफ्रीका मैच के बाद भी 5 मुकाबले खेले गए, लेकिन किसी में भी फाइनल वाली पिच का इस्तेमाल नहीं हुआ। हालांकि, उन पिचों पर कभी 200 रन भी बने। 184 पहली पारी में औसत स्कोर रहा। 2 बार पहले बैटिंग और 2 ही पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। जबकि एक नतीजा सुपर ओवर में आया। टीम इंडिया अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक मैच हार चुकी है।

### काली और लाल मिट्टी को मिक्स किया

अहमदाबाद में काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर फाइनल के लिए पिच बनाई गई। वानखेड़े स्टेडियम में भी सेमीफाइनल के दौरान इसी तरह की पिच थी। अब फाइनल में भी स्पिनर्स के लिए मदद कम रहेगी, पेसर्स को अच्छा बाउंस मिलेगा, लेकिन इससे बैटिंग बहुत ज्यादा आसान हो जाएगी। पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाए तभी जीत के चांस हैं।

### भारत 2 मैच खेल चुका

टूर्नामेंट में अहमदाबाद के मैदान पर भारत ने 2 मैच खेले हैं। ग्रुप स्टेज में नीदरलैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 193 रन बनाए थे। हालांकि, डच टीम भी फाइट दिखाते हुए 176 तक पहुंच गई थी। सुपर-8 स्टेज में भारत का सामना फिर साउथ अफ्रीका से हुआ। पहले बैटिंग करते हुए प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। जवाब में टीम इंडिया 111 रन ही बना सकी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड यहां दूसरा मैच ही खेलेगा, इन्हें भी साउथ अफ्रीका से ही हार मिली।

### टीम इंडिया की प्रैक्टिस

टीम इंडिया आज ही अहमदाबाद में अपनी प्रैक्टिस करेगी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम बुधवार को सेमीफाइनल जीतने के बाद गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंची। टीम ने उसी दिन प्रैक्टिस भी की। भारत और न्यूजीलैंड लगातार दूसरे आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने हैं। पिछले साल ही 9 मार्च को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

### रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

आईसीसी ने फाइनल मुकाबले के लिए ऑफिशियल्स भी बता दिए हैं। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन फील्ड अंपायर होंगे। दोनों पहले सेमीफाइनल में भी अंपायर थे। इलिंगवर्थ 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी क्रिस गैफनी के साथ अंपायरिंग कर रहे थे। वे पिछले वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भी अंपायर थे।

## हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 47 लोग गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 47 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 18 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एसटी-एससी एक्ट में 5, हत्या के प्रयास में 5, शराब में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 45 लीटर देसी शराब, एक ट्रैक्टर, एक बाइक, 100 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1173 वाहनों की जांच की गई जिसमें 70500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार जन-सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## अंतिम दिन पांच लोगों ने पैक्स अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर प्रखंड में तीन पैक्सों का चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन पांच लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा दाखिल किया हैं। वहीं सदस्य पद के लिए 13 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के तीन पैक्स मदनपुर, एरकीकला एवं खिरियावां पैक्स का चुनाव हो रहे हैं। खिरियावां पैक्स अध्यक्ष महेन्द्र यादव की बीमारी के कारण निधन होने पर अध्यक्ष पद रिक्त हो गया था। नामांकन के आखरी दिन अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। जबकि सदस्य पद के लिए 13 लोगों ने नामांकन पर्चा भरा है। एरकीकला पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है जबकि सदस्य पद के लिए कुल 13 लोगों ने नामांकन किया है। मदनपुर पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष अनुज सिंह व सभी सदस्य निर्विरोध चुने जा सकते हैं। अब तक अन्य किसी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि मतदान 18 मार्च को होगी और उसी दिन मतगणना के बाद परिणाम घोषित किया जाएगा।

## प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने पति के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** प्रताड़ना से तंग आकर बारून थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव की रहने वाली पूजा कुमारी ने अपने पति ब्रजेश कुमार शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद से उसका पति ब्रजेश व्यवसाय करने के लिए मायके वालों से दहेज स्वरूप दो लाख रुपये की मांग करता था। इस दौरान उसके पिता ने समय-समय पर उसे कुछ रुपया भी दिया, लेकिन आरोप है कि ब्रजेश ने उन रुपयों का व्यवसाय के लिए खर्च न कर के शराब पीकर बर्बाद कर दिया। फिलहाल महिला थाना की पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, किशोर झुलसा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के श्रीकृष्ण नगर मुहल्ले में आज शाम शॉर्ट सर्किट से लगी आग गई। इसकी चपेट में आने से एक 14 साल का किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। घायल किशोर की पहचान मुहल्ला निवासी सीटू के बेटे कान्हा के रूप में की गई है। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल डॉक्टरों ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कान्हा के पिता सीटू एनएचएआई में इंजीनियर हैं और पूरा परिवार झारखंड के बोकारो में रहता है। कान्हा भी बोकारो में रहकर पढ़ाई करता है। होली पर्व के अवसर पर वह बोकारो से अपने दादा-दादी से मिलने औरंगाबाद आया हुआ था।


### मैच का टर्निंग पॉइंट

मुकाबला तब और रोमांचक हो गया जब मैकिन्टायर ने कोडी को रिंग के बाहर टेबल पर पावरबॉम्ब दे दिया। मैकिन्टायर ने कोडी पर उन्हीं का दांव क्रॉस रोड्स भी आजमाया, लेकिन कोडी ने किक-आउट कर दिया। मैच के अंत में जब रेफरी गलती से नॉकआउट हो गया, तब मैकिन्टायर ने कोडी पर चेयर से हमला करने की कोशिश की। तभी जैकब फाटू ने अचानक आकर मैकिन्टायर को रोक दिया। इस दखल का फायदा उठाते हुए कोडी रोड्स ने कोडी कटर और क्रॉस रोड्स का कॉम्बो लगाकर जीत हासिल की।

**रेसलमेनिया 42, अब रैंडी ऑर्टन से होगी भिड़ंत-** इस ऐतिहासिक जीत के साथ कोडी रोड्स अब अनडिस्प्यूटेड चैंपियन के रूप में शो ऑफ शोज यानी रेसलमेनिया 42 में कदम रखेंगे।

## प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा, 4 खिलाड़ी जिनका प्रदर्शन दमदार रहा

### आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों में नहीं दी जगह




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा कर दी है। इसमें इंग्लैंड के विल जैक्स, भारत के संजू सैमसन, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान, अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक के साथ साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम और लुंगी एनगिडी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और टिम सिफर्ट भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने की रेस में हैं। हालांकि आईसीसी ने कई ऐसे खिलाड़ियों को इग्नोर किया है, जिनका प्रदर्शन भी काफी दमदार रहा है।

**हार्दिक पंड्या- 8 विकेट और 199 रन-** 8 मैचों में हार्दिक पंड्या ने भारत के लिए 8 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने भी कमाल की बॉलिंग की थी। बल्लेबाजी में हार्दिक के बल्ले से दो अर्धशतक की मदद से 199 रन निकले हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में आने के लिए हार्दिक और क्या कर दें।

**फिन एलन- 289 रन-** टिम सिफर्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में हैं लेकिन फिन एलन नहीं हैं। 7 पारियों में एलेन ने 289 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 203 का है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 20 छक्के मारने वाले बल्लेबाज भी हैं।

● ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप

तीसरी बार टॉप-4 में एंट्री

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

### ● नंबर-1 के बाद नंबर-6 रैंक प्लेयर को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। उन्होंने चीन के पूर्व चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-6 ली शिफेंग को सीधे गेम में हराया। लक्ष्य ने तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंट्री की है। उन्होंने पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यूकी को हराया था। टूर्नामेंट की इनामी राशि 14,50,000 अमेरिकी डॉलर है।

**ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया-** दुनिया के नंबर-12 खिलाड़ी और 2022 के रनर-अप लक्ष्य ने दुनिया के नंबर-6 प्लेयर ली शिफेंग को एक घंटे चले मुकाबले में 21-12, 21-16 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर




लाई से होगा। विक्टर ने अन्य क्वार्टरफाइनल में जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से मात दी। मुकाबला शनिवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

**लंबी रैली के बावजूद अच्छा खेल जारी रखा-** मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, मैं दोनों गेम में अपने खेल से खुश हूं। शिफेंग ने भी अच्छा खेला। लंबी रैलियां हुईं और हम दोनों थक रहे थे, लेकिन मैंने लंबी रैलियों के बाद भी अच्छा खेल जारी रखा। उन्होंने कहा, कोच ने कहा था कि लंबी रैलियों के बाद ज्यादा तैयार रहो, क्योंकि वह भी थक रहा है, इसलिए आसान गलती मत करो।

### शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में दिक्कत हुई

मैच में लक्ष्य ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और आक्रामक खेल से इसे 10-4 तक पहुंचाया। ब्रेक तक वे 11-6 से आगे थे। हालांकि, उन्हें शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में थोड़ी दिक्कत हुई, फिर भी उन्होंने 15-11 की बढ़त बना ली। शिफेंग ने लंबी रैली जीतकर स्कोर 13-15 किया, लेकिन लक्ष्य ने नेट कॉर्ड की मदद से बढ़त 18-13 कर दी और पहला गेम 24 मिनट में अपने नाम किया।

## भू-अर्जन से जुड़े वादों के निस्तारण के लिए लगेगा विशेष कैंप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने भू-अर्जन से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए संबधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित सहित अन्य मौजूद रहे। सचिव तान्या पटेल ने बताया कि अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के लिए 12 मार्च को एक विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सम्बंधित विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। उनके द्वारा बताया गया कि उस कैम्प सिर्फ न्यायालय में लंबित भू-अर्जन से संबंधित वाद हेतु लगाये जा रहे है। इसके इतर अन्य भू-अर्जन से संबंधित मामलें इस कैम्प में निस्तारित नहीं होंगे। अतः वैसे पक्षकार जिनका भू-अर्जन से संबंधित मामलें न्यायालय में लंबित है। वे 12 मार्च को आकर अपने मामलें



का निस्तारण हेतु प्रयास कर सकते है। इसके लिए प्राधिकार के स्तर से संबंधित पक्षकारों को संबंधित मामलें में नोटिस की प्रक्रिया की गयी है। सचिव के द्वारा यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहा है कि 14 मार्च को आयोजित होने वाले लोक अदालत में बिजली बिल माफी, लोन माफी ट्रैफिक चालान माफी संबंधित रील बनाकर प्रसारित कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। जबकि ऐसी कोई भी व्यवस्था अथवा योजना प्राधिकार के स्तर से नहीं है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील है कि, रील्स देखकर अफवाह पर न आये। विशेष जानकारी हेतु प्राधिकार के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## अज्ञात महिला का शव बरामद, दुर्घटना में मौत की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर थाना की पुलिस ने अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। मामला थाना क्षेत्र के बाईपास स्थित जेके मोटल के समीप की है। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह एनएच-19 स्थित उस जगह सड़क किनारे एक महिला अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। सड़क से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर पड़ी तो हाइवे पेट्रोलिंग की टीम को सूचना दी। सूचना पर पेट्रोलिंग की टीम घटनास्थल पर पहुंची और महिला को उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पता चला कि सड़क दुर्घटना में महिला की मौत होने की बात बताई जा रही है। हालांकि महिला कहां की है और कैसे घटना घटी। इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है। नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा अज्ञात महिला का शव सदर अस्पताल में रखे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस की टीम को भेजा गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। वैसे प्रथम दृष्टया दुर्घटना में मौत होना प्रतीत होता है। कुछ लोगों द्वारा जानकारी मिली कि महिला आसपास के इलाकों में ही रहकर भीख मांग कर अपना जीवन यापन करती थी। महिला शिनाख्त नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि महिला की शिनाख्त के लिए आसपास के थानों को सूचना दी गई है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी उसका पता लगाया जा रहा है। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि उसके साथ कोई भीख मांगने वाला परिवार होगा तो उसकी पहचान होने के बाद सौंप दिया जाएगा। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर 72 घंटों के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा। पहचान न होने पर सरकारी प्रावधान के तहत अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

# हर क्षेत्र में आगे बढ़कर समाज को नई दिशा दे रही महिलाएं : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** कला संस्कृति विभाग, बिहार सरकार एवं महिला एवं बाल विकास निगम के सौजन्य से जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा बैलून उड़ाकर महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ हुई। समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम बिहार गीत के गायन से किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि महिलाओं की यात्रा बहुत लंबी रही है और अभी भी उन्हें अपने सम्मान और अधिकारों के लिए आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आधी आबादी हैं और विकास में उनकी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला सशक्तिकरण के उदाहरण के रूप में उन्होंने जीविका दीदियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज पूरे देश में जीविका दीदी महिलाओं




के सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिला सशक्तिकरण को और बढ़ावा देने के लिए जिले में विभिन्न पहल की जाएंगी। उन्होंने हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा में औरंगाबाद की बेटियों की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं, चाहे वह प्रशासनिक सेवा हो, उद्योग-व्यवसाय हो या परिवार के विकास में योगदान देना हो। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में ऐसी सोच विकसित करनी होगी कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान की आवश्यकता ही न पड़े। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हम सभी मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएंगे और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देंगे। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने कहा कि आज की महिलाएं अनेक चुनौतियों और परिस्थितियों को पार करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा में औरंगाबाद की बेटियों की सफलता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा पंचायतों में महिलाओं को दिए गए आरक्षण का परिणाम है कि आज महिलाएं मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति एवं जिला परिषद जैसे पदों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी ने स्वागत अभिभाषण देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं महिलाओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल उत्सव का अवसर नहीं बल्कि उन संघर्षों, उपलब्धियों और सपनों को सम्मान देने का दिन है, जिन्हें हमारी महिलाओं ने अपने साहस और मेहनत से साकार किया है। उन्होंने कहा कि आज की महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और समाज को नई दिशा दे रही है।

# नशे में हंगामा करने के आरोप में एसआई धर्मेन्द्र कुमार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा प्रखंड क्षेत्र में शराब के नशे में हंगामा करने और लोगों को पिस्टल दिखाकर धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके पास से लाइसेंसी पिस्टल भी जब्त कर ली गई है। जानकारी के अनुसार सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार शराब के नशे में धुत होकर ओबरा क्षेत्र में हंगामा कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह अपनी लाइसेंसी पिस्टल लहराते हुए लोगों को डराने-धमकाने लगा जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि कुछ महिना पहले भी आरोपी एसआई के खिलाफ शिकायत मिली थी। शराब के नशे में हंगामा करने और पिस्टल दिखाकर महिलाओं को डराने के मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कोरोना महामारी के दौरान जनसेवा के विचार ने आइएएस बनने को किया प्रेरित : मोनिका

## औरंगाबाद की मोनिका श्रीवास्तव ने यूपीएससी परीक्षा में हासिल किया ऑल इंडिया 16वां रैंक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की बेटी मोनिका श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 16वां स्थान प्राप्त कर जिले और पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। अपनी इस उपलब्धि के बाद मोनिका ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान समाज की पीड़ा और प्रशासन की भूमिका को करीब से देखने के बाद उनके मन में जनसेवा के लिए आईएएस बनने का संकल्प और मजबूत हुआ। उन्होंने इस दौरान अपने भाइयों को चिकित्सक के रूप में जनसेवा करते देखा था जबकि वे वर्क फ्रॉम होम कर रही थी। उन्होंने अपने मामा एवं नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर और सोनवर्षा वाणी के संपादक श्रीराम अम्बष्ट के माध्यम से समाज और तंत्र को भी करीब से देखा था। जिला मुख्यालय के सत्येन्द्र नगर निवासी ई. बी. के. श्रीवास्तव और भारती श्रीवास्तव की बेटी मोनिका ने बताया कि परिवार से मिले संस्कार और शिक्षा का वातावरण उनकी सफलता की सबसे बड़ी पूंजी है। उनके पिता वर्तमान में जिला परिषद में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पिता का हमेशा सपना रहा कि उनकी बेटी अधिकारी बने और समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के लिए काम करे। यही सपना उनके जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा बना। मोनिका ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर और डीएवी पब्लिक स्कूल से हुई। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। वे आईआईटी की प्रवेश परीक्षा में बिहार टॉपर रहीं। इसके बाद वर्ष 2016 में आईआईटी, गुवाहाटी से कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी



की। उन्होंने बताया कि आईआईटी से पढ़ाई के बाद उन्होंने कई प्रतिष्ठित ग्लोबल कंपनियों में काम किया, लेकिन कॉरपोरेट करियर के बावजूद उनके मन में समाज और देश के लिए कुछ बड़ा करने की इच्छा हमेशा बनी रही। इसी भावना ने उन्हें प्रशासनिक सेवा की तैयारी की ओर प्रेरित किया। मोनिका ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2022 में बीपीएससी परीक्षा में छठा स्थान प्राप्त कर प्रशासनिक सेवा में प्रवेश किया। इसके बाद वर्ष 2024 में पहली बार यूपीएससी परीक्षा में शामिल होकर 455वीं रैंक हासिल की। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे सेवा के अंतर्गत अंडर ट्रेनिंग अधिकारी के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि दूसरी बार पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का परिणाम यह हुआ कि इस बार उन्होंने लंबी छलांग लगाते हुए ऑल इंडिया 16वीं रैंक हासिल की। मोनिका के अनुसार कोरोना महामारी के दौरान लोगों की समस्याओं और प्रशासन की भूमिका को देखने के बाद उन्हें यह महसूस हुआ कि यदि सही नीयत और संवेदनशीलता के साथ काम किया जाए तो प्रशासन के माध्यम से समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। यही विचार उन्हें आईएएस बनने की दिशा में आगे बढ़ाता रहा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, मामा और परिवार को देते हुए कहा कि परिवार का विश्वास, मार्गदर्शन और लगातार मिला प्रोत्साहन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। मोनिका के नाना स्मृतिशेष लाला शम्भूनाथ और दादा स्मृतिशेष उमेशचंद्र श्रीवास्तव शिक्षाविद् और प्राचार्य रहे हैं जबकि नानी स्मृतिशेष अरुणलता सिन्हा और दादी स्मृतिशेष श्याम कुमारी देवी समाजसेवा से जुड़ी रही हैं। परिवार की इसी सामाजिक पृष्ठभूमि ने उन्हें बचपन से ही समाज के प्रति संवेदनशील बनाया। अपनी सफलता का संदेश देते हुए मोनिका ने युवाओं से कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और निरंतर मेहनत की जाए तो किसी भी मंजिल को हासिल किया जा सकता है।


अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



नारी शक्ति, साहस और सम्मान की प्रतीक है। एक शिक्षित और सशक्त महिला ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। आइए, हम सभी मिलकर महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए आगे बढ़ें।

नूतन पांडे
जिला मुख्य समन्वयक, गार्गी अध्याय, रोहतास
(Let's Inspire Bihar के अधीन)
समाजसेवी एवं शिक्षिका


# चैती छठ व्रतियों के लिए होगी समुचित व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड स्थित चैती छठ मेला क्षेत्र का जिलाधिकारी



अभिलाषा शर्मा द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा देव सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड स्थित छठ घाटों का सूक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया। साथ ही मेला क्षेत्र के विभिन्न आवासन स्थलों, श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, ड्रॉप गेट, बैरिकेडिंग तथा मेला क्षेत्र के मुख्य एवं संपर्क मार्गों का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चैती छठ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने आवासन स्थलों की क्षमता का आकलन कर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही आवासन स्थलों एवं मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने, मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति करने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया कि आवासन स्थलों के साथ-साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक सूचना-प्रसारण व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए, ताकि मेला के दौरान श्रद्धालुओं का आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (जिला लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, श्वेता प्रियदर्शी, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, देव अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
जुलेखा खातून
जिला प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी
औरंगाबाद (बिहार)





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिता सिंह
जिला उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी
औरंगाबाद (बिहार)

बिहार सरकार

"अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस"
8 मार्च 2026

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की महिलाओं को मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह दिवस महिलाओं से जुड़े मुद्दों को रेखांकित करने तथा उनके प्रति सम्मान प्रदर्शित करने का है। बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, क्षमतावर्द्धन, सुरक्षित वातावरण आदि के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए सतत् प्रयत्नशील है। राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से अल्पावास गृह, रक्षा गृह, कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास, कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिए पालना घर, सामाजिक पुनर्वास कोष, महिला विशेष कोषांग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम, दहेज एवं बाल उन्मूलन अभियान, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, मानव व्यापार, कन्या भ्रूण हत्या, महिला अधिकारों एवं विभिन्न सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन और महिलाओं के कौशल विकास हेतु व्यापक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। समेकित बाल विकास योजना के द्वारा राज्य के महिलाओं एवं बच्चों को कुपोषण से बचाने हेतु कार्य किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग महिलाओं के सम्पूर्ण जीवन चक्र को आधार मानकर योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जीवन के आरंभिक काल से आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं तो मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना कन्या शिशुओं एवं किशोरियों को लक्षित कर संचालित की जा रही हैं। एक ओर असहाय महिलाओं को सहयोग प्रदान करने हेतु पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही हैं, तो दूसरी ओर शारीरिक रूप से अक्षम महिलाओं के लिए भी कई योजनाएं संचालित हैं। विभाग का दृष्टिकोण लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी संरचनात्मक एवं संस्थागत बाधाओं को दूर कर एक न्यायसंगत पूर्वाग्रह मुक्त समाज का सृजन कर महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त बनाना है। महिलाओं की समानता के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने हेतु समाज की भागीदारी और सहयोग आवश्यक है।

आइये, आज हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि राज्य में महिला सशक्तिकरण हेतु किये जा रहे समेकित प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एक सशक्त और समृद्ध बिहार का निर्माण करेंगे।

( मदन सहनी )
मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार

PR-025741 (B & C)D. 2025-26



संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
पर समस्त नारी शक्ति को हमारा
जोहार एवं अभिनन्दन

तू ही शक्ति, तू ही सृष्टि,
कैसे करूं तुम्हारा वंदन, तुझसे ही जग की अभिव्यक्ति!
महिला, जिनके बिना परिवार, समाज, देश और इस संसार की
कल्पना ही नहीं की जा सकती, जिनके अस्तित्व को कोई चुनौती ही नहीं दे सकता,
उन्हें सदैव नमन।

PR-374395 (IPRD) 25-26 सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार